जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



Close Shave Of The Worst Kind

Mathuralal yelled, "*Hokum*! Leopard is with two cubs." I immediately threw light to confirm.

Epic Science inside a cubic millimeter of Brain

Earth's Hottest Places

These locations often feature arid landscapes, with little to no vegetation and minimal water sources.

# कुछ ठीक ठाक नहीं लग रहा आम आदमी पार्टी में!

## आप के कई नेता व सांसद, केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शन व रैलियों में शामिल नहीं हुए

- स्वाति मालीवाल, उस समय इंगलैंड गयी हुई थीं, एक व्यक्तिगत यात्रा पर। तथा राघव चड्ढा दिसंबर में आंख के ऑपरेशन के लिये लंदन गये तथा विरोध प्रदर्शन के समय तक वापस नहीं लौटे थे।
- इन दोनों सांसदों के अलावा कई अन्य सांसद व नेता, जैसे अशोक कुमार मित्तल, जो पंजाब की लवली प्रोफैशनल युनिवर्सिटी के संस्थापक व कुलपति हैं, टैक्साटाइल एक्सपोर्टर संजीव अरोड़ा, विक्रमजीत सिंह सैनी, सन ग्रुप के मालिक तथा हरभजन सिंह ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय वक्तव्य तक नहीं दिये।
- सांसदों द्वारा पार्टी के लिये अतिमहत्वपूर्ण मुद्दे पर, चुप्पी साधना तथा स्वाति मालीवाल के साथ केजरीवाल के घर पर हुए मारपीट के प्रकरण ने इन चर्चाओं में दम भर दिया है कि, आप में सब ठीक-ठाक नहीं है तथा आप सुसंगठित मजबूत राजनीतिक इकाई नहीं है, जैसा कि, बाहर से दिखता है।
- हालांकि, केजरीवाल को विश्वास है कि, संसदीय चुनाव में एक बार इण्डिया गठबंधन के पक्ष में रिज़ल्ट आये तो "शराब खरीद बिक्री काण्ड" के बारे में उठ रहे ये सब कानूनी सवाल व चर्चाएं अपने आप जीत के नगाड़ों की आवाज में डूब जायेंगी।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मई। स्वाति मालीवाल का केस जहाँ अरविन्द केजरीवाल के प्रचार के जोश को कम करने की क्षमता रखता है, वहीं "आप" नेताओं के पार्टी छोड़ने का खतरा भी मंडरा रहा है।

समाचार के लिखे जाने के समय, दिल्ली पुलिस की टीम, दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष से मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार द्वारा पीटे जाने के आरोपों से संबंधित एक औपचारिक शिकायत दर्ज करवाने की कोशिश कर रही थी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कुमार को सुनवाई के लिए शुक्रवार को बुलाया है। भाजपा का महिला प्रकोष्ठ मालीवाल के समर्थन में "धरने" दे रहा है, वहीं, इस केस के बारे में तरह-तरह की अफवाहें और अटकलें लगायी जा रही हैं। जब तक मालीवाल खुद औपचारिक बयान नहीं देती हैं तब तक इस मामले को लेकर उठे तूफान के थमने की संभावना नहीं है।

केजरीवाल का मानना है कि, लोकसभा चुनावों में यदि "आप" और "इण्डिया गठबंधन" के लिए सकारात्मक नतीजे आए तो उनको, शराब घोटाला केस की परेशानियों से निकलने में मदद मिलेगी। "आप" पार्टी के अंदर सबकुछ सही नहीं लग रहा है।

उदाहरण के लिए, एक बड़े राजनीतिक संकट के समय, बड़ी संख्या में पार्टी के सांसद, केजरीवाल का बचाव करने आगे नहीं आए हैं। इनमें मालीवाल खुद शामिल हैं, जो कि केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल भेजने के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शनों में शामिल नहीं हो सकी थीं, क्योंकि वे एक निजी यात्रा पर इंगलैंड (यू.के.) में थी। इसी तरह से पार्टी के राज्यसभा सांसद, राघव चड्ढा, गत दिसम्बर में आँख के ऑपरेशन के लिए इंगलैंड गये थे और अभी तक वापस नहीं आए हैं। पार्टी के काफी सारे सांसद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्लोवाकिया के प्र.मंत्री को हमलावर ने पांच गोलियां मारी

ब्रातिस्लावा, 16 मई (वार्ता)। एक हमलावर ने सरकारी कार्यक्रम से लौट रहे स्लोवाकिया के प्रधानमत्री रॉबर्ट फिको को गोली मार दी। हमले के बाद प्रधानमंत्री फिको की हालत गंभीर बनी हुई है और उनकी शल्य चिकित्सा की जा रही है। उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिनक ने यह जानकारी दी।

- स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हमले के बाद हालत गम्भीर बताई जा रही है। प्र.मंत्री फिको एक सरकारी बैठक में शामिल होने के बाद कहीं जा रहे थे तभी एक हमलावर ने उन पर कई राउण्ड फायर किये।

गृह मंत्री माटस सुताज एस्टोक के अनुसार हमले को हत्या के रूप में वर्गीकृत किया गया है जिसमें बंदूकधारी ने पांच गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि हमला राजनीति से प्रेरित था। राजधानी से करीब 150 किमी उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सरकारी बैठक में भाग लेने के बाद बुधवार दोपहर को फिको घायल हो गए। 71 वर्षीय संदिग्ध को मौके पर ही हिरासत में ले लिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ई.डी. किसी भी आरोपी को न्यायालय की सहमति के बिना हिरासत में नहीं ले सकती है'

## अगर आरोपी कोर्ट के सम्मन की अनुपालना करते हुए, उपस्थित होता है, तो "मनी लॉण्डरिंग एक्ट" के अंतर्गत उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, न्यायालय की सहमति के बिना

- सुप्रीम कोर्ट ने ई.डी. के, हिरासत में लेने के अधिकार पर पाबंदी लगायी।
- इस आदेश के पहले ई.डी. को असीमित अधिकार प्राप्त थे कि, "मनी लॉण्डरिंग एक्ट" के अंतर्गत वह किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकती थी, अगर उसको लगे कि, प्राप्त सबूतों के आधार पर आरोपी दोषी माना जा सकता है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मई। सुप्रीम कोर्ट ने गुरूवार को एक ऐसा महत्वपूर्ण फैसला दिया जो कानून की उचित प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, स्पैशल कोर्ट द्वारा शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) पी.एम.एल.ए. (प्रिवैंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट) की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती।

शीर्ष अदालत ने कहा कि, ऐसी सूरत में आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए ई.डी. को पहले कोर्ट की स्वीकृति लेनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, "दण्डनीय अपराध का संज्ञान लिए जाने के बाद.... ई.डी. और उसके अधिकारी, शिकायत में आरोपी के रूप में दिखाए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए धारा 19 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में असमर्थ हैं।"

पी.एम.एल.ए. की धारा 19 के अंतर्गत ई.डी. अधिकारियों के पास, आरोपी से बरामद सामग्री और उसे दोषी बताने वाले लिखित रिकॉर्ड के आधार पर उस व्यक्ति को गिरफ्तार करने के असीमित अधिकार हैं।

महत्वपूर्ण बात यह भी है कि, एजेंसी को गिरफ्तारी के कारणों के बारे में आरोपी को हर हाल में जल्दी से जल्दी सूचना देनी होगी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि, विशेष रूप से ऐसे केसों में, जहां ई.डी. ने अपनी शिकायत फाइल किए जाने तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया हो, तो बाद में उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। उसके लिए विशेष अदालत को पहले समन जारी करने होंगे और यदि आरोपी उन सम्मनों का उचित जवाब दे देता है तो उसे फिर उसे "हिरासत में" नहीं माना जाएगा।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुयां की एक बैंच ने कहा कि, आरोपी द्वारा विशेष अदालत के सम्मनों का उत्तर दिए जाने के बाद यदि ई.डी. आरोपी को हिरासत में लेना चाहती है तो उसे इसके लिए विशेष अदालत में प्रार्थना पत्र देना होगा। कोर्ट ने आगे कहा कि, अदालत तभी हिरासत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'केजरीवाल को दी गयी अंतरिम जमानत में कोई "अपवाद" नहीं है'

- सुप्रीम कोर्ट ने गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया कि, केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना कोई "रूटीन" (साधारण) मसला नहीं है, बल्कि केजरीवाल की रिहाई का यह प्रकरण एक "स्पैशल" मामला है।
- सुप्रीम कोर्ट ने ई.डी. की इस टिप्पणी को भी नज़रअंदाज़ किया कि, केजरीवाल कह रहे हैं कि, अगर इण्डिया गठबंधन जीता तो, उन्हें पुनः जेल नहीं जाना पड़ेगा और केजरीवाल का यह वक्तव्य न्यायालय की मान हानि करना है।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि, केजरीवाल को आत्मसमर्पण करना होगा तथा सरकार कानून से चलती है, न कि, किसी के वक्तव्यों से।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मई। सरकार की इस शिकायत पर कि, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की बहुत लोगों ने आलोचना की है, सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को रिहा करने के लिए दी गई अंतरिम जमानत कोई "अपवाद नहीं है।"

निर्णय देने वाली, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बैंच ने कहा "हमने किसी के लिए कुछ अलग नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा जो हमें न्यायोचित लगा।"

दोनों न्यायाधीशों ने एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट के इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि, केजरीवाल की वो टिप्पणी अदालत की अवमानना है, जिसमें उन्होंने कहा है कि, यदि इण्डिया ब्लॉक की जीत होती है तो "उन्हें जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा।"

इस बात को मुख्यमंत्री की कल्पना मात्र बताते हुए, न्यायाधीशों ने कहा, "हमारा आदेश बिल्कुल स्पष्ट है, कि उन्हें कब "सरैण्डर" करना है। यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश है।"

साथ ही बैंच ने इस मुद्दे पर केजरीवाल की टिप्पणियों से दूरी बनाई, यह कहते हुए कि, "आदेश के आलोचनात्मक विश्लेषणों का स्वागत है।"

इस सप्ताह के आरंभ में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि, वो सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को आमतौर पर दिए जाने वाले आदेशों (रूटीन जजमैंट) की तरह नहीं देखते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि, देश में बहुत से लोगों का मानना है कि, केजरीवाल को "स्पेशल ट्रीटमैंट" दिया गया है।

केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे अभिषेक मनु सिंघवी जब मंत्री का नाम लिए बिना, इस बारे में बोले तो कोर्ट ने कहा, कि वो इस विषय पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा।

# चुनाव आयोग द्वारा मु.मंत्री शिंदे के सामान की जांच

नासिक, 16 मई (वार्ता)। महाराष्ट्र में चुनाव आयोग की एक टीम ने शिव सेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत की ओर से चुनाव प्रक्रिया में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर गड़बड़ी करने के आरोप के बाद गुरुवार को उनके सामान की जांच की।

- शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के नेता संजय राउत ने मु.मंत्री एकनाथ शिंदे पर लगाया था कि, वे बैग में भरकर पैसे बांटने के लिए ले जा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शिंदे गुरुवार को नासिक के दौरे पर थे। इसी दौरान पंचवटी में आयोग के अधिकारियों ने उनके सामान की जांच की। शिव सेना के एक नेता ने बताया कि शिंदे के हेलिकॉप्टर के लैंड करते ही पुलिस ने चुनाव अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के दोनों बैगों की जांच शुरू कर दी, लेकिन मुख्यमंत्री के बैग में कपड़े, दवाओं और आवश्यक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान इस बात का सबूत है कि, जनता सरकार के खिलाफ है'

## चन्द्रबाबू नायडू की यह मान्यता क्या पूरी तरह सत्य है?

- क्योंकि, दूसरी ओर वर्तमान मु.मंत्री जगन मोहन रेड्डी ने अपने कार्यकर्ताओं को शाबाशी देते हुए कहा कि, वे पुनः सरकार बनायेंगे अपने काम व कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण।
- पर, उल्लेखनीय बात यह है कि, भाजपा के आंध्र के प्रभारी अरूण सिंह ने चन्द्रबाबू नायडू के जीत के जयघोष का पूरा समर्थन किया।
- अगर चन्द्रबाबू नायडू का आकलन सही उतरा तो, एक बार फिर गत लोकसभा के नतीजों की भांति, इस बार भी भाजपा साऊथ इंडिया में सबसे बड़ी पार्टी का पद पायेगी।
- गत चुनाव में कर्नाटक की 29 सीटों पर विजयी होकर तथा तीस सीटों पर विजय हासिल करके भाजपा साऊथ इंडिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, क्योंकि, डी.एम.के. को तमिलनाडू में 30 सीटों में से 29 सीटें मिली थीं।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 मई। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व तेलुगू देशम पार्टी के सुप्रीमो एन. चन्द्रबाबू नायडू, जो आंध्र प्रदेश में एन.डी.ए. के गठबंधन का प्रदेश में नेतृत्व कर रहे हैं, उन्होंने प्रदेश में 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग होने का यह मतलब निकाला है कि, इतनी अधिक मात्रा में मतदान परिवर्तन के लिए हुआ है। उन्होंने यह भी कहा है कि, 4 जून को जब परिणाम आएंगे तो भ्रष्टाचारी जगमोहन रेड्डी सरकार को आंध्र प्रदेश के नाराज़ मतदाता बाहर का रास्ता दिखा देंगे।

संयोगवश, आंध्र प्रदेश में भाजपा के पदाधिकारियों ने भी ऐसी ही भावनाएं व्यक्त की हैं और कहा कि, इस विभाजित प्रदेश में एन.डी.ए. की भारी लहर है और लोकसभा चुनावों में भी एन.डी.ए. महत्वपूर्ण संख्या में जीत दर्ज करेगा।

कर्नाटक में भाजपा को चुनावों में जो भी नुकसान होगा, उसकी भरपाई वो आंध्र प्रदेश में मिले लाभ से कर लेगी, और शायद यही कारण है कि, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह भविष्यवाणी कर रहे हैं कि, भाजपा चुनावों के बाद दक्षिण भारत में एक अकेली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर सामने आएगी, जो सत्य भी साबित हो सकता है।

पिछली बार भी 2019 के आम चुनावों में भाजपा ने कर्नाटक व तेलंगाना में 29 सीटों पर अपनी जीत दर्ज की थी और इस तरह अकेली सबसे बड़ी पार्टी बन गई थी, क्योंकि उसने कर्नाटक में एक निर्दलीय उम्मीदवार को भी समर्थन दिया था, जिससे कुल मिलाकर दक्षिण भारत में इसके सांसदों की संख्या 30 हो गई थी। जबकि डी.एम.के. की सीटें भी 30 से कम थीं, और कांग्रेस की भी केरल, तमिलनाडू व तेलंगाना में जीत के बाद भाजपा के बराबर सीटें ही थीं।

परन्तु माना जा रहा है कि, इस बार के चुनावों में भाजपा को कर्नाटक के चुनावों में बड़ा नुकसान हो सकता है। आंध्र प्रदेश में चुनाव विश्लेषक गठबंधन को अच्छी विजय मिलने की भविष्यवाणी कर रहे हैं, जिसमें भाजपा को उस राज्य में भी सीटें मिलती हुई बता रहे हैं जहां उसकी एक भी लोकसभा सीट नहीं है।

यहाँ तक कि, विधानसभा चुनावों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ममता बनर्जी पर भरोसा नहीं कर सकते'

नई दिल्ली, 16 मई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बाहर से समर्थन देने के बयान को लेकर देश की सियासत गर्म है। ममता के बयान पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी पर मुझे भरोसा नहीं है। वह गठबंधन छोड़कर भागी थीं। वह बी.जे.पी. में भी जा सकती हैं। अधीर रंजन चौधरी ने कहा, वह अब जमीनी हकीकत को समझ रही है कि मतदाता

- लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि, ममता बनर्जी चुनाव नतीजों के बाद एन.डी.ए. या इंडिया किसी भी साइड जा सकती हैं उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बीसलपुर बांध में "तलछट हटाने" के कार्य शुरू करने पर आर.एस.पी.सी.बी. ने रोक लगाई

- नवंबर, 2023 में एन.जी.टी. (नैशनल ग्रीन ट्रिब्युनल) के आदेशों की पालना करते हुए राजस्थान स्टेट पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (आर.एस.पी.सी.बी.) ने कहा कि निविदाधारक कंपनी के पास पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिये कोई आधार नहीं है और ना ही उसने "इम्पैक्ट असैस्मैंट" कराया है।
- एन.जी.टी. ने उक्त मामले में कहा था कि, किसी भी बांध अथवा जलाशय से गाद या तलछट हटाने (डीसिल्टिंग) की प्रक्रिया को शुरू करने से पहले 2006 के पर्यावरणीय कानून के नियमानुसार स्वीकृतियां प्राप्त करना अनिवार्य है।
- एन.जी.टी. ने अपने आदेश में यह भी माना था कि, बीसलपुर बांध में "डीसिल्टिंग" की आड़ में बजरी खनन करने का अनुबंधन किया गया है।

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 16 मई। राजस्थान स्टेट पोलूशन कंट्रोल बोर्ड (आर.एस.पी.सी.बी.) ने बीसलपुर बांध और उससे जुड़े जलाशयों को "डीसिल्ट" यानी गाद को हटाने के दिये गये टैंडर के अनुसार कार्य करने पर रोक लगा दी है। बोर्ड ने अपने आदेश में कहा कि, उक्त कार्य को करने वाली कंपनी, मैसर्स एन.जी.गढिया ने पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिये कोई कदम नहीं उठाये जबकि 15 फरवरी 2024 को उनको क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा बता दिया गया था कि, उनके द्वारा टैंडर का कार्य शुरू करने के लिये दिये आवेदन में काफी कमियां हैं। बोर्ड के आदेश में यह भी लिखा है कि, उक्त कंपनी का नया आवेदन तभी स्वीकार किया जायेगा जब वह उसके द्वारा पर्यावरणीय 'इम्पैक्ट असेसमेंट' रिपोर्ट साक्ष्यों और तथ्यों के साथ में पेश करेगी।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यह आदेश नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) के आदेश की पालना करते हुए दिये हैं जिसमें स्पष्ट कहा है कि बीसलपुर डैम में 'डीसिल्टिंग' के नाम पर बजरी खनन किया जा रहा है और उक्त क्षेत्र में 'डीसिल्टिंग' करने से पूर्व कंपनी को सभी तरह के पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्राप्त करनी होंगी।

उक्त मामले के याचिकाकर्ता एवं पत्रकार दिनेश बोथरा ने सबसे पहले एन.जी.टी. का दरवाजा तब खटखटाया था जब पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान नवम्बर 2022 में ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ई.आर.सी.पी.सी.एल.) द्वारा बीसलपुर बांध और उससे जुड़े जलाशयों में नदी के पानी के बहाव के साथ, उसके तल पर जमा हो रही मिट्टी और तलछट को हटाने के लिये निविदा आमंत्रित की गई थी।

उल्लेखनीय है कि, ई.आर.सी.पी.सी.एल., जिसके नाम से ही प्रतीत होता है कि वह ईस्टर्न कैनाल प्रोजेक्ट को विकसित करने के लिये गठित एक सरकारी कंपनी है, परंतु यह कंपनी जो तत्कालीन जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय के आदेशों पर गठित की गई थी, वह बीसलपुर डैम में बन रही तलछट और गाद को हटाने के टैंडर जारी कर रही थी। टैंडर जारी करते समय ई.आर.सी.पी.सी.एल. द्वारा कहा गया था कि, बीसलपुर बांध और उसके जलाशय पीने के पानी की सप्लाई करने के लिये बनाये गये हैं और अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं देने के लिये बनाये गये हैं, इसलिये इस बांध की जरूरत पड़ने पर 'डीसिल्टिंग' करना आवश्यक है, ताकि इसका भराव क्षेत्र बरकरार रहे। ई.आर.सी.पी.एल. ने जलशक्ति मंत्रालय की एक रिपोर्ट को आधार बनाया है जिसमें तलछट के 'मैनेजमेंट' के विषय में राष्ट्रीय स्तर पर गाइड लाइन तय की गई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर उक्त कंपनी ने एक रिपोर्ट तैयार की जिसमें कहा गया कि, बीसलपुर बांध में डीसिल्टिंग 'नॉन रेवेन्यू' (यानी गैर राजस्व) मॉडल पर किया जा सकता है। यहां गौर फरमाने योग्य है कि, याचिकाकर्ता दिनेश बोथरा इस मामले को एन.जी.टी. में इसलिये चुनौती दी क्योंकि उनका कहना था कि, उक्त टैंडर में 'डीसिल्टिंग' के नाम पर बजरी खनन करने की अनुमति दी जा रही है।

उन्होंने अदालत को कहा कि पर्यावरणीय स्वीकृतियों से संबंधित 2006 के नियम यह दर्शाते हैं कि किसी तरह के 'डिसिल्टिंग' करने से पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्राप्त करनी जरूरी होती हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि स्वयं ई.आर.सी.पी.सी.एल. की रिपोर्ट दर्शाती है कि उसे एक फीज़ीबिलिटी (व्यवहार्यता) रिपोर्ट तैयार करनी चाहिये जिससे उसे पता चले कि नदी तल से मिट्टी और गाद हटाने में कॉर्पोरेशन को क्या आर्थिक फायदा मिल सकता है क्योंकि इस मिट्टी का निर्माण कार्य व अन्य व्यवसायों में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने एन.जी.टी. को बताया कि, निविदा के दस्तावेजों में भी लिखा गया है कि, गाद निकालकर इकट्ठा करने के बाद निविदाधारक उस गाद का कॉमर्शियल उपयोग करने के लिये स्वतंत्र हैं। उन्होंने यह भी बताया कि, निविदाधारक ई.आर.सी.पी.सी.एल. के साथ भी मिट्टी की बिक्री से कोई भी लाभ अर्जित करने पर उसके साथ साझा कर सकता है, परंतु निविदाधारक और कंपनी के बीच ऐसा कोई सुविचारित समझौता नहीं है।

एन.जी.टी. ने सभी तथ्यों को समझने के बाद माना कि, बीसलपुर बांध में "डीसिल्टिंग" की प्रक्रिया के बाद इकट्ठा की गई मिट्टी को व्यवसायिक उपयोग के लिये बेचा जा सकता था। एन.जी.टी. ने अपने आदेश में यह भी माना कि "डीसिल्टिंग" की प्रकिया शुरू करने से पूर्व निविदाधारक कंपनी मैं.एन.जी.गढिया को पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्राप्त करनी चाहिये। इसके साथ ही एन.जी.टी. ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कहा था कि, वह मामले में सुनिश्चित करे कि, सभी नियमों का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

एकांत मूर्ख के लिए कैदखाना है और ज्ञानी के लिए स्वर्ग। –अज्ञात

# केजरीवाल की गिरफ्तारी व बेल की शर्तों के अनुवसार NCT का प्रशासन कानूनानुसार नहीं चलाया जा रहा है अत: अनुच्छेद 237 AB के अनुसार समीचीन शासन व्यवस्था है

भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत की आबादी चीन की आबादी को चुनौती दे रही है। भारत शब्द का अर्थ है, भा रत अर्थात् धर्म में लीन रहने वाला देश। यह धर्म प्रधान देश है। सही अर्थों में यह लोकतंत्र है, जहां प्रत्येक नागरिक को अपने अपने धर्म को मानने, पूजा करने व आराधना का मूल अधिकार है। समता और समानता की पवित्रता को कोई धर्म समझता है तो वह देश भारत है। भाजपा व एनडीए के ग्रुप के विरोध में जो संयुक्त संगठन है उसे INDIA कहा गया है। अंग्रेजों ने भारत को INDIA कहा था। तत्समय की ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में INDIA का अर्थ दिया, वह देश जहां के लोग अशिक्षित हैं आपराधिक प्रवृति के हैं।

शराब घोटाले के मामले में ईडी ने 21 मार्च 2024 को केजरीवाल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद 51 दिन बाद उन्हें अंतरिम जमानत मिली। यह जमानत सशर्त थी। उन्हें 50 हजार का व्यक्तिगत मुचलका भरना होगा। वे सीएम दफ्तर में नहीं जायेंगे। उपराज्यपाल की मंजूरी बिना किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। रिहा होने के बाद वे केस के गुण दोष पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। किसी गवाह से सम्पर्क नहीं करेंगे। मुख्य शर्त थी वे 2 जून को स्वयं अपने को ईडी के सुपुर्द करेंगे। ईडी के विरोध के उपरान्त उन्हें अन्तरिम जमानत दी गई। उन्हें जमानत इसलिये दी गई कि देश में आम चुनाव होने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी। केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। अपनी संस्था आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया (संयोजक) थे। वे इण्डिया अलायन्स के एक भाग हैं। उनकी 'आप' ने 22 उम्मीदवार पांच राज्यों में उतारे हैं। चुनाव में वे भी एक नेशनल लीडर हैं। भारत में चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व की तरह होता है इनमें लगभग 650-700 मिलियन्स वोटर्स भाग लेंगे, जबकि सम्पूर्ण इलेक्टोरेट 970 मिलियन्स का है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव की इस घटना को Most significant and an important event माना है। अन्तरित बेल के आदेश से केस के मेरिट का कोई संबंध नहीं है। माननीय न्यायालय ने चुनावों को महापर्व माना है और यह कहा है कि राजनीति में काम करने वालों के लिये इस पर्व में भागीदार होना आवश्यक है, यह स्वयं में केजरीवाल को प्रचार का अधिकार देता है। ईडी के सुयोग्य अधिवक्ता तुषार मेहता के इस कथन को सुप्रीम कोर्ट ने मानने से इन्कार किया है कि केजरीवाल को प्रचार करने की अनुमति देना पर उन सभी व्यक्तियों को भी जमानत देनी होगी जो चुनावों में भाग लेने को उत्सुक हैं।

कानून में असहमति को प्रगति का सूचक माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट के अधिकांश बडे निर्णय इस बात को उजागर करते हैं कि अल्पमत के निर्णय ने ही बडी पीठ के निर्णय को देश का कानून बनाया है। केजरीवाल के दिनांक 10.5.2024 के आदेश के बाबत विद्वानों की अलग अलग राय है। इसे समझने के लिये हम पेरोल (Parol) शब्द के अर्थ की व्याख्या करें, जिसका अर्थ है, किसी बंदी व्यक्ति को उसकी सजा की अवधि पूरी होने के पहले की अस्थाई रूप से रिहा करना। पेरोल की अवधि समाप्त होते ही व्यक्ति को अपने को सरेन्डर करना होता है केजरीवाल के केस में भी यही स्थिति है उन्हें 2 जून 2024 को सरेन्डर करना होगा। पेरोल साधारण रूप से शादी, परिवार में मृत्यु, बीमारी आदि के मामलों में दिया जाता है। अन्तरिम बेल इस घटना को इसलिये कहा गया है कि केस में अभियुक्त को दोषी अभी नहीं माना गया है। केजरीवाल के केस में संसद के चुनावों को बहुत महत्व दिया है और गिरफ्तारी पर उंगली उठाई है कि केजरीवाल को उस समय गिरफ्तार किया गया जब चुनावों की घोषणा हो चुकी थी।

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष चन्द्राबाबू नायडू के केस को भी रखा गया। उस केस में चन्द्राबाबू को जमानत दी गई थी, इस शर्त के साथ ही चन्द्राबाबू चुनावों में भाग नहीं लेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस शर्त को गलत माना और शर्त को हटा दिया। केजरीवाल के केस में माननीय कोर्ट ने कहा कि 21 दिन का समय जो केजरीवाल को प्रचार के लिये दिया है वह कोई भारी अन्तर पैदा कर देगा यह समझ में नहीं आता। केजरीवाल का कोई क्रिमिनल रेकार्ड भी नहीं है और न वे ऐसे व्यक्ति हैं, जो सोसायटी के लिये खतरा हों। इसे भी महत्व दिया गया कि केस में गिरफ्तारी ही को चुनौती दी गई है।

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि केजरीवाल सीएमओ दिल्ली सेक्रेटेरियट नहीं जावेंगे न वे हस्ताक्षर करेंगे। यह भी कह दिया कि वे केस के मेरिट पर अपना मुंह नहीं खोलेंगे।

केजरीवाल के विरूद्ध जो आरोप लगाया है उस अपराध में जमानत नहीं दी जा सकती। साथ ही आरोपी के विरूद्ध यह साबित करने का भार है कि उसके कोई अपराध नहीं किया। ईडी का केस है कि जब केजरीवाल को समन भेजे गये थे उन्हें अभियुक्त रूप में आरोपित नहीं किया था। बाद में अब जाँच की कार्यवाही में पर्याप्त सबूत मिले हैं जिससे केस उनके विरूद्ध बनता है और साबित होता है कि रिश्वत की राशि का उपयोग कहां-कहां हुआ है। के कविता के विरूद्ध धारा 45 व 44(1) पीएमएलए के तहत् चार्जेज हैं। कविता 4 अन्य अभियुक्तों के साथ हैं।

> **केस में केजरीवाल को जो समन भेजे गये उस समय तक वे आरोपी नहीं थे, उनके विरूद्ध आरोपी की बात केस में जांच की कार्यवाही के दौरान जानकारी में आई और ईडी ने स्पष्ट शब्दों में कहा उनके पास पर्याप्त सबूत हैं। रिश्वत के रूपयों को कहां-कहां उपयोग हुआ उसकी जानकारी उपलब्ध है।**

अभी तक जो बहस खण्डपीठ (सुप्रीम कोर्ट) के समक्ष हुई वह कुछ मार्ग भटक गई थी और बहस मुख्य तौर पर अन्तरिम जमानत पर सिमिट कर रह गई। मुख्य बहस तो होनी शेष है।

दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के विरूद्ध यह अपील है, जिसकी सुनवाई माननीय न्यायालय कर रहा है। हाईकोर्ट का विस्तृत आदेश है, तत्थ्यात्मक विवेचन है उसके तर्कों को खण्डित करना कठिन होगा, क्योंकि आदेश दुर्भावनापूर्ण नहीं कहा जा सकता और न वह झीना ही है। साधारणत: सर्वोच्च न्यायालय, हाईकोर्ट के निर्णय को उसी समय निरस्त करता है जब केस में संविधान के निर्वचन के बारे में विधि का कोई सारवान प्रश्न अन्तर्वलित हो। केस में इस आधार पर चुनौती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी रूप से सर्वथा अधिकार शून्य थी और केस में व्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकार के संरक्षण का प्रश्न है।

केस में केजरीवाल को जो समन भेजे गये उस समय तक वे आरोपी नहीं थे, उनके विरूद्ध आरोपी की बात केस में जांच की कार्यवाही के दौरान जानकारी में आई और ईडी ने स्पष्ट शब्दों में कहा उनके पास पर्याप्त सबूत हैं। रिश्वत के रूपयों को कहां-कहां उपयोग हुआ उसकी जानकारी उपलब्ध है। ईडी ने केजरीवाल के विरूद्ध सप्लीमेन्टरी जार्चशीट भी पेश करने की बात माननीय न्यायालय के समक्ष कही है। कहने का अर्थ है केस में कई मुद्दों पर अभी तक सारभूत बहस नहीं हुई है। ईडी आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनायेगी।

एक बहुत ही महत्वपूर्ण तथ्य की ओर लेखक ध्यान आकर्षित करना चाहेगा। इस केस को शराब घोटाले का शीर्षक दिया गया है। इस केस को केजरीवाल की नई शराब नीति का नाम भी दिया गया है। संविधान के अनुच्छेद 47 को शराब बंदी के कानून का प्रावधान के रूप में माना जाता है। इस प्रकार शराब बेचकर अधिक लाभ अर्जित कर राज्य के लिये राजस्व प्राप्त करना इसका उद्देश्य नहीं हो सकता, जबकि केजरीवाल की शराब नीति का मूल भाव तो यही था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया है कि कल्याणकारी राज्य शराब की आय से राजस्व नहीं कमा सकता। इस प्रकार केजरीवाल की नई शराब की नीति संविधान के नीति निदेशक तत्वों के विरूद्ध थी, अवैध थी और इसे क्रियान्वित करना संविधान का अपमान ही माना जावेगी। नई शराब नीति का मुख्य उद्देश्य था कि दिल्ली में अधिक से अधिक शराब बेची जावे। शराब को खरीदने वालों को प्रोत्साहन दिया गया कि उन्हें एक बोतल खरीदने पर दूसरी बोतल फ्री दी जावेगी। एक क्रेट (पेटी) खरीदने पर दूसरा क्रेट फ्री दिया जावेगा। दिल्ली की गली-गली में शराब की दुकानें खोली गईं। कहते हैं नकली शराब का धन्धा भी पनपा। दिनांक 17 नवम्बर 2021 को नई एक्साईज पोलिसी लागू हुई। शराब बिक्री के नियम भी बदले गये। नई पोलिसी के तहत शराब स्टोर्स को अधिकार दिया कि ग्राहक को लुभाने के लिये वे गिफ्ट और डिस्काउन्ट दे सकते हैं। शराब का यह कार्य एक प्रकार से निजी हाथों में दे दिया गया। शराब की खुदरा बिक्रेता कम्पनियों से शराब की बिक्री से पूर्व ही लाइसेंस शुल्क के रूप में 300 करोड रूपये ले लिये। वे एमआरपी रेट से नीचे भी शराब बेच सकते थे नई नीति से राजस्व में 3500 करोड रूपये का मुनाफा होने की बात कही।

विवाद उठा केजरीवाल ने पुरानी शराब नीति पुन: चालू कर दी, क्योंकि दिल्ली के एलजी ने सीबीआई जांच कराने की मांग कर दी। कथित शराब घोटाले का खुलासा 08.07.2022 को मुख्य सचिव ने अपनी रिपोर्ट में दिया। 18 अगस्त 2022 को ईडी ने मनी लोन्ड्री का मामला दर्ज किया। इसी मामले में जानकारी के लिये ईडी ने समन द्वारा केजरीवाल को बुलाया था। इसी में आप के कई नेता गिरफ्तार हुये और बाद में केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। शराब का व्यापार जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक अनैतिक माना गया है। धर्म ग्रन्थों में शराब को पाप की जननी कहा है।

संविधान में शराब बंदी लागू करने का कर्त्तव्य सरकार का है; चूंकि शराब स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है इसका व्यापार निषेध किया गया है। शराब बंदी का अर्थ है, 'शराब पीने की मनाही', किन्तु केजरीवाल की शराब नीति थी, शराब को बेचो, पिलाओ, राजस्व कमाओ और जनता को मरने के लिये छोड दो। फौजदारी विशेष अदालत में यह केस प्रारम्भिक स्थिति में चल रहा है। इसी में केजरीवाल को अन्तरिम जमानत पर छोडा गया है, इस शर्त के साथ कि वह 2 जून 2024 को सरेन्डर कर देगा। एक प्रकार से केजरीवाल को मुख्यमंत्री के सभी अधिकारों का प्रयोग करने से रोक दिया गया है। फलस्वरूप राज्य का सारा काम रूक गया है। एमरजेन्सी की स्थिति बनी हुई है। साधारण रूप से सीएम को त्याग पत्र देना चाहिये जैसा सोरन ने किया। केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिकायें पेश हो चुकी हैं, किन्तु माननीय सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी, यह कह कर कि यह न्याय क्षेत्र का मामला नहीं है यह एक प्रशासनिक कार्यवाही है, जो एलजी के अधिकार क्षेत्र में विचारणीय हो सकता। पिटीशनर ने अपनी पिटीशन में कहा है, चूंकि केजरीवाल अन्तरिम बेल पर हैं और गिरफ्तारी के कारण वे अनुच्छेद 239 एए(4), 167(बी), 167(सी) के तहत् अपने दायित्व को निभाने में असमर्थ है अत: वे मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते। एलजी (उपराज्यपाल) स्वयं भी मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में अपने दायित्वों को जो अनुच्छेद 167(सी) में दिये हैं, उनका निर्वाहन नहीं कर सकते। अत: दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करने हेतु उचित कदम उठाये जा सकते हैं। केजरीवाल बेल पर हैं और बेल की शर्त के अनुसार चुनाव प्रचार कर रहे हैं इसलिये 4 जून, 2024 के बाद समय और उचित परिस्थिति को देखकर समीचीन कार्यवाही की जावे।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है तालछापर कृष्ण मृग अभ्यारण्य

## स्टाफ की कमी से अभ्यारण्य के रखरखाव, पर्यटकों की सुविधा एवं वन्य जीवों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है

**सुजानगढ़,** (कासं)। ताल छापर का विश्व प्रसिद्ध कृष्ण मृग अभ्यारण्य स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। स्टाफ की कमी के कारण अभ्यारण्य के रोजमर्रा के कामों को पूरा करने में ही परेशानी हो रही है तथा अभ्यारण्य के रखरखाव, पर्यटकों की सुविधा एवं वन्य जीवों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। अभ्यारण्य में एक क्षेत्रिय वन अधिकारी है, जिनके पास ताल छापर का अतिरिक्त चार्ज है, वहीं दो सहायक वनपाल हैं। लेकिन वन रक्षक एवं वनपाल यहां पर नहीं है।



**सुजानगढ़ का ताल छापर कृष्ण मृग अभ्यारण्य।**

जानकारी के अनुसार यहां इस समय 8 से 10 कर्मचारियों की कमी है। कर्मचारियों की कमी के कारण अभ्यारण्य का प्रभावित हो रहा है। डीएफओ भवानी सिंह ने स्टाफ की कमी स्वीकार करते हुए कहा कि आचार संहिता हटने के बाद कुछ स्टाफ की पूर्ति कर दी जाएगी। इसके बाद सभी पदों पर स्टाफ पूरा करने की उम्मीद भी जताई।

तालछापर कृष्ण मृग अभ्यारण्य करीब 800 हेक्टेयर में फैली हुआ है, जो काले हिरणों के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। काले हिरणों की संख्या लगातार बढते रहने के कारण दूसरी जगह छोड़े जाने के हाईकोर्ट के निर्देश के बाद निकटवर्ती जसवंतगढ़ में भी 600 हेक्टेयर में एक ग्रासलैंड तैयार किया जा रहा है।

तालछापर अभ्यारण्य में करीब 5000 काले हिरण और 150 चिंकारा समेत सैंकडड़ें दूसरे जानवर भी पाए जाते हैं। इनमें भारतीय लोमड़ी, मरू लोमड़ी, जंगली सूअर, नीलगाय, जंगली बिल्ली,

> ■ **अभ्यारण्य में एक क्षेत्रिय वन अधिकारी है, जिनके पास ताल छापर का अतिरिक्त चार्ज है, वहीं दो सहायक वनपाल हैं**

मरू बिल्ली, मॉनिटर लिजार्ड समेत कई जानवर शामिल है। यहां 300 से ज्यादा प्रजातियों के देसी विदेशी पक्षी भी पाए जाते हैं, जिनमें से कई पक्षी दुर्लभ है।

इन्हें देखने के लिए दुनिया भर से पक्षी प्रेमी यहां आते हैं। पिछले एक साल में यहां करीब 8 हजार पर्यटक आए। अभ्यारण्य भ्रमण के लिए पर्यटक ऑनलाइन बुकिंग भी करवा सकते हैं।

# तीन माह से भुगतान नहीं मिलने पर महिला मनरेगा मजदूरों ने हंगामा किया

**कानोड़,** (निसं)। नगर पालिका परिसर में एक साथ पहुंची दर्जनों महिला मनरेगा मजदूरों ने हंगामा खड़ा कर दिया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि इस तेज गर्मी में काम करने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं करने की धमकियां दी जा रही है जो गलत है। बीते तीन महीने से उन्हें भुगतान भी नहीं मिला है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका के अतिरिक्त जेईएन रसेल सिंह पंवार मनरेगा कार्य स्थल डुमरी तलाई व कंडेला तालाब पर जाकर मनरेगा मजदूरों से काम सही नहीं करने पर 20 रूपए भुगतान होने की बात कही। वहीं मेट को भी फटकार लगाई जिस पर नरेगा मजदूर आक्रोशित हो गए और काम छोड़कर नगर पालिका पहुंचकर पालिका कार्मिकों को जमकर खरी-खोटी सुनाई, पालिका में हंगामे की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार रणजीत यादव नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया तो महिलाओं ने उनके समक्ष भी आक्रोश प्रकट करते हुए आपबीती बताई, जिस पर तहसीलदार रणजीत यादव ने महिला मजदूरों की समस्या का समाधान के लिए संबंधित कर्मचारी को जमकर लताड़ लगाते हुए पाबंद किया। महिला मजदूरों ने तीन माह से भुगतान नहीं होने की शिकायत भी तहसीलदार के समक्ष की जिस पर तहसीलदार ने पालिका कार्मिकों से सवाल किया। इस दौरान पूर्व पालिका पार्षद कोमल कमरिया सहित स्थानीय लोग भी पहुंचे और नरेगा मजदूरों की समस्या को लेकर अधिकारियों से चर्चा की।

मनरेगा जेटीए जयराम मीणा से जब तहसीलदार रंजीत यादव ने सवाल जवाब किए जिस पर जेटीए मीणा ने नरेगा मजदूरों के आक्रोश को लेकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर पालिका में बीते दिनों बिना जेईएन के हस्ताक्षर के करोड़ों रुपए की राशि उठा ली गई हैं, जिस पर कोई जांच नहीं हो रही है, और मनरेगा

> ■ **मनरेगा मजदूरों ने पालिका कार्मिक पर धमकाने के आरोप लगाए**

मजदूरों के भुगतान के लिए जेईएन की जरूरत पड़ रही है जो गलत है। केवल नरेगा मजदूरों को परेशान किया जा रहा है। जेटीए जयराम मीणा ने तहसीलदार रणजीत यादव को बताया कि नरेगा कार्य पर नजर रखने के लिए एक और जेटीए बृजेश गुर्जर को लगाया गया है जिनके पास भींडर का अतिरिक्त चार्ज भी है वह एक भी बार कानोड़ नहीं आए जिन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

तहसीलदार के सवाल जवाब से गुस्साए जेटीए जयराम मीणा ने कहा कि मैं आज ही अपने पद से इस्तीफा देता हूं ऐसी नौकरी नहीं करनी, केवल मुझे परेशान करने के लिए पालिका के कुछ लोगों को द्वारा षड्यंत्र किया जा रहा है। मनरेगा मजदूर विधिवत कार्य कर रही है किसी प्रकार की कोई समस्या बीते लंबे समय से नहीं आ रही है। जिस पर तहसीलदार रणजीत यादव ने कहा कि आप अपना इस्तीफा अपने अधिकारियों या संबंधित को दें इससे हमारा कोई संबंध नहीं है। शिकायत आएगी तो आपको कहना पड़ेगा।

आक्रोशित लोगों का कहना था कि नगर पालिका में कर्मचारी गुटों में बटे हैं, जिसे आम जनता कार्यों को लेकर परेशान हो रही है, अधिकारी नहीं होने की वजह से एक दूसरे की कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। अतिरिक्त चार्ज पर पूर्व में भी कई गंभीर आरोप लगे हैं लेकिन संबंधित जिम्मेदार स्थाई अधिकारी की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं जिससे पालिका की व्यवस्थाएं चरमरा गई है और फिर से अतिरिक्त चार्ज विवादित कर्मचारी को देने की तैयारी चल रही है, लोगों का कहना था कि अगर ऐसा हुआ तो वह कड़ा विरोध करेंगे।

रणजीत यादव, तहसीलदार कानोड़ ने बताया कि मनरेगा मजदूरों के हंगामा की जानकारी मिलने पर मैं पालिका पहुंचा संबंधित कर्मचारियों से बात कर कार्य में कोताही नहीं बरतने के पाबंद किया है। 20 रूपये भुगतान आने की बात कहने से मजदूर आक्रोशित हो गए थे, मजदूरों का भुगतान बजट नहीं होने से लंबित होना बताया गया। समझाइश कर विधिवत कार्य शुरू करवाया।

जयराम मीणा, जीटीए नगर पालिका कानोड़ ने बताया कि जेईएन रसेल सिंह ने मुझे नरेगा मजदूरों की 20 रूपए से एमबी भरने को कहा, मैंने मना किया जिस पर उन्होंने मजदूरों को धमकाया। मनरेगा टीम के साथ षड्यंत्र चल रहा है, अपने किए गबन से बचने के लिए कैलाश मीणा मुझे फंसाने का प्रयास कर रहा है। बिना जेईएन के मनरेगा मजदूरों का भुगतान नहीं हो सकता तो फिर नगर पालिका में बीते दिनों बिना जेईएन के हस्ताक्षर के करोड़ों का भुगतान कैसे हो गया। जांच के लिए अधिकारियों को लिखूंगा।

# जसरापुर की गोचर भूमि में हो रहा अतिक्रमण, ग्रामीणों में रोष

## ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की

**खेतडी**, (निसं)। खेतडी उपखंड के जसरापुर की गौचर भूमि में अवैध रूप से अतिक्रमण कर लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गुरूवार को भारतीय किसान संघ व ग्रामीणों की ओर से एसडीएम को ज्ञापन देकर अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है।

एसडीएम सविता शर्मा को दिए ज्ञापन में बताया कि गांव के पास गौचर भूमि व जोहड़ की भूमि खाली पड़ी हुई है, जिसमें गांव के अलावा अन्य पशुओं के बैठने लिए उपयुक्त जगह है। गौचर भूमि को खाली देखकर कुछ असामाजिक लोगों द्वारा भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण कार्य व अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसको



**भारतीय किसान संघ व ग्रामीणों ने एसडीएम सविता शर्मा को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की।**

लेकर गांव के लोगों की ओर से गौचर भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने को लेकर समझाने के बाद भी भूमि माफिया लगातार गौचर भूमि पर कब्जा करने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों बताया कि गौचर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा होने से गायों को भटकना पड़ रहा है। ऐसे में गौ माता की स्थिति को देखते हुए अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में एसडीएम सविता शर्मा ने कहा कि इस मामले की जानकारी जुटाई जाएगी। यदि सार्वजनिक भूमि पर कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण या अवैध कब्जा करता पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर किसान संघ के प्रदेश मंत्री गजानंद कुमावत, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष किशनलाल, सुबेदार महेंद्र सिंह, उमराव सिंह, गणपत राम खटाणा सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद थे।

## राशिफल शुक्रवार 17 मई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 9:18 तक, व्याघात योग प्रात: 9:20 तक, कौलव करण प्रात: 8:49 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:05 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मीन, बुध-मेष, गुरू-वृष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 9:18 तक है। रवि योग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज श्री हरि जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:22 तक, लाभ-अमृत 7:22 से 10:43 तक, शुभ 12:23 से 2:03 तक, चर 5:24 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:04

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक अड़चनें अभी यथावत बनी रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**तुला**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य से बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# लापरवाह अफसरों से नाराज विधानसभा अध्यक्ष देवनानी

## 20 मई को लेंगे अफसरों की क्लास, सी.एस. सहित सचिव तक रहेंगे मौजूद

- **15वीं और 16वीं विधानसभा के विभिन्न सत्रों के प्रश्नों, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण प्रस्तावों और विशेष उल्लेख प्रस्तावों के उत्तर तथ्यात्मक सूचनाएं अभी तक लम्बित हैं। लम्बा समय बीतने के बाद भी लम्बित प्रस्तावों और आश्वासनों की वांछित तथ्यात्मक जानकारी विधानसभा सचिवालय को नहीं भिजवाई जा रही है। इनमें कुछ मामले तो लम्बे समय से विभागों में अटके हुए हैं। देवनानी अफसरों की इस प्रकार की लापरवाही से खासे नाराज हैं।**

**जयपुर।** विधानसभा सत्र के दौरान सरकारी अधिकारियों के द्वारा सत्र में लगने वाले ध्यानाकर्षण और प्रस्तावों के जवाब समय पर नहीं दे रहे हैं। अफसरों की इस लापरवाही पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी नाराज हैं। इसी कारण से विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने इस मामले को लेकर अब मुख्य सचिव सहित सभी विभागों के सचिव तक अफसरों की क्लास 20 मई को विधानसभा में सुबह 11 बजे लेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद 16वीं राजस्थान विधानसभा का सत्र जून या जुलाई में शुरू होगा। यह बात दूसरी है कि 15वीं और 16वीं विधानसभा के विभिन्न सत्रों के प्रश्नों, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण प्रस्तावों और विशेष उल्लेख प्रस्तावों के उत्तर तथ्यात्मक सूचनाएं अभी तक लम्बित है। लम्बा समय बीतने के बाद भी लम्बित प्रस्तावों और आश्वासनों की वांछित तथ्यात्मक जानकारी विधानसभा सचिवालय को नहीं भिजवाई जा रही है। इनमें कुछ मामले तो लम्बे समय से विभागों में अटके हुए हैं।

देवनानी अफसरों की विधानसभा प्रस्तावों लेकर इस प्रकार की लापवारवाही से खासे नाराज हैं। मानसून सत्र से पहले बकाया लम्बित मामलों को पूरा करने के लिए विधानसभा सचिवालय की ओर से राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत को बताया जा चुका है। इसके बाद हाल ही आठ मई को विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत को पत्र लिखकर विधानसभा को सूचनाएं समय पर नहीं करवाने के मामले में अध्यक्ष वासुदेव देवानी की नाराजगी के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही 20 मई की बैठक और 16वीं विधानसभा के लम्बित प्रश्न, ध्यानाकर्षण और आश्वासनों पर विशेष ध्यान देकर उनका निस्तारण करवाने के निर्देश दिए हैं। देवनानी को इस बात को लेकर भी नाराजगी जताई कि लम्बा समय गुजरने के बाद भी अफसर विधानसभा को जानकारी नहीं देते हैं। अब 20 मई को होने वाली बैठक में अफसरों को लम्बित मामलों को लेकर व्यक्तिश: उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव विधानसभा सचिवालय आने के लिए कहा है। सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी लेंगे अफसरों की क्लास विधानसभा प्रस्तावों-आश्वासनों को लेकर लापरवाही का मामला देवनानी 20 मई को सुबह 11 बजे विधानसभा में लेंगे महत्वपूर्ण बैठक बैठक में मुख्य सचिव, सभी विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव होंगे शामिल जून-जुलाई में होने वाले मानसून सत्र से पहले महत्वपूर्ण बैठक आयोजित लम्बित प्रस्तावों, आश्वासनों की लम्बे समय बाद भी नहीं दे रहे हैं।

## बेहतर ढंग से अंग्रेजी शिक्षा लागू करेगी भाजपा : पारीक

**जयपुर,** (का.सं.)। अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को हिन्दी मीडियम में बदलने की चर्चाओं के बाद कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज कसते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने राज्य में बिना शिक्षक, बिना विद्यालय भवन और बिना आधारभूत ढांचे के अंग्रेजी स्कूल शुरू कर शिक्षण व्यवस्था को मजाक बना दिया था। अब भाजपा सरकार राज्य में अंग्रेजी शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए इसे बेहतर ढंग से लागू करेगी। उन्होंने कांग्रेस के प्रदर्शन पर कहा कि गुटो में बंटी कांग्रेस के नेता अपना अस्तित्व और साख बचाने के लिए बचाने धरने प्रदर्शन की राजनीति कर रहे है।

वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दिनरात मेहनत कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक ने कहा कि कांग्रेस का प्रदर्शन सिर्फ राजनीतिक स्टंट है और राज्य की भजनलाल सरकार और भाजपा कभी भी अंग्रेजी स्कूलों के विरोध में नहीं है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस सरकार ने बिना ठोस नीति के जल्दबाजी में योजना चलाई उसे हमारी सरकार बेहतर ढंग से लागू करेगी।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सिक्किम से सीख लें : कलराज मिश्र



राजभवन में गुरुवार को सिक्किम का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान सिक्किम के स्थानीय जनों से संवाद किया और उन्हें स्थापना दिवस की बधाई दी।

**जयपुर,** (का.सं.)। राजभवन में गुरुवार को सिक्किम का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान सिक्किम के स्थानीय जनों से संवाद किया और उन्हें स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का यह प्रदेश प्राकृतिक दृष्टि से ही संपन्न नहीं है बल्कि भारत की सनातन संस्कृति का भी संवाहक हैं। उन्होंने सिक्किम राज्य के इतिहास और संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि 16 मई को यह भारत का 22वां राज्य बना। प्रकृति की सुंदरता संजोए यह धरती का दूसरा स्वर्ग है।

राज्यपाल ने सिक्किम को घाटियों, वन और नदियों का प्रदेश बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए किए वहां के कार्यों से सीख लेने का भी आव्हान किया। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला जैविक प्रदेश है और जिस तरह से स्थानीय लोगों ने सिक्किम की प्रकृति संरक्षण परम्पराओं को सहेज रखा है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है।

मिश्र ने आरंभ में संविधान की उद्देशिका का सभी को वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। उन्होंने कहा कि संविधान पवित्र ग्रंथ भर नहीं है बल्कि यह भारत की गीता, कुरान और बाइबिल है। उन्होंने संविधान में निहित अधिकारों के साथ कर्तव्यों के लिए भी सभी को सजग रहने का आ ान किया। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे भगवान श्री राम, श्री कृष्ण, बुध, गुरु गोविन्द सिंह आदि के चित्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की विविधता में एकता की संस्कृति का संविधान संवाहक है। सिक्किम के स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर राज्यपाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

## 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**जयपुर।** जानकी नवमी पर जयपुर शहर में सेवा भारती समिति राजस्थान के तत्वावधान में अनूठा एवं भव्य सामूहिक सर्वजातीय विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एक ही मण्डप के नीचे अलग-अलग जाति के दूल्हा-दूल्हन परिणय सूत्र में बंधे। 45 जोड़ों का विवाह भारतीय संस्कृति के अनुरूप विधि विधान से सम्पन्न हुआ। इस विवाह समारोह में 7 अन्तरजातीय सहित कुल 15 जातियों के जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इसमें एक वर द्वारा विधवा से शादी की जो कि समाज के लिए एक उदाहरण भी था। सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह के माध्यम से सामाजिक समरसता, सादगी, समर्पण का दृश्य देखने को मिला। जहाँ आधुनिकता के चलते लोग लाखों रूपये खर्च करते है वहीं इस विवाह से सादगी का एक उदाहरण मिला।

एक साथ 45 घोड़ियों पर दूल्हों की निकासी अग्रवाल केटर्स, विधाधर नगर से प्रारम्भ होकर विवाह स्थल पहुंची, द्वार पर दूल्हों का स्वागत महिला कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा से किया गया। इसके बाद एक साथ सभी ने तोरण मारने की परम्परा का निर्वहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में वर वधु पक्ष लोगों के साथ समाज के अन्य गणमान्य नागरिक भी मोजूद रहे। तोरण के बाद सभी दूल्हा दूल्हन मंच पर पहुंचे जहां दूल्हा-दूल्हन की वरमाला संस्कार सम्पन्न कराया गया। राम जानकी विवाह समारोह में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने मंचासिन संतों को नमन किया।

# स्वतंत्रता सैनानी और पूर्व राज्यपाल कमला को नहीं मिला राजकीय सम्मान, उठा विवाद

- **राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और गुजरात सहित तीन राज्यों की पूर्व राज्यपाल डॉ. कमला बेनीवाल की अंत्येष्टि में उन्हें राजकीय सम्मान नहीं दिया गया। क्या दिल्ली के इशारे पर दिवंगत सेनानी का अपमान किया गया? या ये मानवीय भूल हुई है? स्वतंत्रता सेनानी को आखिरी सम्मान न देना क्या उचित है? सरकार जवाब दे।**
- **राहुल गांधी ने लिखा, ''देश के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण हमें सदा प्रेरित करती रहेंगी''**

**जयपुर,** (का.प्र.)। गुजरात, मिजोरम और त्रिपुरा की राज्यपाल रहीं और प्रदेश की पहली उप मुख्यमंत्री डॉ. कमला की पार्थिव देह गुरुवार को पंच तत्व में विलीन हो गई। उनकी अंतिम यात्रा मालवीय नगर स्थित उनके निवास से रवाना होकर लालकोठी मोक्षधाम पहुंची। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया. उनके बेटे आलोक बेनीवाल ने उन्हें मुखाग्नि दी, हालांकि पूर्व राज्यपाल होने के बावजूद राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार नहीं करने पर विवाद हो गया है। राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सवाल उठाए हैं।

डोटासरा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और गुजरात सहित तीन राज्यों की पूर्व राज्यपाल डॉ. कमला बेनीवाल जी की अंत्येष्टि में उन्हें राजकीय सम्मान नहीं दिया गया। क्या दिल्ली के इशारे पर दिवंगत सेनानी का अपमान किया गया? या ये मानवीय भूल हुई है? स्वतंत्रता सेनानी को आखिरी सम्मान न देना क्या उचित है? सरकार जवाब दे।

इस मौके पर पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, बीडी कल्ला सहित कांग्रेस-भाजपा के कई अन्य नेता भी मौजूद रहे। अंतिम संस्कार से पहले उनके आवास पर पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया था, जहां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित बड़े नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता लालचंद कटारिया, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आर. आर. तिवाड़ी, इंद्रराज गुर्जर और पूर्व विधायक महादेव खंडेला, पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र पूनिया सहित कई जनप्रतिनिधि अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी डॉ. कमला के निधन पर संवेदना प्रकट करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, महान स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व राज्यपाल और राजस्थान की पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. कमला बेनीवाल के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है और कांग्रेस पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षित है। इस दुख के समय में सभी शोकसंतप्त परिजनों को मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। देश के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण हमें सदा प्रेरित करती रहेंगी।

## संस्कृत वि.वि.में दाखिले शुरू

**जयपुर** । जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शास्त्री व आचार्य कक्षाओं के लिए वेद एवं पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, दर्शन, जैन दर्शन और विशिष्टाद्वैत वेदांत में आवेदन करने का विकल्प विद्यार्थियों के पास है। योग विज्ञान विषय में बीए व एमए कक्षाओं के अतिरिक्त योग, ज्योतिष एवं कर्मकांड और पीजीडीसीए जैसे डिप्लोमा पाठ्यक्रम में भी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

# पुलिस हटाए हिस्ट्रीशीट से नाम : हाईकोर्ट

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बीस साल से आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं रहने के बावजूद पुलिस की ओर से हिस्ट्री शीट बंद नहीं करने और व्यक्तिगत रजिस्टर से नाम नहीं हटाने को गलत माना है। इसके साथ ही अदालत ने हिस्ट्री शीट खोलने के संबंध में जारी 5 अप्रैल, 2006 और व्यक्तिगत रजिस्टर में नाम दर्ज करने वाले झुंझुनूं एसपी के 19 सितंबर, 2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। वहीं अदालत ने पुलिस प्रशासन को कहा है कि वह हिस्ट्री शीट और व्यक्तिगत रजिस्टर से याचिकाकर्ता का नाम हटाए। इसके अलावा अदालत ने याचिकाकर्ता का नाम सर्विलांस रजिस्टर और वेबसाइट से भी एक माह में हटाने को कहा है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश महेन्द्र कुमार की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार लांबा ने अदालत को बताया कि झुंझुनूं एसपी ने 5 अप्रैल, 2006 को उसका नाम हिस्ट्री शीट में लिखा था और 19 सितंबर, 2022 को उसका नाम व्यक्तिगत रजिस्टर में लिख दिया गया।

## जेलों का किया निरीक्षण

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने गुरुवार को केंद्रीय कारागृह, महिला जेल एवं जिला संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों के लिए कारागृह प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही आवास एवं साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही कारागृह अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर-प्रथम के सचिव राजेन्द्र बंशीवाल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा द्वारा केन्द्रीय कारागृह में निरुद्ध बंदियों से संवाद भी किया गया तथा बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की।

# स्कूलों में स्टेशनरी की दुकानें, लेकिन डिस्पेंसरी एक में भी नहीं : हाईकोर्ट

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों की ओर से फीस एक्ट, 2016 के प्रावधानों की पालना नहीं करने से जुडे मामले में गंभीर मौखिक टिप्पणियां की है।**

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों की ओर से फीस एक्ट, 2016 के प्रावधानों की पालना नहीं करने से जुडे मामले में गंभीर मौखिक टिप्पणियां की है। अदालत ने प्रमुख शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल की मौजूदगी में कहा कि आज स्कूल व्यापार बन गया है। ऐसे में इनके खातों की जांच होना बहुत जरूरी है। शिक्षा विभाग चाहे तो इसके लिए आयकर आयुक्त की भी मदद ले सकता है।

अदालत ने कहा कि स्कूलों को टैक्स में छूट मिल रही है तो उनके खातों की भी जांच होनी चाहिए। जस्टिस समीर जैन ने यह टिप्पणी जितेन्द्र जैन व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

सुनवाई के दौरान विभाग की ओर से पेश रिपोर्ट को नकारते हुए अदालत ने कहा कि यह सतही तौर पर तैयार की गई है।

अदालत ने कहा कि कुछ दिनों पहले स्कूलों में बम होने की सूचना मिली थी, लेकिन स्कूलों के पास इस तरह की परिस्थितियों से निपटने का कोई वैकल्पिक उपाय नहीं है। स्कूलों में स्टेशनरी की दुकान खोलकर वहां से सामान खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जाता है, लेकिन एक भी स्कूल में डिस्पेंसरी की सुविधा नहीं है। अदालत ने स्कूल संचालकों की ओर से अभिभावकों को किताबे और यूनिफॉर्म के लिए दुकान विशेष से खरीदारी करने के लिए पाबंद करने पर भी नाराजगी जताई।

अदालत ने कहा कि हर स्कूल में अभिभावकों को उनके यहां से किताबे लेने के लिए मजबूर किया जाता है और संचालकों ने स्कूल में ही दुकान खोल ली है। अदालत ने कहा कि यह स्कूल का काम नहीं है कि वह स्कूल यूनिफॉर्म के लिए दुकान चिन्हित करे। जब एनसीआरटी के सिलेबस के अनुसार किताबें तय हैं तो अलग से किताबें क्यों दी जा रही हैं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से स्कूलों में सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया गया। इस पर अदालत ने कहा कि इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन है, लेकिन उसकी पालना नहीं की जा रही है। याचिका में कहा गया है कि विद्याश्रम सहित अन्य निजी स्कूलों ने राजस्थान फीस अधिनियम, 2916 और नियम 2017 के प्रावधानों के विपरीत जाकर फीस में बढोतरी की है। ऐसे में स्कूलों को पाबंद किया जाए कि वह कानून के अनुसार ही फीस वसूली करें।

# मिशन कर्मयोगी का सभी विभाग पूर्ण लाभ उठाएं : सुधांश पंत

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं को लेकर ऐसी नीतियों, कार्यक्रमों और परियोजनाओं को आगे बढ़ाएं जिससे प्रदेश सुशासन तथा विकसित राजस्थान की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने अधिकारियों से आव्हान किया कि मिशन कर्मयोगी का पूरा लाभ उठाकर अपनी क्षमता में वृद्धि कर नवप्रवर्तनशीलता और पारदर्शिता के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें।



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता की।

पंत गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने लंबित पत्रावलियों, ई-फाइल व डाक के औसत निस्तारण समय में कमी आने पर संतोष व्यक्त किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को ई-फाइल के निस्तारण समय में और सुधार हेतु निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक सभी अधीनस्थ कार्यालयों, निगमों तथा स्वायत्त संस्थाओं को भी पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया जाये।

मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान में वर्षा जल के संचयन, भू-जल व सतही जल स्त्रोतों में पानी की उपलब्धता में वृद्धि के लिए सुधारात्मक कार्य करें। साथ ही विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के जरिये जल संरक्षण को जन आन्दोलन बनाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बावड़ियों, तालाबों, बांधों आदि जल संग्रहण के स्त्रोतों के रखरखाव के काम आगामी मानसून से पहले ही पूरे किये जाये जिससे वर्षा के जल का अधिकतम संग्रह किया जा सके। उन्होंने पेयजल, पौधारोपण, जल संरक्षण, शिक्षा जैसे विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

पंत ने पौधरोपण एवं उनके वितरण के लक्ष्यों को विशेष अभियान के तहत पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के पश्चात भी लम्बे समय तक उसके रखरखाव के लिए लोगों को प्रेरित करें। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा हेतु प्रस्तावित भू-नीति के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाए मौजूद हैं और राजस्थान इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में निवेशकों और सम्बंधित हितधारकों से संवाद कर उनके सुझावों को भी शामिल करें।

मुख्य सचिव ने डीपीसी व सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन परीक्षाओं के परिणाम जारी हो चुके हैं उन्हें निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर नियुक्ति पत्र शीघ्र जारी करने के प्रयास करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर परिवादों का औसत निवारण समय 50 दिवस से कम होकर 16 दिवस होने पर सराहना की साथ ही निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का समयसीमा में निवारण कर आमजन को राहत प्रदान करें एवं विधानसभा से प्राप्त लंबित प्रश्नों के उत्तर जल्द भिजवाएं।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रेया गुहा तथा सम्बंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, अधिकारी उपस्थित रहे।

## हत्या के पांच अभियुक्तों की उम्रकैद निलंबित

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सीकर के तत्कालीन पुलिस इंस्पेक्टर मुकेश कानूनगो व कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या करने के मामले में उम्रकैद की सजा भुगत रहे पांच अभियुक्तों ओमप्रकाश, दिनेश कुमार, रामपाल, अनुज और आमिर की सजा को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने इन्हें जमानत पर रिहा करने को कहा है। वहीं अदालत ने मुख्य अभियुक्त अजय चौधरी और जगदीप के सजा निलंबन प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश अभियुक्तों की की आपराधिक अपील में दायर प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई करते हुए दिए।

अभियुक्तों की ओर से कहा गया कि वे प्रकरण में पांच साल से जेल में बंद हैं। इनके खिलाफ सीआई व कांस्टेबल पर सीधी गोली चलाने का आरोप नहीं है। नक्शा मौके से भी साबित है कि मौके पर मुख्य अभियुक्त अजय व जगदीप की ही मौजूदगी ही घटनास्थल पर मिली है। वहीं हथियार की रिकवरी भी एफएसएल रिपोर्ट से मेल नहीं खाती। वहीं अपील के निस्तारण में समय लगेगा। इसलिए अपील के निस्तारण तक उनकी सजा को स्थगित किया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अभियुक्तों ने दो पुलिसकर्मियों की हत्या की है। ऐसे में उनकी सजा को स्थगित नहीं किया जा सकता।


## तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पिताजी **श्री रामस्वरूप** पुत्र स्व. रामनिवास जी गोपालिया का आकस्मिक देवलोकगमन दिनांक 15.05.2024 बुधवार सुबह को हो गया है। तीये की बैठक 17.05.2024 शुक्रवार को 5:00 से 6:00 बजे तक स्थान बडी नसियां खांनिया आगरा रोड पर होगी।
**शोकाकुल**- राजेश, राम, श्याम, रतन, अजय, विजय, हर्ष, गौरव समस्त गोपालिया परिवार।
मो.- 8118890901, 8769895067



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी **श्रीमती संध्या देवी** पत्नी स्व. श्री नानगराम जी औला निवासी तेलीपाडा, जयपुर का स्वर्गवास बुधवार 15.05.2024 को हो गया है। तीये की बैठक शुक्रवार 17.05.2024 को सांय 5:00 बजे से 6:00 बजे तक स्काउट ग्राउण्ड मैदान, रामनिवास बाग, म्यूजियम के पास, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुल परिवार**- राजेश, गोपाल (पुत्र), भंवरलाल, नन्दलाल, हनुमान, आनन्दीलाल, हनुमान, नाथुलाल, ओमप्रकाश, शिवा (देवर), विमल, कपिल, चेतन, पवन, चन्द्र प्रकाश, रवि, मोहित, राहुल, दक्ष (पौत्र) एवं समस्त औला परिवार।
9829552453, 9950500720

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(अम्बाबाडी सर्किल, अम्बाबाडी, जयपुर)
क्रमांक-एफ-55 () वि.जोन/ज.न.नि./2024/286
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-15.05.2024
भूखण्ड संख्या 261, संजय नगर-बी, झोटवाडा, जयपुर का नव जीवन गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा श्री अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल रहीम को क्षेत्रफल 316.00 वर्गगज भूमि का आवंटन पत्र जारी किया गया था। प्रकरण में मूल आवंटी की मृत्यु उपरान्त आवेदक बानो पुत्री स्व. अब्दुल करीम, अयुब पुत्र स्व. अब्दुल करीम एवं राबिया पत्नी स्व. अब्बास पुत्र स्व. अब्दुल करीम द्वारा रजि. हकत्याग पत्र के आधार पर क्षेत्रफल 316.00 वर्गगज भूखण्ड का लीज डीड अपने पक्ष में चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के लीज डीड बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 07 कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार लीज डीड की कार्यवाही संपादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त विद्याधर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरा अभिभाष्य राजू नाटाणी पुत्र श्री घासीलाल, निवासी ए-11, अग्रवालों का मौहल्ला, झोटवाडा जयपुर जरिये खण्डेलवाल प्राईम स्टेट प्रा.लि. जो कि कृषि भूमि वाके ग्राम भड्डो की गली, तहसील रामपुरा डाबडी, जिला-जयपुर में खसरा नम्बर 569, 570, 571 कुल रकबा 2.84 बीघा व खसरा नम्बर 688, 846, 847, 848 कुल रकबा 3.6 बीघा व अन्य भूमि को प्रहलाद सिंह, जाना कंवर एवं उनके वारिसान से खरीद का गिरधर विहार आवासीय योजना सृजित कर दी है। भड्डा बस्ती गृह निर्माण सहकारी समिति के द्वारा आवंटन पत्र व पट्टे जारी कर दिये है। यदि कोई आपत्ति हो तो सूचित करें।
जयपुर नईमुद्दीन (एडवोकेट)
दिनांक-16.05.2024 मो. 9352442148

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य श्री राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री लाल सिंह निवासी 25 देवी नगर न्यू सांगानेर रोड सोडाला, जयपुर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य के छोटे पुत्र ईशांत सागर एंव उसकी पत्नी प्रियंका डेहरा विवाह के पश्चात से ही मेरे अभिभाष्य के कहने में नही है तथा मेरे अभिभाष्य की वृद्धावस्था में कोई सेवा सुश्रुषा नही कर रहे है तथा अपने वैवाहिक जीवन के कलेश के चलते मेरे अभिभाष्य की साख एंव परिवार की मान मर्यादा को काफी क्षति पहुँचा रहे है तथा मेरे अभिभाष्य के कहने पर नही चल रहे है तथा मेरे अभिभाष्य को हर प्रकार से हैरान परेशान करते रहे है। मेरे अभिभाष्य के पुत्र ईशांत सागर व उसकी पत्नी प्रियंका डेहरा मेरे अभिभाष्य से अगस्त 2019 से अलग रह रहे है इसलिये मेरे अभिभाष्य अपनी समस्त प्रकार की चल अचल सम्पति, मकान 25, देवी नगर न्यू सांगानेर रोड सोडाला, जयपुर व अन्य जो भी जयपुर व अन्य में जहाँ भी है उसमें अपने छोटे पुत्र ईशांत सागर एंव उसकी पत्नी प्रियंका डेहरा व उनके वारिस जो भी हो को बेदखल कर रहे है। अब ईशांत सागर एंव उसकी पत्नी प्रियंका डेहरा को कोई भी व्यक्ति, संस्था मेरे अभिभाष्य का पुत्र होने के आधार पर कोई राशि उधार नही देवे। अब भविष्य में ईशांत सागर एंव उसकी पत्नी प्रियंका डेहरा का मेरे अभिभाष्य की चल अचल सम्पति में कोई अधिकार एंव स्वत्व नही रहेगा, न ही मेरे अभिभाष्य का कोई संबंध ईशांत सागर एंव उसकी पत्नी प्रियंका डेहरा से रहा है। आम जन को सूचित रहे। यह आम सूचना आज मेरे अभिभाष्य के निर्देशानुसार जारी की है जो सनद रहे एव वक्त जरूरत काम आवे।
दिनांक-15/05/2024 महेश कुमार चौधरी (एडवोकेट)
मो.- 9950751116

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-12 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: LU2012/JDA/2024-25/103423 **लोक सूचना** दिनांक: 16.05.2024
श्री MS GULAB VINAYAK PRIVATE LIMITED THROUGH DIRECTOR MAHESH KUMAR KALWANI पुत्र श्री THAKUR DAS KALWANI जाति SINDHI निवासी 184, SINDHI COLONY, BANIPARK, JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का [illegible]

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] (जयपुर) | Ms Gulab Vinayak Private Limited | 13 | 7461 | 0.7461 |
| 2 | [illegible] (जयपुर) | Ms Gulab Vinayak Private Limited | 292/14 | 2444 | 0.2444 |
| 3 | [illegible] (जयपुर) | Ms Gulab Vinayak Private Limited | 294/12 | 1566 | 0.1566 |
| | | | | कुल | 1.1471 |

[illegible] 90-A For Development Authority [illegible]
प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

## नाम परिवर्तन

मैं मंजू बोरा पत्नी नाम राजेन्द्र सिंह आर्मी नं. JC-391558Y रैंक Nb Sub. निवासी घुनी नं.-1, मां कालिका कॉलोनी के सामने, कठघान्या हल्द्वानी, तहसील-नैनीताल-उत्तराखंड ने अपना नाम मंजू बोरा से बदलकर मंजू रख लिया है भविष्य में मुझे मंजू के नाम से जाना जाए।

मैं आर्मी नं.15704929H रैंक-नायक सरोज कुमार राय पुत्र स्व. जवाहर राय निवासी-ग्राम लाला के टोला, तहसील-आरा, जिला-भोजपुर, बिहार ने भविष्य के सभी उद्देश्य के लिए अपनी माताजी का नाम शिवझारो देवी से बदलकर शिजहारो कुवर व जन्मतिथि 01.07.1956 से बदलकर 01.01.1958 कर दी है।

मेरे पुत्र अनिरूद्ध सिंह राघव के विद्यालय रिकॉर्ड में त्रुटीवश पिता का नाम विनोद सिंह राघव एवं माता का नाम श्रीमती प्रतिमा सिंह गलत दर्ज हो गया। जबकि पिता का सही नाम विनोद कुमार राजपूत एवं माता का श्रीमती प्रतिमा राघव है और जो सभी दस्तावेजों में भी दर्ज है।

मैं फरहान जैद पुत्र श्री अतीक अहमद मुसलमान निवासी हाल-353, ओ.टी.सी. स्कीम डी-ब्लॉक फारूख आजम कॉलोनी गिरवा, उदयपुर 313001 है मेरे पासपोर्ट में जन्मतिथि 24.02.1996 अंकित है। वो सही नहीं अब जन्मतिथि 02.10.1997 जो मेरे आधार कार्ड, आयकर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर में अंकित है। वह सही है।

I have changed my name Kayamudeen Azeemudeen to Kayamuddin S/o Azeemudeen for all future purpose. R/o 3505, Opp. 1st Boring, Mohalla Paharganj, Suraj Pole Jaipur Rajasthan

## खोया पाया

मेरे भूखण्ड संख्या बी-196, करधनी गोविन्दपुरा कालवाड रोड जयपुर का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। जी. विश्वनाथ रेड्डी मो. 8955668899

श्री गणपति गृ.नि.स.स.लि. की योजना गणेश विहार विस्तार के भूखण्ड K-227 C के समिति द्वारा मंजू गुप्ता के नाम जारी आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान, हिस्सा राशि प्रमाण पत्र कही गुम हो गये है सूचित करेः रोनक बेवाल मो.नं. 9928018025

## आवश्यकता

आवश्यकता है पार्ट टाइम कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की जो हिन्दी में पेजमेकर, क्वार्क और वर्ड में काम कर सकें।
समय: सांय 8.00 से 12.00
सम्पर्क करें: प्रोडक्शन मैनेजर
मोबाईल नं.: 9928903393, 9057617166
राष्ट्रदूत
चमेली वाला मार्केट, जयपुर

# बोलेरो-थार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत, छह गंभीर घायल

## प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ओवरटेक करने के प्रयास में हादसा हुआ

**जयपुर,** (निसं)। जमवारामगढ़ इलाके में आगरा-दिल्ली नेशनल हाइवे पर गुरुवार को बोलेरो व थार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई व छह लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद हाइवे पर जाम लग गया। हाइवे पर गश्त करने वाले वाहन में सवार पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

आंधी थाना पुलिस के मुताबिक हादसे में घायलों को एंबुलेंस की मदद से आंधी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से सभी को जयपुर रेफर कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ओवरटेक करने के प्रयास में यह हादसा हुआ। रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो सवार बडोली दौसा निवासी सभी लोग आंधी के पास कूचावास गांव में भात भरने जा रहे थे। इस दौरान डांगरवाडा के पास थार और बोलेरो में भिड़ंत हो गई। इसमें सवार कुछ लोग बुरी तरह फंस



गाड़ियों की रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

- बोलेरो सवार बडोली दौसा निवासी सभी लोग आंधी के पास कूचावास गांव में भात भरने जा रहे थे
- हादसे की सूचना के बाद शादी वाले घर में सन्नाटा छा गया और बडोली में चीख-पुखार मच गई

गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लोगों को बाहर निकाला और हॉस्पिटल पहुंचाया। हादसे में जिन लोगों की मऱ्हैत हुई है, उनमें बोलेरो सवार चंद्रप्रकाश पुत्र बद्रीनारायण गुर्जर, रामदयाल पुत्र शिवदयाल गुर्जर, सरदार पुत्र अर्जुन गुर्जर और नरेंद्र पुत्र पूरण निवासी बरोली दौसा शामिल है। वहीं घायल धनराज, कालू निवासी बरौली दौसा और सूरजमान, संतोष कुमार, पुष्पा देवी और कोयल निवासी उत्तर प्रदेश को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर किया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलने के बाद शादी वाले घर में सन्नाटा छा गया और बडोली गांव में भी चीख-पुखार मच गई।

# 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरदावर गिरफ्तार

## गिरदावर दिनेश पंचाल ने नामांतरण खोलने की एवज में 50 हजार रुपए मांगे थे



एसीबी ने रिश्वत के मामले में आरोपी गिरदावर दिनेश पंचाल को गिरफ्तार किया। ( गोले में )।

**डूंगरपुर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो डूंगरपुर ने गुरूवार को नामांतरण खोलने की एवज में रिश्वत मांगने के आरोपी गिरदावर दिनेश पुत्र नाथूलाल पंचाल 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद ब्यूरो की टीम ने पटवारी के घर, और उसके अन्य ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया जिसमे भी कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिलने की संभावना जताई जा रही है।

- ब्यूरो की टीम ने पटवारी के घर और अन्य ठिकानों पर तलाशी ली

प्रकरण के अनुसार मनपुर निवासी शंकरलाल पुत्र मनजी कटारा ने डूंगरपुर इकाई को बिलडी के गिरदावर दिनेश पंचाल द्वारा उसके खाते की जमीन का नामांतरण खोलने की एवज में 50 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की थी, जिस पर प्रार्थी ने राशि को लेकर कम करने का अनुरोध करते हुए 25 हजार में सौदा तय किया था। प्रार्थी शंकरलाल कटारा ने इस संबंध में एसीबी की डूंगरपुर की टीम को शिकायत दी जिस पर ब्यूरो को शिकायत की जिसमें बताया कि उसके सामलाती जमीन का नामांतरण खोलना है इसको लेकर गिरदावर द्वारा रिश्वत मांगी गई है। ब्यूरो की टीम द्वारा उसका भौतिक सत्यापन करवाया। इसके पश्चात गुरूवार को रिश्वत की राशि देना तय हुआ। एसीबी द्वारा कार्यवाही को लेकर पीड़ित शंकरलाल कटारा को 25 हजार रूपये लेकर भेजा। जैसे पीड़ित ने उक्त राशि दिनेश पंचाल को दी। वैसे ही टीम ने छापा मारकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया तथा रिश्वत की राशि जब्त कर ली। एसबी की कार्रवाई की जैसे ही शहर में भनक लगी तो अधिकांश पटवारी व गिरदावरों के फोन बंद हो गये तथा चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षो से कतिपय पटवारी व गिरदावर अपनी पहुंच का इस्तेमाल करते हुए शहरी क्षेत्र के आस-पास के क्षेत्रों में गिरदावर व पटवारी के पदों पर लगतार नियुक्त है और इसके चलते जहां जिला मुख्यालय का गेपसागर जलाशय की काफी जमीन तथा वनों से आच्छादित कई पहाड़ियों को राजस्व विभाग के इन कार्मिको भू-माफियाओं से सांठ-गांठ कर उनके नाम पर हस्तानान्तरण कर दी है। जिससे पेयजल व अन्य जल स्त्रोतों पर पानी की आवक भी बंद हो गई है। साथ ही वनों के उजड़ जाने से भी जंगली पशु अब बाजारों की की ओर रूख कर रहे हैं।

## जेईई-एडवांस्ड के एडमिट कार्ड आज जारी होंगे

**कोटा,** (निसं)। आईआईटी गुवाहाटी द्वारा आयोजित की जा रही देश की सबसे कठिनतम और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड के प्रवेश पत्र 17 मई को जारी किये जायेंगे। प्रवेश पत्र आने के साथ ही स्टूडेंट्स अपने परीक्षा केंद्रों के लिए व्यवस्था करना शुरू करेंगे। प्रवेश पत्र में परीक्षा संबंधी नियम भी जारी किये जायेंगे। जेईई-एडवांस्ड की परीक्षा 26 मई को देश के 222 परीक्षा शहरों में प्रातः 9 से 12 और दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक होगी। इस वर्ष आईआईटी मद्रास द्वारा परीक्षा करवाई जाएगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-एडवांस्ड के लिए इतिहास में इस वर्ष सबसे अधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है।

# आंगनबाड़ी सहायिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। हिण्डौन के एक आंगनबाड़ी केंद्र पर नियुक्त सहायिका ने एक व्यक्ति की छेड़छाड़, प्रताड़ना, मारपीट एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़िता ने कल ही आरोपियों के खिलाफ हिण्डौन नई मंडी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हिण्डौन नई मंडी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हिण्डौन एक आंगनबाड़ी केंद्र पर पीड़िता सहायिका के पद पर तैनात थी। पीड़िता के गांव का ही एक व्यक्ति विक्रम पिछले काफी समय से पीड़िता को परेशान करता था। मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजता था और जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता था। पीड़िता ने रिपोर्ट में दर्ज कराया था कि बुधवार को वह आंगनबाड़ी केंद्र पर ड्यूटी पर गई हुई थी। इस दौरान आरोपी विक्रम आया और उसे जबरन पकड़ लिया तथा शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसके कपड़े फाड़ दिए और मारपीट की। पीड़िता चिल्लाई तो विक्रम के तीन अन्य साथी भी आ गए जिन्होंने भी उसके साथ मारपीट की। पीड़िता जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर अपने घर पहुंची और मां को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ हिण्डौन नई मंडी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कर कर मामले की जांच शुरू कर दी।

आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपियों ने पीड़िता को धमकाया। कुछ घंटे बाद घटना और धमकी से आहत होकर पीड़िता ने अपने ही घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन युवती को हिंडौन के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर नई मंडी थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची तथा परिजनों से घटना की जानकारी ली। गुरुवार को मेडिकल बोर्ड से मृतक युवती का पोस्टमार्टम करवाया। घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। जिनकी नई मंडी थाना पुलिस तलाश कर रही है।

## जोधपुर में तापमान 43 डिग्री पहुंचा

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश सहित मारवाड़ में भीषण गर्मी का दौर जारी है। गुरूवार को मारवाड़ भट्टी की तरह तपने लग गया। सुबह से ही सूर्यदेव ने आग उगलनी शुरू कर दी। गर्म हवा के थपेड़े चलने लगे हैं ऐसे में लू चलने के आसार प्रबल हो गए हैं। शहर की सड़कें, चौराहे सूने हो गए हैं। दोपहर बारह बजे तक सड़कों पर लोगों की रौनक फीकी पड़ गई। जोधपुर शहर में सुबह से ही भीषण गर्मी और उमस की मार झेलनी पड़ी। तापमान 43 डिग्री को पार कर गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश सहित मारवाड़ में लू चलने की संभावना है और पारा 45-47 डिग्री पार जा सकता है। जोधपुर संभाग में आज तेज गर्मी ने आमजन जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। भीषण गर्मी और उमस का दौर सुबह से ही देखने को मिल गया। मारवाड़ भट्टी की तरह तपने लगा है।

# कोलिहान खदान हादसा : विजिलेंस अधिकारी का शव परिजनों को सौंपा

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी के हिंदुस्तान कॉपर प्रोजेक्ट में लिफ्ट की चैन टूटने से हुए हादसे में बुधवार 14 घायलों को सकुशल बाहर निकाल कर उपचार के लिए जयपुर भेजा गया था। इस दौरान कोलिहान खदान का निरीक्षण करने आए विजिलेंस अधिकारी की मौत हो गई थी। गुरूवार को केसीसी अस्पताल में विजिलेंस अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे के शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

- हादसे में जान गंवाने वाले विजिलेंस अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे रेलवे में कार्यरत थे, वे हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड में डेपूटेशन पर आए थे
- हादसे की सूचना पर रेलवे के डीजीएम, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड दिल्ली से भी अधिकारियों ने पहुंचकर हादसे की जानकारी जुटाई

खदान हादसे में विजिलेंस अधिकारी की मौत होने की सूचना केसीसी अधिकारियों की दी गई तो उनका भतीजा अरविंद पांडे अपने साथी के साथ यहां पहुंचा। इस दौरान राजकीय उप जिला अस्पताल से मेडिकल ज्यूरिस्ट को बुलाया गया तथा परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। हादसे की सूचना पर रेलवे के डीजीएम जेके राजोरा, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड दिल्ली से भी अधिकारियों ने पहुंचकर हादसे की जानकारी जुटाई। हादसे में जान गंवाने वाले विजिलेंस अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे रेलवे में कार्यरत थे। वे हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड में डेपूटेशन पर आए थे। सोमवार को वह केसीसी ईकाई का निरीक्षण करने के लिए आए थे। पहले तो उन्होंने खेतड़ीनगर खदान का निरीक्षण किया। इसके बाद शाम को कोलिहान खदान माइंस का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके साथ केसीसी ईकाई प्रमुख जीडी गुप्ता सहित 13 अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। जब वह खदान का निरीक्षण कर वापस बाहर निकल रहे थे तो लिफ्ट की चैन टूटने से लिफ्ट माइनस 76 मीटर नीचे जा गिरी। इस दौरान हादसे में फंसे अधिकारियों व कर्मचारियों को निकालने के लिए केसीसी प्रोजेक्ट व स्थानीय प्रशासन की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। हादसे में विजिलेंस अधिकारी रेलवे ऑफिसर्स कालोनी सियालदह कलकत्ता निवासी उपेंद्र कुमार पांडे (53) पुत्र भरत पांडे की मौत हो गई थी।

थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि विजिलेंस अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे के शव का पोस्टमार्टम करवा कर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली भेजा गया है। वहां से हवाई जहाज में कलकत्ता ले जाया जाएगा। इस संबंध में केसीसी के मैनेजर हरिचरण की ओर से हादसे की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है, जिस पर मामला दर्ज कर लिया गया है। विजिलेंस अधिकारी के एक बेटा उत्कृष (20) व बेटी श्रेया (17) की है। वहीं पत्नी रिचा पांडे गृहणी है। इस मौके पर एसडीएम सविता शर्मा, थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत, अस्पताल प्रभारी डॉ. सुजाता सिंह, तहसीलदार नीलम राज बंसीवाल, डॉ. महेंद्र सैनी, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, विपिन कुमार, हरिचरण, आर एस सज्जवान सहित केसीसी के अधिकारी मौजूद थे।



जालौर के ग्राम ओडवाड़ा में अतिक्रमण हटाने के नाम पर ग्रामवासियों के मकानों में तोड़फोड़ की शिकायत लेकर गुरूवार को आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। विधायक छगन सिंह ने ग्राम ओडवाडा के विषय को पूरा ब्रीफ मुख्यमंत्री को बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों से बात की और ओडवाड़ा ग्रामवासियों को बेघर कर रहे प्रशासन को गांव उजाड़ने से रुकवाया।

# पानी के टांके में भाई-बहन के शव मिले

**जोधपुर,** (कासं)। टीकमगढ़ गांव के रहने वाले दो बच्चों के शव बुधवार रात पानी के टांके में मिलने से गांव में सनसनी फ़ैल गई। दोनों रिश्ते में भाई-बहन है। बच्चों की मां पर ही दोनों की हत्या करने का आरोप लगा है। आरोप लगाने वाला भी बच्चों का पिता है। उसने अपनी पत्नी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। घटना जोधपुर के बालेसर की है। पति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

- पिता ने बच्चों की मां पर ही हत्या करने का आरोप लगाया
- पुलिस ने मां को हिरासत में लिया

डीएसपी कैलाश कंवर ने बताया कि टीकमगढ़ गांव के रहने वाले बाबूराम पुत्र बुधाराम के दो बच्चों महिपाल (5) और पूजा (7) के शव बुधवार रात पानी के टांके में मिले। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को निकालकर बालेसर हॉस्पिटल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मां मधु देवी से पूछताछ की जा रही है। बच्ची फर्स्ट क्लास में पढ़ती थी। बच्चों के पिता बाबूराम पुत्र बुधाराम जाट ट्रक ड्राइवर है। बुधवार शाम सात बजे वह ट्रक छोड़कर घर आया। खाना खाने के बाद पूछा कि आज पूजा और महिपाल दिखाई नहीं दे रहे हैं। पत्नी मधु ने कहा कि बच्चे सो रहे हैं। तब उसने जाकर देखा तो एक बेड पर कुछ गर्म कपड़े रखकर कंबल डाला गया था। जैसे लग रहा था कि बच्चे कंबल ओढ़कर सो रहे हैं। तो मैंने कहा कि इतनी गर्मी में बच्चों को कम्बल क्यों ओढ़ा रखा है। कम्बल उठाया तो बच्चे नहीं थे। मैंने पूछा बच्चे कहां गए तो पत्नी बोली बच्चे अभी तो यहीं थे, फिर मैंने बाहर जाकर परिवार के सदस्यों को बुलाया और उनके साथ आस-पास की ढाणियों में फोन करके पूछा। फिर किसी ने कहा एक बार टांके भी देखने चाहिए। रात को अंधेरा होने के कारण लाठी को टांके में घुमाया तो एक बच्चे से लाठी टकराई तो उसको बाहर निकाला।

सूचना पर पुलिस चौकी इंचार्ज एएसआई रुगाराम मौके पर पहुंचे और बच्चों को बाहर निकालकर बालेसर हॉस्पिटल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पिता ने बच्चों की मौत के पीछे अपनी पत्नी का हाथ बताया और पत्नी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि वह ट्रक चलाने के कारण ज्यादातर घर से बाहर ही रहता है। पत्नी से कई सालों से अनबन चल रही है, जिसके चलते आए दिन झगड़ा होता है। पत्नी ने दोनों बच्चों की हत्या कर शव टांके में डाल दिया। पुलिस ने बच्चों की मां मधु देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

# ओरण व गोचर भूमि पर बने करीब चार सौ मकानों को अतिक्रमण मान हटाने की कार्रवाई

## आहोर तहसील के ओडवाडा गांव में राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने कार्रवाई की

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के आहोर तहसील के ओडवाडा गांव में राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर गुरूवार को पुलिस व प्रशासन ने ओरण व गोचर भूमि पर बने करीब चार सौ मकानों को अतिक्रमण मानते हुए हटाने की कार्रवाई की। दो दिन पूर्व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण किये गये स्थल को चिन्हित किया गया था। उस पर बुलडोजर चलाया गया।

वहीं अतिक्रमण हटाने गये दस्तों के सामने गांव वाले बैठ गये। उसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए ग्रामीणों को खदेड़ा। पुलिस ने बर्बरता दिखाते हुए वृद्ध, बच्चों को भी नहीं बख्शा। अतिक्रमण तोड़ते वक्त हर कोई हाथ जोड़कर गिड़गिड़ता रहा तथा तो कोई रोता नजर आया, लेकिन पुलिस व प्रशासन ने हाईकोर्ट का हवाला देते हुए आशियाने पर बुलडोजर चलाया। जिससे कई लोगों की गर्मी में तबीयत खराब हो गई। जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया तो कई लोगों को शांतिभंग के मामले में गिरफ्तार किया गया।



जालोर के निकट ओडवाडा में पुलिस व प्रशासन ने जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

- अतिक्रमण हटाने गये दस्तों के सामने गांव वाले बैठ गये, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगो को खदेड़ा
- लोगों की गर्मी में तबीयत खराब हो गई जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, कई लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया

जिला मुख्यालय से करीब पच्चीस किमी दूर आहोर तहसील स्थित ओडवाडा गांव में बरसों से करीब चार सौ परिवार के लोग गोचर व ओरण भूमि पर पक्का निर्माण कर निवास कर रहे हैं, लेकिन गांव के दो भाईयों के विवाद ने करीब चार सौ घरों को अतिक्रमण की जद में लाकर खड़ा कर दिया। दो भाईयों के बीच बंटवारा को लेकर विवाद होने पर भूमि का नाप तोल किया गया तो करीब चार सौ से अधिक घर गोचर व ओरण में नजर आये। इसके बाद हाईकोर्ट की डबल बैंच ने सभी गोचर व ओरण में आये मकानों को हटाने का आदेश दिया। जिसके बाद आदेश की पालना में बीते वर्ष प्रशासन ने 67 कच्चे अतिक्रमण हटाए गए थे। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को पुनः पक्के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। यहां बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता ओडवाडा गांव पहुंचा। अतिक्रमण हटाने को लेकर गुरूवार को आहोर व जालोर एसडीएम की मौजूदगी में भारी पुलिस बल मय करीब बारह जेसीबी के प्रशासनिक जाब्ता मौके पर पहुंचा।

अतिक्रमण दस्तों को देखकर ग्रामीण एकत्रित हो गये तथा रास्ता जाम कर दिया। वहीं कई महिलाएं बुलडोजर के आगे लेट गई। महिलाएं पुलिस के समक्ष हाथ जोड़कर बरसों से निवास कर रहे उनके आशियाने नहीं तोड़ने की गुहार लगाते नजर आई। पुलिस के बल प्रयोग करने से कई लोग चोटिले हो गये।

छोटूलाल संत का आशियना टूटा तो हर किसी की आंखें नम नजर आई। छोटूलाल का निधन करीब चार साल पहले हो गया था। घर पर उसकी पत्नि व एक बेटी ही है तथा बेटी की कुछ समय बाद शादी होने वाली है। ऐसे में एक विधवा व एक बेटी का आशियाना उनके आंखें के सामने टूटता रहा तो मां व बेटी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं बेटी बेहोश हो गई। जिससे एम्बुलेंस की सहायता से हॉस्पिटल पहुंचाया। गरीब परिवारों के मकान तोड़ने से लोगो में रोष देखा गया। ओडवाडा में प्रशासन व पुलिस की कार्यवाही के चलते ओडवाडा गांव पुलिस छवनी में तब्दील नजर आया।

आहोर उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा ने बताया कि करीब 35 एकड जमीन में 138 पक्के निर्माण चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। शंकरलाल मीणा ने बताया कि इसमें कई लोगों ने न्यायालय से फिर से स्थगन आदेश भी ले रखा है, लेकिन गुरुवार को 138 चिन्हित पक्के निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई है। मीणा ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आवासरत किसी व्यक्ति को बेघर करने का प्रयास नहीं किया गया है। दीवारों को तोड़ा गया है। न्यायालय की पालना में कार्रवाई की गई है। इस संबंध में 20 मई को प्रशासन की ओर से न्यायालय में जवाब पेश करना है।

# दिल्ली से जयपुर लाते समय हिस्ट्रीशीटर ने बीच रास्ते में की पुलिस पर फायरिंग

## पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से आरोपी बदमाश घायल

**जयपुर** । दिल्ली से जयपुर लाने के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर ने पुलिसकर्मी से पिस्टल छीनकर फायरिंग शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में बदमाश पर फायरिंग की। इसमें गोली लगने से हिस्ट्रीशीटर राकेश कुमार यादव घायल हो गया। घायल हिस्ट्रीशीटर को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। आरोपी हिस्ट्रीशीटर पर विधाधर नगर, श्रीमाधोपुर, अजीतगढ़, जयपुर ग्रामीण एवं अन्य विभिन्न प्रकरणों में वांछित एक लाख रुपए का इनाम था। आरोपी को पुलिस ने आसाम से अरेस्ट किया था। आरोपी श्रीमाधोपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

अभियुक्त राज्य स्तरीय टॉप टेन एवं जयपुर आयुक्तालय व सीकर रेंज के टॉप थ्री वांछित अभियुक्तो में शामिल था। आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी व फायरिंग के करीब 23 मुकदमे दर्ज है पिछले तीन साल से फरारी काटने के दौरान आरोपी आसाम और कोलकाता में छिपकर रह रहा था। आरोपी द्वारा रोजाना नए नंबर और मोबाइल उपयोग में लिए

- **श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर इस आरोपी को पुलिस ने आसाम में गिरफ्तार किया था**
- **घायल बदमाश राकेश यादव को एस.एम.एस. अस्पताल में भर्ती करवाया है, उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, हत्या के प्रयास व फायरिंग के 23 मुकदमें दर्ज हैं**

जा रहे थे। आरोपी के पास 4 मोबाइल व पांच सिमकार्ड मिले है। आरोपी विगत कई महिनों से परिवादी व अन्य व्यापारीयों से रंगदारी मांग रहा था। आरोपी यूट्यूब और अन्य सोशल साइटस पर कई क्राईम सीरियल देखकर पुलिस द्वारा बदमाशों को पकड़ने में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त कर रखी थी।

आरोपी ने पूरे राजस्थान में रंगदारी के माध्यम से आतंक फैला रखा था। वह प्रतिदिन नेट कॉलिंग, स्पीकिंग कॉलिंग व विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्म वाट्सएप, इंस्टाग्राम, स्नेपचेट का उपयोग कर रहा था, आरोपी के तीन साथी पूर्व में एक प्रकरण में अरेस्ट हो चुके है।


अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर बजरंग सिंह ने बताया कि आरोपी राकेश कुमार यादव के खिलाफ विद्याधर नगर थाने में फायरिंग और रंगदारी का मुकदमा दर्ज है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। मुखबिर से मिली जानकारी के बाद टीम को असम के डिब्रूगढ़ भेजा गया था। यहीं के एक गांव में वह छिपा हुआ था। 13 मई को उसे डिब्रूगढ से गिरफ्तार किया और दिल्ली लेकर आए। हिस्ट्रीशीटर राकेश कुमार यादव ज्वेलर से 1 करोड़ की रंगदारी मांग चुका है। जयपुर से 3 पुलिसकर्मी दिल्ली भेजे गए थे। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात बदमाश को जयपुर लाया जा रहा था।

रात साढ़े 12 बजे आरोपी ने बाथरूम जाने के लिए गाड़ी रोकने के लिए कहा। दौलतपुरा (जयपुर) के पास गाड़ी रोकी गई। आरोपी ने एसआई की पिस्टल छीनकर फायरिंग शुरू कर दी। इससे एक बार तो अफरा-तफरी मच गई। फायरिंग करते हुए बदमाश मौके से भागने लगा। इस पर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उस पर फायर किया। फायरिंग के दौरान एक गोली हिस्ट्रीशीटर राकेश के बाएं पैर में लगी। गोली लगने पर आरोपी एक गड्ढे में गिर गया। इससे उसका पैर टूट गया। अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर किए गए जानलेवा हमला के सम्बंध में पुलिस थाना दौलतपुरा में मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि पिछले साल राकेश कुमार ने एक ज्वेलर से 1 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं मिलने पर राकेश ने ज्वेलर के बेटे पर फायरिंग की थी। राकेश सीकर जिले के श्रीमाधोपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ प्रदेश में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# मुहाना मंडी में फल विक्रेताओं की दुकान और गोदामों का निरीक्षण

## आम, पपीता व केले सहित कई फलों को पकाने के लिए कैरेट और बॉक्स के साथ कोल्ड चैंबर में केल्शियम कार्बाइड, फ्रूट मेट व इबाइलिन रिपनर उपयोग हो रहा था





**खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में टीम ने गुरूवार को मुहाना मंडी में दबिश देकर फलों की दुकान और गोदामों का औचक निरीक्षण किया।**

**जयपुर** । खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार को अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा के नेतृत्व में मुहाना मण्डी में फल विक्रेताओं के यहां निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। यहां बड़ी मात्रा में फल पकाने वाले केमिकल (फूड राइटनर) बरामद किए गए। केमिकल से फल पकाने वाले 4 व्यापारियों के चालान भी किए गए।

ओझा ने बताया कि सुबह 6 बजे मुहाना मंडी में विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के केन्द्रीय दल व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की टीम ने कार्रवाई की।

खाद्य सुरक्षा दल की टीम ने फल विक्रेताओं की दुकानों, फर्मों व गोदामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आम, पपीता व केले जैसे कई फलों को पकाने के लिए कैरेट एवं बॉक्स के साथ-साथ कोल्ड चैम्बर में केल्शियम कार्बाइड, फ्रूट मेट एवं इबाइलिन रिपनर उपयोग किया जा रहा था। खाद्य विभाग की टीम द्वारा मै. देवानन्द धर्मदास दुकान नं. 8-19 से कैल्शियम कार्बाइड की पुडियां, मै. झाड़ूमल एण्ड सन्स दुकान नं. बी-31 से फ्रूटमेट एवं मै. मोहम्मद हसन मोहम्मद चमन दुकान न. बी-43 से इथाइलिन रिपनर की पुडियों को इक्ट्ठा कर सैम्पल जांच के लिए केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला जयपुर में भेजा गया। लैब से जांच की पुष्टि होने के बाद इन फर्मों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आमजन के स्वास्थ्य के लिए आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण द्वारा कारोबारियों को एडवाइजरी जारी की जाएगी।

# आयकर विभाग ने जयपुर में 11 जगहों पर छापा मारा

**जयपुर** (कासं)। आयकर विभाग ने गुरूवार को जयपुर में अक्षत और अंकुर ग्रुप के 11 ठिकानों पर छापेमारी की। पाइप और रियल एस्टेट से जुड़े इन दोनों समूहों के ठिकानों पर सुबह 8 बजे छापेमारी शुरू हुई।

सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग की टीम ने सुबह ग्रुप के 11 ठिकानों पर रेड की। इसके साथ ही दस्तावेज और अन्य सामान जब्त किए। समूह की बगरू, बिंदायका और कानोता स्थित फैक्ट्रियों में आयकर की टीमें सर्च किया। इसके साथ ही बनीपार्क और बापू नगर स्थित घर पर भी कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों ग्रुप बिल्डिंग में लगने वाले पाइप का निर्माण करते हैं। साथ ही रियल एस्टेट के बड़े व्यापारी भी हैं। आयकर अधिकारियों ने

- **पाइप और रियल एस्टेट से जुड़े अक्षत और अंकुर ग्रुप की फैक्ट्रियों और घर पर दबिश दी गई**

समूह के नंदकिशोर जैन, सुनील जैन, अंकित जैन, अक्षत जैन, पदमचंद जैन और जुगल से पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार, इन दोनों ग्रुप ने आयकर में धांधली कर बड़ा पैसा बचाया है। आयकर अधिकारियों ने बताया कि सर्च सुबह 8 बजे से शुरू हुई है। अभी टीम के पास जो लीड थी, उस आधार पर जांच की जा रही है। टीम के हाथ जैसे ही तथ्य लगेंगे, उसके हिसाब से जांच का दायरा बढ़ाया जायेगा।

# मुहाना मंडी में व्यापारियों और किसानों पर लाठीचार्ज किया

## मंडी समिति के गार्ड्स ने लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**जयपुर** । जयपुर की मुहाना मंडी में अतिक्रमण हटाने के दौरान मंडी प्रशासन समिति को व्यापारियों के ज़बरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा । यहां देखते ही देखते माहौल ऐसा बिगड़ा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध जता रहे व्यापारियों को खदेडने के लिए मंडी प्रशासन के गाड्र्स को लाठी चार्ज करना पड़ गया। लाठीचार्ज से मौके पर माहौल और ज़्यादा तनावग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार मंडी प्रशासन के गाड्र्स के बल प्रयोग से कुछ व्यापारियों को चोटें आई हैं। इधर इस घटना के बाद भी व्यापारियों का आक्रोश शांत नहीं हुआ, बल्कि और बढ़ गया। व्यापारी अब अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ गाड्र्स के लाठीचार्ज के विरोध में भी लामबंद हो गए हैं।

- **इस कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने आज बैठक बुलाई है, जिसमें मंडी बंद जैसा निर्णय भी लिया जा सकता है**

मुहाना सब्ज़ी मंडी अध्यक्ष राहुल तंवर ने बताया कि मुहाना मंडी समिति प्रशासन ने तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया है। किसानों और सब्ज़ी मंडी के व्यापारियों पर जबरन कार्रवाई करते हुए उनके माल उठा दिए गए। मंडी प्रशासन ने व्यापारियों पर लाठीचार्ज भी करवाया है। इसके विरोध में मंडी व्यापारियों के साथ मंडी बंद करने सहित अन्य निर्णय लिए जाएंगे। शुक्रवार को व्यापारियों ने मंडी परिसर में आपात बैठक बुलाई है।

## ई-रिक्शा चोर पकड़ा

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने ज्योति नगर इलाके में ई-रिक्शा चुराने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी का एक ई-रिक्शा और चार बैट्री बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दिगंत आनंद ने बताया कि सीएसटी ने ज्योति नगर थाना इलाके में ई-रिक्शा चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अशरफ अली उर्फ अच्चू गलता गेट को गिरफ्तार किया है। आरोपित से चोरी का एक ई-रिक्शा और 4 बैट्री जब्त की है।

## सार-समाचार

### सोने-चांदी के जेवर चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** । जवाहर नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में पूजा करने के बहाने सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने दो सोने के कंगन,एक डायमंड जडित सोने की अंगूठी बरामद की है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित ने वशीकरण मंत्र से गृह क्लेश मिटाने के नाम पर एक सोशल मीडिया पर विज्ञापन बना रखे है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में पूजा करने के बहाने सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाले एक शातिर ठग मोहम्मद आसिफ निवासी ब्रह्मपुरी जिला मेरठ हाल छता जिला आगरा (यूपी) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो सोने के कंगन, एक डायमंड जडित सोने की अंगूठी बरामद की है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित ने वशीकरण मंत्र से गृह क्लेश मिटाने के नाम पर एक सोशल मीडिया पर विज्ञापन बना रखे है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### करियर ऑप्शन के लिए शिविर 19 को

**जयपुर** । जयपुर के युवा आंत्रप्रेन्योर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स से मिलकर अपने करियर को नयी दिशा देंगे। मीराखी ऑर्गेनाइजेशन और सोर्ट माय कॉलेज डॉट कॉम की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 19 मई को सोर्ट माय कॉलेज (एसएमसी) समिट में यह अवसर मिलेगा। इंडियाज लीडिंग यूथ फेस्ट में फाइनेंस, फैशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), पब्लिक स्पीकिंग एंड कम्यूनिकेशन और कंटेंट क्रिएशन सब्जेक्ट पर एक्सपर्ट्स अपने विचार रखेंगे। समिट का उद्देश्य युवाओं को अनकंवेंशनल करियर ऑप्शन से रूबरू करवाना है। समिट में आंत्रप्रेन्योर और मोटिवेशनल स्पीकर अशनीर ग्रोवर और ओयो ग्रुप के सीईओ रितेश अग्रवाल, सिंगर इक्लिप्स नोवा, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सृष्टि गर्ग, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर तारिणी शाह व अन्य एक्सपर्ट्स हिस्सा लेंगे।

### 'ब्रेन स्ट्रोक केस में समय पर इलाज जरूरी'

**जयपुर** । ब्रेन स्ट्रोक के केस में एक मिनट बर्बाद करने पर करीब 20 लाख न्यूरॉन्स नष्ट हो जाते हैं, यानी औसतन 3 से 4 साल की जिंदगी खत्म हो जाती है। ऐसे में समय रहते इलाज लेना बेहद जरूरी है। डॉ. मदन मोहन गुप्ता, सेंटर चीफ और चीफ न्यूरो इंटरवेंशन एक्सपर्ट निम्स हार्ट एंड ब्रेन हॉस्पिटल ने बताया कि न्यूरो इंटरवेंशन में मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टमी एक ऐसी प्रोसीजर है जिसमे दिमाग की बंद या अवरुद्ध नसों को बिना सर्जरी किए तार के द्वारा स्टेंट की मदद से खून के थक्के को निकालकर मरीज को जीवनदान दिया जा सकता है। यह प्रोसीजर सलेक्टेड केस में 24 घंटे तक ही किया जा सकता है। इसके लिए डेडिकेटेड स्ट्रोक सेंटर एंड न्यूरो इंटरवेंशन हॉस्पिटल में जल्द पहुंचना चाहिए। डॉ. मदन मोहन गुप्ता वर्ल्ड स्ट्रोक थ्रोम्बेक्टमी डे पर बात कर रहे थे। इस अवसर पर डायरेक्टर निम्स डॉ. पंकज सिंह, एनएचबीएच प्रशासक मनीषा चौधरी, डॉ. मितेश गुप्ता, डॉ. आर.पी. बंसल, डॉ. बी. एस. शर्मा, डॉ. सुमित आनंद, डॉ. रवि जाखड़, मार्केटिंग हैड प्रतीक वर्मा व प्रिया राजपूत मौजूद रहीं।

### अज्ञात वाहन ने राहगीर को कुचला

**जयपुर** । दिल्ली रोड पर गुरुवार दोपहर को एक तेज रफ्तार वाहन ने राहगीर को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस उत्तर कर रही है। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे दिल्ली बाईपास पर जयपुर गार्डन और गलता गेट थाने के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों को घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 55 साल है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हिट एण्ड रन मामले में वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### कथास्थल पर सोने चुराने वाले पकड़े


**जयपुर** । सांगानेर पुलिस ने गौशाला में भागवत कथा के दौरान लोगों का ध्यान भटका कर सोने की 9 चेन चोरी करने वाली गैंग का खुलासा कर दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी दिल्ली,हरियाणा,यूपी और राजस्थान में दो दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि एक मई से सात मई तक सांगानेर थाना इलाके में स्थित पिंजरापोल गौशाला में चल रही भागवत कथा में नौ महिलाओं की चेन तोड़ने वाली गैंग की शातिर महिला आरोपित छाया निवासी हापुड यूपी,वर्षा निवासी मैरठ यूपी और श्रवण निवासी हापुड़ यूपी को गिरफ्तार किया है। जिन्होने अपने पूछताछ में बताया कि उन्होंने यूट्यूब पर भागवत कथा का आयोजन देखकर गाडी बुक कर आते और रास्ते में ही हमारी वेशभूषा बदल कर भागवत कथा आयोजन से पांच किमी दूरी पर उनके द्वारा लाई गाडी को खडी करवा देते व लॉकल ऑटो बुक करके भागवत कथा के आयोजन में प्रवेश कर नजर रखते की कौन-कौन महिला सोने की चैन पहन रखी है और उसके पास पहुंचकर उसको घेर कर उसका ध्यान भटका कर उसकी चैन चुरा लेते और दूसरे साथी को दे देते। आरोपियों द्वारा दिल्ली, हरियाणा, यूपी व राजस्थान सहित जयपुर आदर्श नगर, जयपुर व दौसा में भागवत कथा के दौरान हुई चेन चोरी की वारदात करना कबूल किया। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# इंडिया फर्स्ट-हार्ट फर्स्ट अभियान में ग्लेनमार्क का 'नेशनवाइड हार्ट हैल्थ' इनिशिएटिव शुरू

## 8 फीट ऊँचे और 3.5 टन वजन के मानव हृदय को हृदय चक्र के प्रतीक गुलाब क्वाट्र्ज़ से बनाया है

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शोध-आधारित, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) ने इंडिया फर्स्ट हार्ट फर्स्ट अभियान के दूसरे चरण को शुरू किया। पहले चरण की अपार सफलता के साथ, यह राष्ट्रव्यापी पहल पूरे भारत में हृदय स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है। यह अभियान उन गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए ग्लेनमार्क की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो हृदय संबंधी बीमारियों (सीवीडी) की वजह से उत्पन्न होती हैं।

इस अभियान की शुरुआत 29 सितंबर, 2023 को वर्ल्ड हार्ट डे (विश्व हृदय दिवस) के मौके पर एक प्रमुख कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार और पद्म श्री सुदर्शन पटनायक ने पुरी के समुद्र तट पर मानव हृदय से संबंधित रेत की संरचना बनाई। यह मूर्तिकला 50 लाख से भी अधिक दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने का माध्यम बनी और जागरूकता बढ़ाने में यह प्रत्यक्ष रूप से काफी मददगार साबित हुई। उक्त संरचना के साथ, वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे 2024 (विश्व उच्च रक्तचाप दिवस) के मौके पर इस अभियान ने एक और उपलब्धि हासिल की। रोज़ क्वाट्र्ज़ के एक ही पत्थर से विशाल मानव हृदय को तराशने हेतु ग्लेनमार्क ने राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता, जेमस्टोन कार्वर आर्टिस्ट पृथ्वीराज कुमावत के साथ साझेदारी की। रोज़ क्वाट्र्ज़ हृदय चक्र से जुड़ा एक पत्थर है, जो भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देता है। 8 फीट ऊँची और 3.5 टन वजन वाली इस अनूठी संरचना का अनावरण 17 मई, 2024 को किया जायेगा । इस दौरान, डॉ. दीपक माहेश्वरी, डॉ. जेएस मक्कड़ और डॉ. मनोज कुमार के साथ ही दिल्ली और जयपुर के प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



## सौतेले पिता ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर** । वैशाली नगर थाना इलाके में रिश्तों को तार-तार करने का मामला सामने आया है। एक सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। आरोपी पिछले चार सालों से उसे जान से मारने की धमकी देकर देह शोषण करता आ रहा था। डर के मारे घर जाने से मना करने के बारे में पूछने पर उसने अपनी मां को सौतेले पिता की करतूत बताई। इस पर पीड़िता की मां ने मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी नाबालिग बेटी से सौतेल पिता ने दुष्कर्म किया। कुछ सालों पहले उन्होंने दूसरी शादी की थी। शादी के बाद वह बेटी के साथ दूसरे पति के साथ आकर रहने लगी। आरोप है कि करीब चार साल पहले अकेला पाकर आरोपी सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी से रेप किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद पिछले चार सालों से डरा-धमकाकर देहशोषण करता रहा। विरोध करने पर उसे और उसकी मां को घर से निकाल देने की भी धमकी देने लगा। मां के लेने पूछने पर डर के मारे पीड़िता ने घर जाने से मना कर दिया। तसल्ली देकर पूछने पर पीड़िता ने सौतेले पिता की करतूत के बारे में बताया। पति की करतूत के बारे में पता चलने पर पीड़िता को लेकर उसकी मां वैशाली नगर थाने पहुंची।

# अंतरराज्यीय सिकलीगर गैंग के दो शातिर बदमाश दबोचे

**जयपुर** । राजधानी की श्याम नगर थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाली अन्तर्राज्यीय सिकलीगर गैंग के दो बदमाशों को पंद्रह सौ किलोमीटर पीछा कर गिरफ्तार किया है। उन्होंने पूछताछ में श्याम नगर, शास्त्री नगर, विद्याधर नगर, बनीपार्क और झोटवाड़ा थाना इलाके में दर्जनों वारदातों को अंजाम देना कबूला है। पुलिस फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाली अन्तर्राज्यीय सिकलीगर गैंग के शातिर बदमाश धनराज सिंह निवासी महाराष्ट्र और गुलशन सिंह निवासी मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुजरात, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश के निवासी है। यह लोग सिकलीगर है और ताला-चाबी बनाने का काम करते है। यह आपस में रिश्तेदार भी है। बदमाश वारदात करने के लिए प्राइवेट बस द्वारा जयपुर शहर में आते है तथा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के आस-पास स्थित होटल में रूम किराये पर लेकर रहते है। इसके बाद अल सुबह 3-4 बजे होटल से निकलते हैं तथा होटल से काफी दूरी पर जाकर सबसे पहले मोटरसाइकिल चोरी करते हैं। उसी चोरी की मोटरसाइकिल

- **पुलिस ने बदमाशों को 1500 कि.मी. पीछा कर पकड़ा**

से गलियों में घूम-घूमकर जयपुर शहर में नकबजनी की वारदात करते हैं तथा 7-8 बजे तक वारदात करके वापस होटल आ जाते हैं। वारदात करते समय अपनी पहचान छुपाने के लिए मुंह पर कपडा बांध कर रखते हैं। वारदात करने के बाद हुलिया व वाहन बदलकर होटल पहुंचते हैं। आरोपित एक शहर में 5 से 10 दिन रुकते हैं तथा बडी वारदात करने के बाद प्राइवेट बस द्वारा उसी दिन निकल जाते हैं। आरोपी धनराज पूर्व में भी 10 दिन अपनी अलग टीम के साथ जयपुर में आकर रूका तब भी करीब 25-30 वारदात जयपुर शहर में करना कबूल की है। आरोपी धनराज का ससुर लाखन भी पूर्व में अपनी अलग टीम के साथ जयपुर शहर में दर्जनों वारदात कर चुका है। आरोपी धनराज ने दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे बड़े शहरों में भी दर्जनों वारदातों करना स्वीकार किया है। आरोपी ताले-चाबी बनाने की आड में सूने मकानों की रेकी करके वारदात करते हैं। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# 'युवाओं में बढ़ रही है हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत'

**जयपुर**, (का.सं.)। हाई ब्लड प्रेशर को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे की थीम है "अपने ब्लड प्रेशर को सही ढंग से मापें, नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें।" नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसिन की एक रिपोर्ट के अनुसार "दुनिया भर में लगभग 1.39 बिलियन लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं और भारत में लगभग 33 प्रतिशत शहरी और 25 प्रतिशत ग्रामीण लोग हाइपरटेंशन से ग्रसित हैं। यह स्थिति आपको महिलाओं की तुलना में पुरुषों में ज्यादा देखने को मिलती है। पहले इसके मामले केवल बड़ी उम्र व वृद्ध लोगों में आम थे, लेकिन अब युवा पीढ़ी में भी देखने को मिलते हैं।

डॉ. देवेन्द्र श्रीमाल, डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने बताया कि हाइपरटेंशन का असर हमारे हृदय पर बहुत ही घातक रूप में होता है और ऐसे में हमें बहुत सावधानियां बरतने की जरूरत है। हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि इसके कोई सटीक लक्षण नहीं होते हैं लेकिन कुछ लक्षणों को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए जैसे कि- सिरदर्द, थकान और सुस्ती होना, दिल की धड़कन बढ़ जाना, सीने में दर्द , सांसें तेज चलना या सांस लेने में तकलीफ होना, आंखों से धुंधला दिखना, नाक से खून आना। इससे बचाव के लिए समय-समय पर अपना ब्लड प्रेशर चेक करें, वजन को नियंत्रण में रखें, नियमित रूप से व्यायाम करें, खाने में नमक का सेवन कम करें, तनाव कम ले, खाने में कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम से भरपूर चीजों का सेवन ज्यादा करें। धूम्रपान और शराब के सेवन से बचें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

नारायणा हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट एंड इलेक्ट्रो फिजियोलॉजिस्ट डॉ. विनोद पुनिया ने बताया कि प्राथमिक हाइपरटेंशन बिना किसी सटीक कारण के, उम्र बढ़ने के साथ विकसित होता है लेकिन सेकेंडरी हाइपरटेंशन कम उम्र में होता है और इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे अधिक नमक का सेवन करना, धूम्रपान करना, मधुमेह, मोटापा, गुर्दा रोग, थायरॉयड समस्याएं, मानसिक तनाव, नींद की कमी और अनुचित खान-पान।

## दादी और पोते की हत्या करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । सांगानेर इलाके में स्थित रघुनाथपुरी में 13 मई की देर शाम शराब के नशे में किराएदार चंद्रपाल बैरवा ने धारदार हथियार से मकान मालकिन प्रेम देवी (55) और उसके पोते गौरव की हत्या करने के मामले में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि कचरा फैलाने की बात को आए दिन झगडा होता है। इससे वह ताव में आ गया और प्रेम देवी और गौरव की हत्या कर शव घर में बने पानी के टैंक में डाला।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि सांगानेर थाना इलाके में स्थित रघुनाथपुरी में 13 मई की देर शाम दादी प्रेम देवी और उसके पोते गौरव की चाकू से हत्या करने वाले आरोपी चंद्रपाल बैरवा निवासी माधोराजपुरा जयपुर ग्रामीण हाल दिल्ली हाल किराएदार रघुनाथपुरी को गिरफ्तार किया है। जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया । जहां से उसे तीन दिन का पुलिस रिमांड सौंपा है।

# सांस्कृतिक विरासत शिविर में पहली बार वैदिक ज्योतिष का भी प्रशिक्षण देंगे

## सिटी पैलैस में 18 मई से 21 जून तक चलेगा शिविर

**जयपुर** । महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट द्वारा 18 मई को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम - म्यूजियम फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च के तहत सिटी पैलेस में सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया जा रहा है। विरासत कला और शिल्प में रुचि पैदा करने के लिए एक माह तक चलने वाला यह प्रशिक्षण शिविर 21 जून तक आयोजित होगा। शिविर पारम्परिक कलाओं की प्रतिनिधि संस्था रंगरीत तथा सरस्वती कला केन्द्र के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

संग्रहालय के अध्यक्ष, हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने बताया कि युवाओं और कला प्रेमियों को हमारी विशाल और समृद्ध पारम्परिक कलाओं की बारीकियों से रू-ब-रू कराने के उद्देश्य से यह सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। गत 26 वर्षों से इस प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत विभिन्न कलाओं को सिखाया जा रहा है। इस बार विद्यार्थियों को पहली बार वैदिक ज्योतिष से परिचय कराया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को जंतर-मंतर स्मारक का भी भ्रमण करवाया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का समन्वय रामू रामदेव द्वारा किया जा रहा है, जो बाबूलाल मारोटिया के साथ पारंपरिक चित्रकला कार्यशाला का संचालन भी करेंगे। डॉ. मधुभट्ट तैलंग ध्रुवपद कार्यशाला का संचालन करेंगी। डॉ. नाथूलाल वर्मा आराईश (फ्रेस्को) की बारीकियां सिखाएंगे; ब्रजमोहन खत्री वैदिक ज्योतिष का ज्ञान देंगे। डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी कथक एवं लोक नृत्य कार्यशाला का संचालन करेंगी, आर.डी. गौड़ छात्रों को बांसुरी सिखाएंगे। लक्ष्मी नारायण कुमावत मांडना कार्यशाला का संचालन करेंगे और अशोक कैलीग्राफी सिखाएंगे।






## International Day of Light

From X-ray machines, used for health purposes, to microscopes and television screens, used for entertainment purposes, light-based technology has brought all sorts of advances to the world. This includes scientific advancements that have come through light-based tools such as telescopes, cameras, and so much more, in almost every sector of the globe. *International Day of Light* seeks to raise awareness about and shine a bright light on this study and the results, which have changed so much, as it was brought to the modern world!

#AROUND-D-WORLD

# Earth's Hottest Places



These locations often feature arid landscapes, with little to no vegetation and minimal water sources.

Earth, our planet, is a diverse tapestry of climates and landscapes, from freezing tundras to scorching deserts. The hottest places on Earth are characterised by extreme temperatures that can easily surpass 50°C during the peak of summer. These locations often feature arid landscapes, with little to no vegetation and minimal water sources. Some of these areas are virtually uninhabitable without proper infrastructure and resources. Here are some of the hottest places on Earth.

## Death Valley, USA


Located in California, *Death Valley* holds the title for the hottest place on Earth. Its lowest point, Badwater Basin, sits at 282 feet (86 metres) below sea level. In 1913, it recorded a blistering temperature of 134°F (56.7°C), which remains the highest reliably recorded air temperature on Earth. Summers here are brutal, with temperatures often exceeding 120°F (49°C), making it an extreme environment for life.

## Dasht-e Lut, Iran



In southeastern Iran lies the *Dasht-e Lut* desert, one of the driest and hottest places on the planet. This vast salt desert holds the record for the highest land surface temperature ever recorded, a scorching 159.3°F (70.7°C) in 2005. Its unique terrain, including vast sand dunes and salt flats, adds to its otherworldly appeal.

## Dallol, Ethiopia



*Dallol*, a remote volcanic crater in the Danakil Depression of Ethiopia, is one of the hottest inhabited places on Earth. With year-round average temperatures, hovering around 94°F (34°C) and occasional highs reaching above 120°F (49°C), it's also one of the most inhospitable. Its landscape is surreal, with colourful hot springs, acid pools, and salt formations, creating an otherworldly scene.

## Oodnadatta, Australia




*Oodnadatta*, situated in the Australian Outback, is renowned for its extreme heat. With summer temperatures regularly surpassing 120°F (49°C) and occasionally reaching over 130°F (54°C), it is one of the hottest inhabited places on Earth. The area's arid terrain and sparse vegetation amplify the oppressive heat, making it a challenging environment for those who live there.

## Kuwait City, Kuwait



*Kuwait City* experiences scorching summers, with temperatures often exceeding 120°F (49°C) due to its location in the Arabian Desert. The combination of high temperatures and high humidity levels can make it feel even hotter. Air conditioning is a necessity, and outdoor activities are typically limited during the peak of summer.


Maybe, she changes her plan and return back to the cubs, left unsecured on the kill site. The distance had reduced to few meters and perhaps, our thumping heartbeats could reach the cat now and we had no option but to pray to the almighty to save us from this deadly animal, and then, suddenly from the kill site, an alarm call hit our ears. At this distance, the leopard mother was almost in full view to us inspite of the dim moon light. The call froze her legs. She immediately turned towards the kill and ran fast towards the kill site. Certainly, it was frightening call from the cubs, indicating they smelt some danger. And then, what we witnessed was something unimaginable. Now, there was another animal on the kill site. Within seconds, the mother leopard took this new intruder by surprise. She growled at this invader with a frightening sound.

# Close Shave Of The Worst Kind

**PART: 2**



Striped Hyaena, on night patrol for some kill.



Striped Hyaena, on night patrol for some kill.



**Sunayan Sharma**
*IFS (Retd.), Ex-field Director, Project Tiger Sariska & Keoladeo National Park, Bharatpur*

I decided to stay this night close to the *Kala Khet* carcass, we had found half-a-kilometer back. But there was no hut to hide us from the view and then, Mathuralal, the forester, suggested that we pitch a tent at a safe distance from the kill, on the bank of the dry river. He knew someone on the dam site, who could provide this tent. He immediately rushed on his bicycle with a trusted tribal youth.

It was already five in the evening and Mathuralal was expected to take time in reaching back with the tenting provisions, therefore, it was decided that after collecting the material, he may proceed with pitching the tent and I shall meet him there only, later.

In the meantime, Sukkha had arranged a glass of tea for me and *mahua* liquor for his neighbours in a bottle. They sat surrounding me on the floor and started pouring their favourite drink from this bottle in an old ordinary clay cup. I vividly remember that they finished the first serve in five minutes and two more fills in next ten minutes, pretty quick to be sure, but they were ready to come along with me as soon as I finish my tea.

By now, sunlight had dimmed in this part of *jungle,* and I started back towards Kala Khet kill site, along with this group of 4-5 *junglemen*. Sukkha's hut was at the top of the hillock and below this, up to hill's base, was spread his *khet* (farm), presently lying bare, except for some grass tussocks, here and there. He had not bothered to create terraces to stop soil, water erosion from his land, as practiced largely in the hilly areas of Himalayas and Sivaliks. Basically, these *Mewar* tribals are not much interested in farming, and have not bothered to learn such arts and techniques.



The meandering hilly river.

Sukkha's hut and farm were surrounded by dense growth of almost pure bamboo clumps. As winter was still lingering in this area, and with the sun down, the highly oxygenated thin air, here, was getting really cold by the minute. I was lucky to be equipped with a full-sleeved woolen jacket. Thanks to wise Mathuralal, who persuaded me to carry woolens on this trip.

Towards South, at half-a-kilometer in the *Bhairava* forest block only, stood a well-stocked patch of *khair* (Acacia catechu) trees. *Kattha*, an essential ingredient of *paan* (betals) is manufactured by boiling heart wood chips of this tree. For this unique utility, this wood had always been in high demand for *kattha* manufacturing industries. And therefore, its protection in *jungles* had always been a serious challenge for the forest personnel. Fortunately, this forest was not much exploited but for fuel purposes by the locals.

By the time I finished this inspection, light had departed completely and the tribals with me suggested to me to light *mashals* but I refused, as I did not want to take any risk of disturbing the leopard, expected to approach its half-eaten kill at Kala Khet, any time from now. I took out a torch from my haversack, which I used to carry invariably, on every *jungle* trip. We were not much far from the tent site that suddenly, a terrifying hooting call from our North surfaced. It was dreadful at this dusk hour, which was otherwise totally silent. After five minutes, it repeated once again. For sure, there was some big *owl*, may be the 'Great Horned,' now on its hunting errand. Reaching the site, I found that Mathuralal had not only pitched the single ply tent but had arranged an all-bamboo cot, too. Also, a mattress was spread on the coat, its unbearable foul smell filled my nostrils and mind. Passing a night on this mattress was like sleeping by a putrefying animal carcass. I rushed out immediately in search of fresh air and sucked it deep into lungs, yet, the pungent smell did not leave my mind.

#WILD



Cubs love playing in water but mother keeps them under discipline.


Mathuralal was still talking to his aide while others were gossiping that clothes were insufficient for the night stay. They suggested that either they should have sufficient bedding, especially blankets or quilts, or keep bonfire on throughout the night. The Mathuralal's aide offered to collect these essentials from *Barwarda* village, about two kilometer from here. Also, the smart boy started immediately on cycle to be back as early as possible. Outside, chill was increasing rapidly but I felt cozy in my full-sleeved jacket. There was silence all around but for our tent, the sky was well-lit with its galaxies. The owl's deep call again sailed in the air, piercing the quietness. I threw my torch light in the direction of the source of the call and then, suddenly, my eyes caught a pair of tiny red and white spotlights in the direction of the Kala Khet carcass. Immediately, it struck my mind that the leopard had arrived at the kill, even earlier than expected.

Hurriedly, I entered the tent and shared with rest the presence of the leopard. I asked Mathuralal to follow me so that, quietly, I could approach close to the kill site and watch the animal from close quarters. I also asked the tribals to stay in the tent and sit silently lest the leopard gets disturbed. Mathuralal immediately rushed to catch my trail. I was moving quite fast in the moonlit night, stopping myself from tumbling down on rolling stones and bushes. From time to time, I was using the torch, too, but with cautiousness, lest it disturb the cat. Reaching bit close to the site, we hid ourselves behind a big rock and now, I could clearly see that there were two more sets of small bulb like lights, along with the bigger one.

Mathuralal immediately yelled, "*Hokum*! Leopard is with two cubs." I immediately threw light to confirm and witnessed the rare sight of the *mother leopard*, with her 5-6 months old *cubs*, devouring the kill. They might have been eating for quite some time because major portion of the kill had been finished by the family.

Mathuralal's loud voice and my torch light had disturbed the mother leopard, who immediately withdrew from the kill into a little shade while the cubs, unaware of any threats, continued eating and playing gamboling over the kill. They did not seem too hungry and were more in play mood. I was absorbed in sighting playful activities of these little spotted creatures and, altogether, forgot about the mother, who had slipped from there. But alert fieldman, my aide, cautioned me to check the mother.

This time, I threw light on the left of the carcass, and there, spotted the mother with two of her eye bulbs emitting red and white light. She immediately turned her gaze at us, the source of the light with baleful eyes for intruding her privacy, especially when she was with her cubs on the kill. Also, she mewed in annoyance at us, the unknown intruders. Her countenance was dreadful to behold. I switched off the light immediately, to not invite any trouble. Once again, there was silence in the atmosphere but for the sound from the cubs feeding on the kill or our heartbeats.



Tribals enjoying *Mahua* liquor party.

Suddenly, some stone rolling kind of sound erupted from our right side in the riverbed. I threw my torch light in the direction and found the leopard mother, treading through the dry riverbed, towards us. Obviously, the mother, very sensitive about her cubs' safety, disliked our presence, the wind in her favour, bearing our body odor was to her aid. Blood froze in our hearts, seeing the dreadful animal moving towards us with cautious steps that it uses while stalking a quarry.

When distance between us had reduced to just 25-30 meters, Mathuralal proposed to run towards our tent site, but I declined as exposing ourselves in such an open area to the leopard, with cubs on feed, could be more risky. With every advancing step of the cautious cat, our heart was thumping at tremendous pace as if it was about to come out of its cavity any minute, yet, we had no option but to take a chance with the animal.

Maybe, she changes her plan and return back to the cubs, left unsecured on the kill site. The distance had reduced to few meters and perhaps, our thumping heartbeats could reach the cat now and we had no option but to pray to the almighty to save us from this deadly animal, and then, suddenly from the kill site, an alarm call hit our ears. At this distance, the leopard mother was almost in full view to us inspite of the dim moon light. The call froze her legs. She immediately turned towards the kill and ran fast towards the kill site. Certainly, it was frightening call from the cubs, indicating they smelt some danger. And then, what we witnessed was something unimaginable. Now, there was another animal on the kill site. Within seconds, the mother leopard took this new intruder by surprise. She growled at this invader with a frightening sound.

Now, seeing the danger abated, we came out of the shelter and under the torch light, we could clearly recognize this intruder, a fully-grown up *striped hyaena*. The hyaena dragged back its feet, emitting displeasure vocalization for being denied the feast on the carcass. The leopard mother pushed the scavenger several feet till it took a U-turn and then vanished in the *jungle*. The mother came back to the cubs, who had cuddled each other for fear of attack by the intruder.

Mathuralal suggested me to silently move back to the safety of our tent and we did so, but the big question of problem from the leopard was still alive. After it was confirmed that the leopard had little cubs, who could not survive without the mother's care, capturing and relocating the adult cat could not be a solution as capturing all the three cats in one cage was impractical, owing to limitations of the size of the cage. In the meantime, we had reached our camp, where the tribals were eagerly awaiting us. They too had heard the sounds of vocal infight between leopard and the hyaena. They were much worried about our safety. I narrated them the entire happening. Now, they were insisting on capturing these cats, bringing the cage from *Chittorgarh*, our Division office, at the earliest. I knew any such capturing could be fatal for these little cubs and therefore decided against it, instead, decided to frighten the leopards to leave this area. And this night was most suitable for this action. Mathuralal gladly seconded my plan and within few minutes with our torches and marshals, howling, shouting at the top of our voice, marched towards the kill site and almost charged at these leopards.

The bewildered cats ran for their lives, leaving the carcass, unattended. We continued our drama for quite a while at the site and then came back to the camping site.

Till late hours, the tribals kept regaling us with their own bone-chilling experiences, with leopards and hyaenas in the past.


Some of them agreed with us that the frightened animals may shift their area, bringing peace to these villagers but others did not. After all, it was just a try under the given circumstances. In the morning, we thoroughly inspected the kill site. The carcass, as left last night, was lying at the spot, indicating that neither the leopards nor the hyaena had returned to the site after last night's incidences. I stayed at Saripipali, this night and there came no information about the leopards and calf killings.

The next day, with little satisfaction, I returned back to my headquarters at Deogarh. After 5 days Mathural sent information that the leopard with both cubs was being seen regularly in *Pal*, Forest block, at about 8 kms, further West of Saripipali. Though, it is no distance for leopards, yet for the time being, the problem had been diffused, giving us a huge relief.

In my later career, I had several thrilling encounters with wild animals while managing Wildlife Sanctuaries and National Parks, yet that very special night spent at Barawarda-Saripili in the tent and witnessing scuffle between Leopard and hyaena is unforgettable. Memories of that 'close shave with the mother leopard' in night hours, in that open *jungle* by the side of the dried river, full of boulders and shrubs, gives goose bumps, even today.

**Concluded.**


*rajeshsharma1049@gmail.com*



*Sitamata* Sanctuary is full of Teak forests.

#BRAINPOWER

# Epic Science inside a cubic millimeter of Brain



The latest map contains never-before-seen details of brain structure, including a rare but powerful set of axons, connected by up to 50 synapses. The team also noted oddities in the tissue, such as a small number of axons that formed extensive whorls.

A cubic millimeter of brain tissue may not sound like much. But considering that this tiny square contains 57,000 cells, 230 millimeters of blood vessels, and 150 million synapses, all amounting to 1,400 terabytes of data, Harvard and Google researchers have just accomplished something stupendous.

Led by Jeff Lichtman, Professor of Molecular and Cellular Biology and newly appointed dean of science, the Harvard team helped create the largest 3D brain reconstruction to date, showing in vivid detail each cell and its web of connections, in a piece of temporal cortex about half the size of a rice grain.

The study is the latest development in a nearly 10-year collaboration with scientists at Google Research, combining Lichtman's electron microscopy imaging with AI algorithms to color-code and reconstruct the extremely complex wiring of mammal brains. The paper's three first co-authors are former Harvard postdoc Alexander Shapson-Coe, Michal Januszewski of Google Research, and Harvard postdoc Daniel Berger.

The ultimate goal is to create a comprehensive, high-resolution map of a mouse's neural wiring, which would entail about 1,000 times the amount of data that the group just produced from the 1-cubic-millimeter fragment of human cortex. "The word 'fragment' is ironic," Lichtman said. "A terabyte is, for most people, gigantic, yet, a fragment of a human brain, just a minuscule, teeny-weeny little bit of human brain, is still thousands of terabytes."

The latest map contains never-before-seen details of brain structure, including a rare but powerful set of axons, connected by up to 50 synapses. The team also noted oddities in the tissue, such as a small number of axons that formed extensive whorls. Because the sample was taken from a patient with epilepsy, the researchers don't know whether such formations are pathological or simply rare.


Lichtman's field is connectomics, which seeks to create comprehensive catalogues of brain structure, down to individual cells. Such completed maps would unlock insights into brain function and disease, about which scientists still know very little.

Google's state-of-the-art AI algorithms allow for reconstruction and mapping of brain tissue in three dimensions. The team has also developed a suite of publicly available tools that researchers can use to examine and annotate the connectome.

"Given the enormous investment put into this project, it was important to present the results in a way that anybody else can now go and benefit from them," said Google collaborator, Viren Jain. Next, the team will tackle the mouse hippocampal formation, which is important to neuroscience for its role in memory and neurological disease.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 2.72 करोड़ का डोडा-पोस्त बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

## ट्रक की तलाशी में धागों के बोरों के नीचे 17 क्विंटल डोडा-पोस्त मिला


डोडा-पोस्त तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**तारानगर, (निसं)।** चूरू जिले की साहवा पुलिस ने गुरूवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.72 करोड़ डोडा-पोस्त जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

साहवा कस्बे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डोडा-पोस्त की एक बड़ी खेप पकड़ी। तारानगर पुलिस उप

- **डोडा-पोस्त चितौड़गढ़ के भादसोड़ा से पंजाब के मोगा ले जाया जाना बताया**

अधीक्षक मिनाक्षी ने बताया कि चूरू एस.पी. जय यादव के निर्देशन में नशे के सौदागर व तस्करों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान में साहवा पुलिस ने नोहर रोड़ पर नाकाबन्दी कर रखी थी व हर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी।

इसी दौरान एक ट्रक तारानगर की तरफ से आया रोकने पर चालक व खलाशी घबराये हुए नजर आए व पुलिस को संदिग्ध भी नजर आए। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें धागों के बोरों के नीचे डोडा-पोस्त मिला जिनको जब्त किया व तोलने पर 17 क्विंटल 11 किलोग्राम पाया गया। मौके पर ही चालक पलबिन्दर पुत्र बलवन्त सिंह जटसिख निवासी मजारा साहनेवाला लुधियाना व मंगल पासवान पुत्र रामदेव निवासी मुकन्दरपुर तह. महाराजगंज उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। डीवाईएसपी मिनाक्षी ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि डोडा-पोस्त चितौड़गढ़ के भादसोड़ा से पंजाब के मोगा ले जाया जाना था। पुलिस ने मामला एनडीपीएस में दर्ज कर आगे की जांच प्रारम्भ कर दी है। इसी क्रम में पुलिस ने तारानगर व भालेरी थाना पुलिस ने भी एनडीपीएस मामले में गांजा पकड़ने की कार्यवाही भी की है।

## सर्राफा व्यापारी के साथ लूट

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सर्राफा बाजार दुकान मंगल (बंद) करके हरणी महादेव रोड स्थित लक्ष्मीनगर में अपने घर जा रहे व्यापारी के साथ बुधवार रात लूट हो गई। लुटेरों ने व्यापारी की आंखों में मिर्च डाल दी। उसका स्कूटर लूट कर ले गए। इसमें दुकान की चाबी और डॉक्यूमेंट्स थे। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी सागर के निकट लूट की इस वारदात को अंजाम दिया गया।

कोतवाल राजपाल सिंह ने बताया कि लक्ष्मीनगर निवासी संजय कुमार सोनी पिता बाबू प्रसाद ने एक रिपोर्ट दी जिसमें बताया कि वो बुधवार रात करीब 8:15 बजे भौमियों का रावला सर्राफा बाजार में अपनी दुकान मंगल करके घर के लिए रवाना हुआ था। घर पहुंचने से पहले लगभग 8:30 बजे के आसपास गांधीसागर तालाब के सामने हरणी महादेव रोड से गली में मुड़ते ही हैंडपम्प के पास खड़े कुछ लड़कों ने पीछे से उसके स्कूटर को रोका। उसे धक्का देकर गिरा दिया। जब वो खड़ा हुआ तो उन्होंने उसकी आंखों में मिर्ची फेंक दी, घबराकर उसने वहां से अपने घर की ओर भागकर जान बचाई। जिन लड़कों ने हमला किया, वे पेन्ट शर्ट पहने हुए थे। मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे। घर जाकर बेटे के साथ वापस घटना स्थल पर गाड़ी लेने पहुंचा तो वहां गाड़ी नहीं थी। पुलिस ने पीड़ित को बुधवार देर रात को ही अभय कमांड सेंटर ले जाकर सीसीटीवी फुटेज चेक करवाए। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# अवैध खनन करते जेसीबी सहित चार ट्रैक्टर जब्त

## अवैध खनन के खिलाफ तहसीलदार की बड़ी कार्रवाई


शाहपुरा तहसील के नासरदा ग्राम में तहसीलदार रामकुमार पूनिया ने अवैध खनन पर कार्रवाई की।

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा के जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत के निर्देश पर तहसीलदार रामकुमार पूनिया ने शाहपुरा तहसील के नासरदा ग्राम में तालाब की नाड़ी के यहां मिट्टी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी व चार ट्रैक्टरों को पकड़ा, परंतु राजस्व विभाग की टीम को देखकर अवैध खनन करने वाले मौका पाकर वहां से फरार हो गए। इन पांचों ही वाहनों को फिलहाल नासरदा में ही सुरक्षित रूप से खड़े करवा दिए हैं।

- **खनिज विभाग पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराएगा**

तहसीलदार रामकुमार पूनिया ने बताया कि यह मामला सीधे ही खनिज विभाग से जुड़े होने के कारण इसकी खनिज विभाग के अधिकारियों को मोबाइल से सूचना प्रेषित कर दी है। मौका पर्चा तैयार कर विभाग को अलग से भेजा जा रहा है। अब विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर मौका पर्चा तैयार कर राजस्व विभाग की टीम की रिपोर्ट के आधार पर अवैध खनन के खिलाफ पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज कराकर विभागीय नियमों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे। नासरदा में आज की गई इस कार्रवाई में राजस्व टीम में तहसीलदार रामकुमार पूनिया के अलावा भू अभिलेख निरीक्षक युधिष्ठिर कुमार सनाढ्य, हल्का पटवारी शकील मोहम्मद, मिडोलिया के पटवारी हिम्मत सिंह के अलावा चालक याकूब मौजूद रहे।

# विवाहिता से दुष्कर्म करने का आरोप

**बीकानेर, (निसं)।** विवाहिता को सवाई माधोपुर ले जाकर एक साल तक बंधक बनाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला नोखा पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। इस आशय की रिपोर्ट पीड़िता ने पुलिस थाने में दी है। जिसमें पीड़िता ने अपने पिता व भाई पर भी शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

- **पीड़िता ने अपने पिता व भाई पर भी शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास का आरोप लगाया**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विवाहिता का नाबालिग उम्र में विवाह हो गया था तथा वर्ष 2012 में उसका गौणा हुआ था। गौणा होने के बाद वह अपने ससुराल में रहने लगी। आरोप है कि जहां दहेज के लिए पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी, देवर व ननदें उसके साथ मारपीट करते थे। नगदी व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर ससुराल वालों ने उसको धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। उसके बाद वह अपने पिता के घर आ गई तथा भाई के साथ जीवन-यापन करने लगी। आरोप है कि पिता व भाई ने उसको वापस ससुराल भेजने के लिए दबाव बनाया तथा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। जब उसने इसका विरोध किया तो पिता व भाई ने उसको घर से बाहर निकाल दिया। ऐसे में वह अपने ससुराल के बस स्टैण्ड पर खड़ी रो रही थी। इतने में वहां एक युवक आया और उसने रोने का कारण पूछा। आरोप है कि उसके बाद युवक ने उसको पीने के लिए शीतल पेय पदार्थ दिया। उसके बाद वह बेहोश हो गई। आरोप है कि युवक उसको अपनी कार से सवाई माधोपुर लेकर गया। जहां उसके साथ आरोपी ने शारीरिक संबंध स्थापित किए। आरोप है कि आरोपी ने उसको वहां एक वर्ष तक बंदी बनाए रखा। किंतु जब मौका मिला तो वह उसके चंगुल से निकल भागी। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पीड़िता को नारी निकेतन भेज दिया।

## बजरी सप्लाई करते टैक्टर-ट्रॉली जब्त

**अजमेर, (कासं)।** पुष्कर पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते अवैध बजरी सप्लाई करते पांच टैक्टर ट्रॉली को बरामद किया है। जिसमे दो टैक्टर बिना नंबर के चल रहे थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस शरण कांबले गोपीनाथ के नेतृत्व में बनी टीम के सहयोग से टैक्टर ट्रॉली को अवैध बजरी सप्लाई करते धर दबोचा गया। कांबले ने बताया कि पांच टैक्टर ट्रॉली को बजरी सहित जब्त कर खान व भू विज्ञान विभाग के खनन अभियंता को सूचित कर दिया गया है।

# नकदी सहित लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान से 32 हजार रुपये की नकदी व लाखों रुपये के सोने-चांदी जेवरात चुरा लिये। वारदात के दौरान ही गृहस्वामी का बेटा घर पहुंच गया। बाइक की आवाज सुनकर चोर, घर से निकला और पड़ौसी के घर से होकर भागने लगा। करीब आधा किमी तक युवक ने चोर का पीछा किया, तभी चोर ने उसे चाकू दिखाकर डरा दिया, जिससे वह उसे नहीं पकड़ पाया। इस चोरी के बाद कस्बे के लोगों में दहशत है।

- **वारदात के दौरान ही गृहस्वामी का बेटा घर पहुंचा, आधा किमी तक चोर का पीछा किया**

करेड़ा पुलिस ने बताया कि कस्बा निवासी सुनील पुत्र प्रभुलाल आचार्य ने रात्रि जागरण होने से रात दस बजे खेत पर गया था, जबकि उसके माता-पिता ननिहाल गये थे। पीछे घर सूना था। रात करीब 11.30 बजे सुनील घर पर आया तो उसे कमरे की लाईट बंद नजर आई। घर में किसी के घुसने की शंका होने पर सुनील घर पहुंचा। उसकी बाइक की आवाज सुनकर चोर, उसके मकान से निकल कर पड़ौसी घनश्याम आचार्य के मकान में कूदा। सुनील ने उसका करीब आधा किमी दूरी तक पीछा किया। चोर के हाथ में एक पीले रंग की थेली थी, जिसमें परिवादी के घर से चुराई नकदी व जेवरात थे। सुनील को पीछा करता देखकर चोर ने उसे दूर से चाकू दिखाया, जिससे वह डरकर वहीं रुक गया। वहीं चोर भी वहां से निकल गया। सुनील ने घर जाकर सार-संभाल की तो दोनों कमरों के ताले टूटे हुये थे। बक्से के 5 लॉक भी टूटे मिले। बक्से में रखा सोने का नेकलैस 3 तोला, सोने की अंगूठी 5 ग्राम, सोने की चेन वजन 1.5 तोला, चांदी के पायजैब 2 जोड़ी 750 ग्राम, चांदी के 10-12 सिक्के व 32 हजार रूपये की नकदी गायब मिली।

# सब्जी मंडी को अन्यत्र स्थान पर संचालित किये जाने पर सब्जी विक्रेताओं में रोष


सब्जी मंडी को अन्यत्र स्थान पर संचालित किए जाने की कोशिश से सब्जी विक्रेताओं में रोष का माहौल है।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अजमेर पुलिया के निकट एक अरसे से संचालित हो रही सब्जी मंडी को अन्यत्र स्थान पर संचालित किए जाने की कोशिश और पुलिस के ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने की कवायद के बाद सब्जी विक्रेताओं में रोष का माहौल है। मंडी में आने वाले वाहनों को पुलिस के द्वारा रोके जाने के विरोध में किसानों ने अपने वाहन कलेक्ट्री ले जाकर खड़े कर दिए। आक्रोश बढ़ता देख पुलिस ने कलेक्ट्री के मुख्य द्वार पर हल्का बल प्रयोग भी किया और चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार अजमेर पुलिया के नीचे सब्जी बेचने के लिए बाहर से आने वाले वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा देने से विवाद खड़ा हो गया है। वाहन चालक सब्जी विक्रेताओं को साथ लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के लिए जाना चाहते थे, लेकिन विक्रेता तैयार नहीं थे। इस बात को लेकर उनके बीच कहासुनी और मारपीट भी हुई है। कुछ समय के लिए पुलिया पर जाम लग गया। इसके बाद बाहर से सब्जी लेकर आने वाले सभी वाहन कलेक्ट्री पहुंचे और वहां वाहनों को खड़ा कर दिया है। वहीं सब्जी मंडी में दुर्गा लाल नामक युवक के साथ मारपीट भी हुई है जिससे विक्रेताओं में नाराजगी है। अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्री पर सब्जी विक्रेताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। गहमागहमी के बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर कुछ किसानों को हिरासत में लेकर फिलहाल प्रदर्शन को शांत करवाया। पुलिस ने हंगामा करने वाले विकास, राजेंद्र, रतन और दशरथ को शांतिभग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

- **मंडी आने वाले वाहनों को पुलिस द्वारा रोके जाने के विरोध में किसान अपने वाहन कलेक्ट्री ले गये**
- **आक्रोश बढ़ता देख पुलिस ने कलेक्ट्री के मुख्य द्वार पर हल्का बल प्रयोग भी किया और चार लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया**

## एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाले गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** अलवर में व्यापारियों से रंगदारी मांगने वाली हरियाणा की गैंग के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आनंद शर्मा जिला पुलिस अधीक्षक अलवर ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना शिवाजी पार्क ईलाका में स्थित सांई लीला रेस्टोरेन्ट सांई लीला पर एक करोड़ रूपये की रंगदारी मांगने के लिए हुए हवाई फायरिंग की घटना में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं आसूचना संकलन कर थानाधिकारी उद्योगनगर मय डीएसटी टीम द्वारा दोनों आरोपियों गिरफ्तार किया गया है। पुलिस रिमाण्ड पर चल रहे आरोपियों से घटना के संबंध में अनुसंधान जारी है। वर्ष 2023 में ओल्ड राव होटल अलवर पर हुई फायरिंग एवं 50 लाख रूपये की रंगदारी के मामले में भी पूर्व में मोनू की गिरफ्तारी हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों में मोनू जाट निवासी तिरपडी थाना फरूखनगर गुडगांव एवं जतिन जाट निवासी धारूहेडा रेवाडी के रहने वाले हैं।

# आर.पी.एस.सी. ने डमी अभ्यर्थी पकड़ा

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में डमी व फर्जी अभ्यर्थी के पकड़े जाने का मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ में आयोग की ओर से वर्ष 2022 में हुए सीनियर टीचर एग्जाम में फर्जी कैंडिडेट को परीक्षा दिलाने का मामला सामने आया है। आयोग के अनुभाग अधिकारी नमन शर्मा ने 15 मई को देर रात 10.48 बजे अजमेर के सिविल लाइन्स थाने में मामला दर्ज कराया। कैंडिडेट ने अपनी जगह किसी और से एग्जाम दिलवाया लेकिन, फोटो का मिलान नहीं हुआ तो फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने जीरो नम्बर एफआईआर दर्ज की है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी छोटेलाल के अनुसारए आयोग के अनुभाग अधिकारी नमन शर्मा ने एफआईआर में बताया कि सीनियर टीचर (संस्कृत शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा-2022 के लिए अभ्यर्थी रामलाल मीणा निवासी टोंक ने सामाजिक विज्ञान में ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद आयोग ने 12 फरवरी 2023 को सामान्य ज्ञान और 13 फरवरी को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की। रामलाल का सेंटर टोंक के सुभाष बाजार में राजकीय दरबार सीनियर सैकंडरी स्कूल में आया था।

आयोग के अनुभाग अधिकारी नमन शर्मा ने बताया कि रामलाल परीक्षा में पास भी हो गया। आयोग ने 13 से 17 मई को लिस्ट डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए 13 से 17 मई को कैंडिडेट्स को बुलाया था। अभ्यर्थी टोंक उनियारा बिलोटा निवासी रामलाल मीणा 15 मई को डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए आरपीएससी आया था। इस दौरान जांच में सामने आया कि रामलाल की एग्जाम सेंटर पर अटेंडेंस शीट में लगी फोटो और एप्लिकेशन फॉर्म पर लगी फोटो अलग-अलग थी। इससे साबित हुआ कि रामलाल ने परीक्षा किसी और से दिलवाई थी। आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा-2022 के लिए अभ्यर्थी रामलाल मीणा ने सामाजिक विज्ञान में ऑनलाइन आवेदन किया। आयोग ने 12 फरवरी 2023 को सामान्य ज्ञान और 13 फरवरी को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की।

# पाक जाने वाला पानी इस बार गंगनहर को मिलेगा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** बारिश के मौसम में हुसैनीवाला हैडवर्क्स से पाकिस्तान जाने वाला पानी इस बार गंगनहर के अलावा पंजाब की मुख्य ईस्टर्न कैनाल को भी मिलेगा। पंजाब जल संसाधन विभाग ने इसके लिए हुसैनीवाला हैडवर्क्स से निकाली गई पुरानी बीकानेर कैनाल की साफ-सफाई करवाई है। नहर के तल और दोनों किनारों पर खड़े झाड़ झखाड़ को भी मशीनों की मदद से उखाड़ दिया गया है। बारिश के मौसम में सतलुज और व्यास नदियों का पानी बड़ी मात्रा में हरिके हैडवर्क्स से हुसैनीवाला हैडवर्क्स होते हुए पाकिस्तान जाता है। हरिके हैडवर्क्स से निकलने वाली इंदिरा गांधी नहर और फिरोजपुर फीडर के क्षतिग्रस्त होने से इनकी जल ग्रहण क्षमता घटी है। ऐसे में इन नहरों में पानी लेने की बजाय हरिके हैडवर्क्स से पानी डाउन स्ट्रीम में हुसैनीवाला हैडवर्क्स की तरफ छोड़ दिया जाता है जो बाद में पाकिस्तान चला जाता है।

पुरानी बीकानेर कैनाल पर चल रहे साफ-सफाई के काम का निरीक्षण करने गए गंगनहर प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविन्द्र सिंह गिल ने बताया कि हुसैनीवाला हैडवर्क्स से आरडी 45 तक पुरानी बीकानेर कैनाल के तल की सफाई का काम पूरा हो चुका है। बारिश के मौसम में पुरानी बीकानेर कैनाल में 1500 से 2000 क्यूसेक पानी लिया जा सकेगा। पाकिस्तान जाने वाले इस पानी को आरडी 45 पर गंगनहर और पंजाब की मुख्य ईस्टर्न कैनाल को दिया जाएगा। किस नहर को कितना पानी देना है, यह पंजाब तय करेगा। किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुभाष सहगल ने बताया कि पुरानी बीकानेर कैनाल की जल ग्रहण क्षमता 2700 क्यूसेक है। इसमें 3000 क्यूसेक तक पानी लिया जा सकता है। सहगल ने बताया कि इस योजना से राजस्थान और पंजाब दोनों राज्यों के किसानों को फायदा होगा।

पिछले साल बारिश के दिनों में हरिके हैडवर्क्स से ज्यादा पानी आने से हुसैनीवाला हैडवर्क्स के गेट का बेड क्षतिग्रस्त हो गया था। पानी की आवक ज्यादा होने से क्षतिग्रस्त बेड की मरम्मत नहीं हो पाई थी। पंजाब जल संसाधन विभाग ने अब पानी की आवक कम होने पर क्षतिग्रस्त बेड की मरम्मत करवा दी है। गंगनहर प्रोजेक्ट के चेयरमैन गिल ने बताया कि पुरानी बीकानेर कैनाल का निरीक्षण करते समय उनकी पंजाब जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से आरडी 45 से खखां हैड तक गंगनहर पर बर्म कटिंग का काम करने के बारे में बात हुई है। इस काम के लिए पंजाब को भुगतान कर दिया जाएगा। जरूरत पडने पर चलती नहर में बर्म कटिंग का काम करने वाली मशीनें भी उपलब्ध करवा दी जाएगी।

## नदी में डूबने से चाचा भतीजे की मौत

**करौली, (निसं)।** बहन के घर धार्मिक कार्यक्रम में आए चाचा-भतीजा सपोटरा के हाड़ौती क्षेत्र में बहने वाली बनास नदी में डूब गए। सूचना पर सपोटरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे दोनों युवकों को पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक दोनों की मौत हो गई।

सपोटरा थानाधिकारी अनिल कुमार गौतम ने बताया कि बजीरपुर थाना क्षेत्र मीणा बड़ौदा निवासी प्रहलाद (26) पुत्र रामकुमार महावर और गोलू (16) पुत्र उदयसिंह महावर बुधवार को हाड़ौती में अपनी बहन के घर किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। इस दौरान बनास नदी में नहाने चले गए। युवकों को तैरना नहीं आने के कारण पानी में डूबने लगे। इस दौरान उनके साथ नहा रहा शिवम 12 घर की ओर भागा और लोगों को उनके डूबने की सूचना दी।

सूचना पर नदी किनारे बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। जब तक पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों को बाहर निकाला तब तक दोनों की मौत हो गई। चाचा मजदूरी करता था और भतीजा पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने मृतक चाचा-भतीजे के शव राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाड़ौती की मोर्चरी में रखवाए और परिजनों के पहुंचने पर मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनो के सुपुर्द कर दिये।

# युवक की हत्या के मामले में पांच जने गिरफ्तार, एक नाबालिग निरूद्ध

## युवक की हत्या इसलिए की थी, क्योंकि वह हथकढ़ शराब बनाने वालों को जानता था


झुंझुनूं एसपी राजर्षि राज वर्मा ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं के सूरजगढ़ थाना इलाके के गांव बलौदा में दो दिन पहले युवक का मर्डर कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया है। आरोपियों ने युवक की हत्या इसलिए की थी क्योंकि वह हथकढ़ शराब बनाने वालों को जानता था। आरोपी उसके जरिए उन लोगों तक पहुंचना चाहते थे।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि मर्डर केस में दीपेंद्र उर्फ चिंटू, प्रवीण कुमार उर्फ पीके, सुभाष उर्फ चिन्टू, सतीश उर्फ सुख निवासी बलौदा, प्रवीण उर्फ बाबा निवासी उरीका थाना सूरजगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आदतन बदमाश हैं। इनमें चार आरोपियों के खिलाफ पहले से मारपीट, आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। दीपेंद्र उर्फ चिंटू सूरजगढ़ थाना का हिस्ट्रीशीटर है। एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि आरोपियों ने बलौदा निवासी रामेश्वर वाल्मीकि (27) के साथ मारपीट की। इसके बाद उसे हरियाणा के सतनाली में निजी अस्पताल भी लेकर गए थे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उसके बाद बदमाश कैंपर गाड़ी में युवक को मृत अवस्था में घर पर पटककर फरार हो गए थे।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने युवक की हत्या ठेके पर हथकढ़ शराब के कारण पड़ रहे असर के कारण की गई। रामेश्वर उनके ठेके से शराब नहीं खरीदता था। यह बात आरोपियों को खटक रही थी। मंगलवार को आरोपियों ने रामेश्वर का घर के बाहर से अपहरण किया और गांव की एक हवेली में बंधक बनाकर लाठी-डंडों से पीटा। फिर मृत अवस्था में युवक को घर पर पटक गए थे। इस संबंध में मृतक के बडे भाई कालूराम ने सूरजगढ़ थाना में मामला दर्ज करवाया था। आरोपियों का सूरजगढ़ के बलौदा गांव में शराब का ठेका है। बलौदा में बड़े पैमाने पर हथकढ़ शराब तैयार होने पर ठेके की ब्रिकी पर असर पड़ रहा था। रामेश्वर हथकढ़ शराब से जुडे लोगों के संपर्क में था। आरोपी उसके जरिए हथकढ़ शराब से जुड़े लोगों तक पहुंचकर उनका कारोबार खत्म करना चाह रहे थे। इसलिए युवक को डराने धमकाने के लिए उसका अपहरण कर मारपीट की थी। लेकिन ज्यादा चोट आने से रामेश्वर की मौत हो गई।

- **आरोपी उसके जरिए हथकढ़ शराब से जुड़े लोगों तक पहुंचकर उनका कारोबार खत्म करना चाह रहे थे**
- **सूरजगढ़ थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने 48 घण्टे में आरोपियों को गिरफ्तार किया**

## संक्षिप्त

### आज दो घंटे बिजली बंद रहेगी

**निवाई,** (निसं)। शहर में शुक्रवार को 2 घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता शहर प्रथम लक्की गोठवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन व रिको से निकलने वाली 11 केवी सुशील व दशहरा मैदान फीडर पर मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते सुबह 7 से 9 बजे तक कीर कॉलोनी, मालियों का मोहल्ला, राधेविहार कॉलोनी, गणेश नगर, ग्रीनपार्क, दशहरा मैदान, वनस्थली मोड, महाराजपुरा व श्रीराम कॉलोनी सहित आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

### बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**निवाई,** ( निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई के प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी की पहल पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए जिससे इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। प्रधानाचार्य चौधरी ने समस्त शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी को इस तरह के पुनीत कार्यों में पक्षियों के बचाव और पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य करने चाहिए जिससे बेजुबान पक्षियों को इस भीषण गर्मी से बचाया जा सके। इस अवसर पर सभी शिक्षक व छात्र-छात्राए मौजूद रहे।

### बजरी परिवहन मामले में दो वाहन जब्त

**निवाई,** (निसं)। निवाई थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। चालक मौके से फरार हो गया। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान मासी नदी के तन में गांव रम्भा में अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली आती हुई दिखाई दी। ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को देखकर ट्रैक्टर को भगाया जिससे ट्रॉली पलट गई। चालक ट्रैक्टर को खडा कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त करके थाने में खडा करवा दिया। इसी प्रकार बरोनी थाना पुलिस ने भी गांव बोरखंडी खुर्द से अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है।

### महाविद्यालय में किया पौधारोपण

**निवाई,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय निवाई में प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन के निर्देशन में गुरूवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के आदेश अनुसार महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन ने बताया कि वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में पौधारोपण कराया गया साथ ही पौधों की सुरक्षा व देखभाल की शपथ भी छात्राओं को दिलाई गई। वहीं स्वयं सेवकों को राष्ट्र सेवा की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. मीनाक्षी बघेल, प्रो. मदनमोहन महावर, प्रो. उषा बागडी व प्रो. अजयकुमार मीना सहित कई स्वयं सेवक मौजूद रहे।

### कुंए में गिरने से विवाहिता की मौत

**मालपुरा,** ( निसं)। डिग्गी थाना क्षेत्र के गरजेडा गांव में गुरूवार की दोपहर को बकरियां चरा रही एक विवाहिता की कुंऐ में गिरने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों से जानकारी मिलने पर सामने आया कि गरजेडा निवासी बीना पत्नि शंकर लाल बैरवा जो कि गुरूवार को बकरियां लेकर जंगल मे गई थी। दोपहर मे पास ही खेत मे पीने के लिये पानी निकालने के दौरान असंतुलित हो कुंऐ मे गिर गई। दोपहर मे आसपास अन्य खेतो मे पशु चरा रहे चरवाहे कुंऐ के पास ओढनी व अन्य कपडे देख कुंऐ मे देखा तो एक महिला का शव तैर रहा था। ग्रामीणो ने डिग्गी थाना पुलिस को सुचना दी। शव को बाहर निकाल उसकी पहचान मृतक बीना बैरवा के रूप मे की गई। ससुराल व पीहर पक्ष के लोगों की मौजूदगी मे पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया।

### ट्रेन की चपेट में आये ट्रेन मैनेजर की मौत

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा जंक्शन के रेलवे ट्रैक पर गुरुवार दोपहर को ट्रेन की चपेट में आने से एक ट्रेन मैनेजर की दर्दनाक मौत हो गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए जीआरपी थानाधिकारी गुलज़ारी लाल ने बताया कि मृतक ट्रेन मैनेजर महेन्द्र कुमार लोढा उम्र 45 वर्ष कोटा का निवासी था और ड्यूटी मुख्यालय आबूरोड था। जो कि घटना के समय ऑन ड्यूटी पर था और फुलेरा से गाडी ले कर जाने वाला था। घटना की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। फिलहाल शव को अस्थाई मोर्चरी में रखवाया गया है।

# सात दिन में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**किशनगढबास,** (निसं)। खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम पुलिस थाना क्षेत्र के संजय कुमार ब्लाइंड मर्डर मामले में पुलिस की स्पेशल गठित टीम ने साइबर सेल के सुनील कुमार की तकनीकी सूचना के आधार पर 7 दिन में मामले का खुलासा करते हुए हन्नु की ढाणी कोटकासिम के एक ही परिवार के चार सगे भाइयों को युवक संजय कुमार की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

कोटकासिम पुलिस थाना इंचार्ज नंदलाल व डीएसटी टीम प्रभारी राकेश कुमार ने बताया है कि युवक संजय कुमार के ब्लाइंड मर्डर मामले में पकडे गए हन्नु की ढाणी कोटकासिम के एक ही परिवार के प्रीतम सिंह कश्मीर सिंह हरपाल सिंह संदीप सिंह पुत्र हरनाम सिंह ने युवक संजय कुमार का गला दबाकर हत्या करके मृतक युवक की लाश व मोटरसाइकिल को ट्रैक्टर में पटककर जंगल में फैंक आने के जुर्म को पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया है। पुलिस ने बताया कि मृतक संजय कुमार की 11 मई को खेड़ी गांव के



साइबर सेल की तकनीकी सहायता से पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

जंगल के एक खेत में संदिग्ध लाश व कुछ दूरी पर मोटरसाइकिल मिलने पर परिजनों ने हत्या का संदेह व्यक्त करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ कोटकासिम पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस थाना कोटकासिम की विशेष गठित डीएसटी व साइबर सेल टीम ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए साइबर सेल तकनीकी साक्ष्य जुटाए और आरोपियों तक पहुंचे टीम के सदस्य मुकेश कुमार बृजेश कुमार की सूचना पर कोटकासिम थाना इंचार्ज नंदलाल

- चार सगे भाइयों ने आपसी रंजिश के चलते युवक की गला दबाकर की थी हत्या

व डीएसटी प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों के घर पहुंचकर दबीश की करवाई आरोपियों को गिरफ्तार किया।

युवक संजय कुमार ब्लाइंड मर्डर मामले में पकडे गए आरोपियों ने पुलिस को बताया की घटना के दिन मृतक संजय के घर के पीछे बैठकर प्रीतम कश्मीर सिंह ने शराब पी। इस दौरान युवक संजय से गाली गलौज हुई और कश्मीर के थप्पड मार दिया। इससे कुछ दिन पूर्व भी संजय ने शराब पीकर खेत में काम कर रही उनकी बहन की तरफ खड़ा होकर पेशाब किया था। घटना के दिन ही संजय ने आरोपियों की मां व बहन के साथ गाली गलौज की जिस पर झगड़ा हुआ और संजय का गला दबाकर हत्या कर दी।

## 113 संभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया

**कोटपूतली,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड व गाइड जिला मुख्यालय कोटपूतली के तत्वाधान में एवं स्थानीय संघ कोटपूतली के सौजन्य से सात दिवसीय स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स व डीएलएड स्काउट ग्रुप प्रशिक्षण शिविर का सर्वधर्म प्रार्थना के साथ समापन हुआ। सात दिवसीय इस स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स में विभिन्न राजकीय विद्यालयों में कार्यरत 33 संभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं डीएलएड ग्रुप प्रशिक्षण शिविर में लगभग 80 संभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्थानीय संघ कोटपूतली के सचिव हंसराज यादव ने बताया कि इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पायनियरिंग, प्राथमिक सहायता, कला कौशल, समाज सेवा, जंगलों का ज्ञान, ध्वज शिष्टाचार सहित अनेक विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर संचालक प्यारेलाल महला ने बताया कि शिविर का जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, जिला जनसंपर्क अधिकारी नितिन कुमार ने निरीक्षण किया और शिविर की प्रशंसा की। समापन समारोह में सचिव हंसराज यादव ने समस्त स्काउट मास्टर, प्रशिक्षक दल और संभागियों का आभार प्रदर्शन किया।

# त्रिवेणीधाम में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर हमसफर बने

**शाहपुरा,** (निसं)। धार्मिक तीर्थ स्थल त्रिवेणीधाम में गुरूवार को जानकी नवमी पर श्रीयादे प्रजापति सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान में खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदास महाराज के सान्निध्य में भामाशाह धर्मपाल ठेकेदार के मुख्य आतिथ्य एवं समिति अध्यक्ष श्यामसुंदर प्रजापति की अध्यक्षता में 11वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। सामूहिक विवाह सम्मेलन में हजारों समाजबंधुओं की मौजूदगी में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर जीवन के हमसफर बने।

सम्मेलन में मनोहरपुर नगरपालिका चेयरमैन सुनीता प्रजापत, रामस्वरूप जलिन्द्रा, मक्खनलाल खरकड़ी, महेंद्र, दादर डूंगरी समिति अध्यक्ष कालूराम, चौमू छात्रावास समिति अध्यक्ष गोपाल खाटूवाल, डा.भोमराज कुमावत, गंगाराम, कम्पाउंडर ओमप्रकाश कुम्हार, किरण देवी विशिष्ट अतिथि रहे। सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों का श्रीयादे माता का दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। श्रीयादे प्रजापति सामूहिक



वर वधु को मंच पर बुलाकर श्रीयादे माता की तस्वीर देकर सम्मान कर अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

विवाह समिति के कोषाध्यक्ष गोपाल कुम्हार, सचिव प्रभुदयाल मास्टर ने बताया कि सुबह गुर्जर धर्मशाला में सियाला कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके बाद दुल्हों को घोड़ी पर बैठाकर बैंडबाजे के साथ बारात निकाली गई। इस दौरान बाराती नाचते हुए चले। बारात के यादव धर्मशाला में पहुंचने पर तोरण व वरमाला की रस्म निभाई गई। इसके बाद विद्वान पंडितों ने पाणिग्रहण संस्कार करवा वर वधु को परिणय सूत्र में बांधा। कार्यक्रम में हजारों समाजबंधुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष गिरधारीलाल, जमनलाल, लीलाराम, बाबूलाल, लक्ष्मीनारायण, मूलचंद, गणपतलाल, रामस्वरूप, बसंतलाल, नागरमल, खेमचंद, ग्यारसीलाल, गीगराज, रामचंद्र, मुकेश प्रजापत सहित कई पदाधिकारी व समाजबंधु व्यवस्था में जुटे रहे। इस दौरान अल्पाहार व सामूहिक भोज का कार्यक्रम

- श्रीयादे प्रजापति सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान में 11वां सम्मेलन आयोजित

आयोजित हुआ।

समिति संरक्षक सुबेसिंह, बनवारीलाल, रघुनाथ ने बताया कि समिति की ओर से वर वधु को बैड, आभूषण, बर्तन आदि सामान उपहार स्वरूप भेंट किया। वही भामाशाहों ने आलमारी, सिलाई मशीन, एलईडी टीवी, कूलर, पंखा, मिक्सर, बर्तन, कंबल, कुर्सी, हाथ घड़ी, दीवार घड़ी, थर्मस, बाटी कूकर, सहित विभिन्न प्रकार का सामान व बड़ी संख्या में महिलाओं ने कन्यादान स्वरूप प्रत्येक जोड़े को एक-एक साड़ी प्रदान की गई। सम्मेलन के दौरान रामलीला भवन में वर वधु को मंच पर बुलाकर श्रीयादे माता की तस्वीर देकर सम्मान कर अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# माली समाज के निर्विरोध अध्यक्ष बने तेजकरण सैनी

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में पिछले दिनों से चल रही माली सैनी समाज के अध्यक्ष पद हेतु चुनावी सरगर्मीया बुधवार को सहसा थम सी गई। जहां अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी पूर्व पार्षद सुरेश सांखला ने अपना नामांकन समाज हित में वापिस ले लिया।

- समाज हित में पूर्व पार्षद सुरेश सांखला ने लिया नामांकन वापिस

जब समाज के प्रबुद्धजनों को इसकी सूचना मिली तो सभी एकजुट होकर वार्ड नम्बर 10 स्थित माली सैनी समाज भवन पहुंचे और सभी ने पार्षद सुरेश सांखला का माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। पूर्व पार्षद सुरेश सांखला ने निर्वाचन विभाग से अपना नामांकन वापिस ले लिया। इसके चलते निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राहुल सैनी ने तेजकरण सैनी को निर्विरोध रूप से माली सैनी समाज का अध्यक्ष घोषित किया। सांयकाल को निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राहुल सैनी ने निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष तेजकरण सैनी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। फिर सांखला ने समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष तेजकरण सैनी का माला और साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तो वहीं त्याग और समर्पण की मिशाल बने पूर्व पार्षद सांखला का भी माली सैनी समाज के प्रबुद्धजनों ने माला और साफा पहनाकर सम्मान किया।

पूर्व पार्षद सांखला ने कहा कि समाज की एकता को कायम रखने के लिए और समाज को जोडने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूंगा। इसी क्रम में निर्विरोध निर्वाचित हुए अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने कहा कि समाज को संगठित रखने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। इसके बाद सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महन्त भंवर लाल, महन्त सत्यनारायण महाराज, रामपाल महाराज, रामजीलाल पापटवान, भागचन्द सिंगोदिया, रामजीलाल तुंदवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पार्षद अमर चन्द सैनी, पूजा भाटी, बिरदी चन्द माली, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शिवचरण सैनी, पूर्व पार्षद भंवर लाल मालाकार, शेषनारायण सैनी, श्याम लाल सैनी, गणेश सैनी, राजेन्द्र गढवाल, रामकृष्ण सैनी, सत्यनारायण सैनी, कृष्णा सैनी, पांचूराम सतरावला, रामलाल सैनी, गणेश सैनी, मीनू सैनी, राजेन्द्र सैनी, दयानन्द सैनी, बजरंग सैनी, बिट्टू सैनी, रमेश सांखला, लेखराज सैनी, मुकेश सैनी, सत्यनारायण महावर, रवि,शंकर, कैलाश गढवाल, राजेश, देवेन्द्र गढवाल, कुलदीप, पुखराज सैनी, निरंजन सैनी, बाबूलाल अजमेरा, केदार सैनी, प्रेम सैनी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## संयुक्त निदेशक ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

**कोटपूतली,** (निसं)। संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें जयपुर जोन डॉ. नरोत्तम शर्मा द्वारा गुरूवार को राजकीय सरदार जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने गर्मी को देखते हुये चिकित्सालय परिसर में पक्षियों के लिये पानी के परिण्डे लगाये।

वार्डो का निरीक्षण कर वार्डो में कूलर, पंखे की व्यवस्था करने एवं इनको साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिये। चिकित्सा संस्थान पर पेयजल की व्यवस्था, लू-तापघात को देखते हुये आवश्यक दवा यां रखने के निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही चिकित्सालय में आये मरीजों एवं आमजन को समझाते हुये कहा कि व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटाये एवं कपड़ो को ढीला कर दें, पेय पदार्थ जैसे छाछ, कच्चे आम का पानी आदि पिलायें, शरीर का तापमान बढऩे पर ठण्डे पानी की पट्यि सिर पर रखें, लू या तापघात से प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर चिकित्सकीय पदामर्श दिलावें। निरीक्षण

- चिकित्सालय परिसर में पक्षियों के लिये लगाये पानी के परिण्डे
- वार्डों में कूलर, पंखे की व्यवस्था करने एवं इनको साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिये

के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। इस दौरान कोटपूतली-बहरोड़ सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, पूर्व सीएमएचओ डॉ. निर्मल कुमार जैन, बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर, डीपीएम अखिलेश शर्मा, डीएनओ रविकान्त जांगिड़, जिला आ सी कोर्डिनेट कपिल, आयुष्मान कॉर्डिनेटर यतेन्द्र, प्रशांत शर्मा, बीपीएम विजय तिवाड़ी, महावीर चौधरी, मनोज कुमार गुर्जर, महेन्द्र कुमार स्वामी, राजवीर गुर्जर समेत स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### 41 छात्राओं को दी निःशुल्क साइकिल



**निवाई,** (निसं)। शहीद देवालाल गुर्जर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जौला में एसडीएमसी, एसएमसी व विद्यालय परिवार एवं संस्था प्रधान लक्ष्मणलाल मीणा ने छात्राओं को निःशुल्क साइकिले वितरण की गई। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत 41 बालिकाओं को साइकिलं वितरण की गई। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष मौजी राम चौधरी विधायक प्रतिनिधि रामविलास गुर्जर एसएमसी सदस्य नरपतसिंह राजावत, रामेश्वर वर्मा, सचिव हनुमानप्रसाद बैरवा, बद्रीलाल जाट, रामप्रसाद गुर्जर, रामस्वरूप वर्मा, सुरेश गुर्जर, सीमा गोयल, रजनी बंसीवाल सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

### मंदिर से चांदी का छत्र चोरी

**निवाई,** (निसं)। ग्राम पंचायत गुंसी के गांव कनेसर में बुधवार की शाम अज्ञात चोर बालाजी के मंदिर से चांदी का छत्र चुराकर ले गए। ग्रामीण सुरेंद्र यादव, रामदयाल यादव, राजेश कनेसर एवं रामराय यादव ने निवाई सदर थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ गुरुवार को चोरी का मामला दर्ज करवाया है। मामले में ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात चोर बुधवार को दोपहर एक बजे से शाम छ बजे के बीच गांव के बालाजी मंदिर में बालाजी की प्रतिमा से चांदी का छत्र चुराकर ले गए। चोर मंदिर के मुख्य गेट पर लगे ताले को तोडकर मंदिर में घुस गए और चोरी की घटना कारित की। शाम को मंदिर के पुजारी कृष्णमुरारी शर्मा मंदिर में दीपक जलाने आए तब उन्हें चोरी होने का पता लगा। इस दौरान पुजारी की सूचना पर ग्रामीण मौके पर इकट्ठे हो गए और घटना की जानकारी सदर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस घटनस्था पर पहुंची और मौका मुआयना किया। ग्रामीणों ने चोरी की घटना का अतिशीघ्र खुलासा नहीं करने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### तनिष्का जैन का सम्मान किया

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे की सांभर बाईपास रोड स्थित आहूजा शोरूम पर एक सम्मान समारोह दीपक आहूजा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी मुकेश गगरानी एवं विशिष्ट अतिथि संजीव गुप्ता,अमित राणा थे। समारोह के प्रारंभ में हाल में जारी हुए सीबीएसई के बोर्ड परीक्षा परिणाम में केंद्रीय विद्यालय की कक्षा 10 वीं की छात्रा तनिष्का जैन पुत्री विजय जैन निवासी गणगौरी बाजार ने उच्च अंक लाने पर उसका भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुकेश गगरानी ने अनुशासन व दिनचर्या का महत्व बताते हुए निरंतर अपने लक्ष्य की ओर अठासर होने की प्रेरणा दी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि संजीव गुप्ता ने कहा कि इस तरह से प्रतिभाओं का सम्मान किया जाना आवश्यक है। इससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है और दूसरों को अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान भवानी प्रसाद,रूपेश सहित अन्य काफी लोग मौजूद थे।

### पेंशनर समाज की मासिक बैठक संपन्न

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा सभागार में राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक वरिष्ठ पेंशनर शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनर के विभिन्न मुद्दों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में पुरजोर रूप से मांग उठाई गई कि आर जी एच एस योजना में पेंशनर्स को पूर्व में मिल रही कुछ आवश्यक दवाइयों को सरकार द्वारा बन्द कर दिया फलस्वरूप वो दवाईयां पेंशनर्स को ऊंची कीमतों पर स्वयं के खर्चे से खरीदनी पड़ रही है। जो पेंशनर्स पर एक अतिरिक्त भार है। उक्त प्रतिबंध को हटाने के लिए एक पत्र प्रांत को प्रेषित किया जाएगा। उक्त योजना में अधिकृत मेडिकल स्टोर्स को दवाइयों का समय पर नियमित भुगतान किया जाए ताकि पेंशनर्स को दवाइयों की सप्लाई में अवरोध उत्पन्न ना हो। पेंशनर्स के लंबित प्रकरणों का निस्तारण करवाने के लिए एक शिष्ट मंडल समय समय पर उच्च अधिकारियों से वार्ता करेगा। साथ ही राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी चिकित्सालय में पेंशनर्स को प्राथमिकता प्रदान की जाए और उनके लिए अलग से काउंटर संचालित किया जाए। इस हेतु भी सी एम एच ओ को पत्र प्रेषित किया जाएगा । साथ ही समाज और नैतिक उत्थान के विषय को भी लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर काफी तादाद में पेंशनर्स मौजूद रहे। अंत में शक्ति सिंह ने सभी का आभार जताया।

### रेणु सैनी का किया स्वागत

**कोटपूतली,** (निसं)। आदर्श सैनी समाज द्वारा सैनी विकास संगठन के जिलाध्यक्ष बबलू बबेरवाल के नेतृत्व में कॉमेडियन कलाकार कोटपूतली की बेटी रेणु सैनी का माला व महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। उल्लेखनीय है कि रेणु सैनी पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष भैरूराम सैनी की पौत्री व रामौतार मिस्त्री की पुत्री है। इस दौरान बाबूलाल सैनी, रामस्वरूप सैनी, पवन सैनी, सुभाष जमालपुरिया, रामजीलाल सैनी, गंगाराम सैनी, प्रहलाद सैनी, रामरतन सैनी, नीलम सैनी, पूनम सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी व रतिराम सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दस वर्षों से फरार स्थाई वारन्टी गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने एक मामले में दस वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ मोहर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर फरार चल रहे स्थाई वारन्टियों को गिरफ्तार करने हेतु एएसपी नेमसिंह के सुपरविजन, डीएसपी राजेन्द्र सिंह बुरडक के निर्देशन में एसएचओ मोहर सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों ने दस वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी प्रदीप (44) पुत्र बद्री प्रसाद खाती की निजामपुर (महेन्द्रगढ) हरियाणा स्थित उसके गांव तलोट में तलाश की गई। जहां पता चला कि फरार वारंटी अब जयपुर में रहता है। इस पर पुलिस टीम ने जयपुर के करदनी विहार से स्थाई वारंटी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है।

# कलेक्टर के निरीक्षण में डॉक्टर सहित 8 स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित, नोटिस जारी

**तिजारा/खैरथल,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने गुरुवार को सीएचसी तिजारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर अनुपस्थित मिले 8 डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है वहीं वार्ड में गंदगी मिलने पर वार्ड प्रभारी को फटकार लगाई और सफाई कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने मरीज व उनके साथ आए परिजनों से अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार तथा सरकार से मिलने वाली दवाई को लेकर जानकारी ली जिला कलेक्टर ने अस्पताल कंपाउंड में वाहन इधर-उधर खडे होने पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी अधिकारी को सुनियोजित तरीके से पार्किंग करवाने के निर्देश दिए। लेबर



तिजारा अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंची कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने वार्ड में गंदगी मिलने पर प्रभारी डॉक्टर पर नाराजगी जताई।

वार्ड की सभी नर्स से प्रसव कराने के उपरांत साफ सफाई के तरीकों की जानकारी ली व संतुष्ट जवाब मिलने पर उन्होंने सभी नर्स की प्रशंसा भी की। जनरल वार्ड में साफ सफाई न मिलने पर वार्ड प्रभारी को फटकार लगाई और तुरंत सफाई कराने के लिए कहा। अस्पताल के उपकरणों का निरीक्षण किया अस्पताल में काम कर रहे कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- मरीज व आए परिजनों से अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार तथा दवाई की जानकारी ली

जिला कलेक्टर ने इमरजेंसी वार्ड के गेट पर बने रैंप पर रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन आकाश के तहत बनाए गए एमएनटीसी वार्ड का निरीक्षण किया व इलाज किए जा रहे बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर उनको दिए जा रहे आहार के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा व अवलोकन किया। उन्होंने लैब में की जा रही विडाल, टीवी, सीबीसी सहित विभिन्न जांच की जानकारी ली। हीट वेव, मौसमी बीमारी के कारण भर्ती मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के लिए पहुंची जिला कलेक्टर ने अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों एवं स्टाफ को अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए और भर्ती मरीजों को प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई से असंतुष्ट होते हुए नियमित रूप से साफ सफाई एवं ब्लीचिंग का छिड़काव करने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने उपखंड कार्यालय व उपकारागार का किया निरीक्षण

**कोटपूतली,** (निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को बहरोड स्थिति उपकारागार, उपखंड कार्यालय व बहरोड उपखंड में पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही जिला कलेक्टर अग्रवाल ने बहरोड उपकारागार का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने जेल की समस्त बैरकों को खंगाला और बंदियों से बातचीत की। इस दौरान पुलिस जाप्ते ने जेल की सघन तलाशी ली। निरीक्षण के इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जिला कलक्टर ने अलग-अलग बैरक का निरीक्षण किया और यहां मौजूद बंदियों से बात कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने बंदियों की संख्या, उनकी समस्याएं, बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के इलाज तथा जेल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया।

इसी क्रम में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जहां उपखण्ड कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का गहनता से निरीक्षण किया वही उपखण्ड अधिकारी को राजस्व मामलों को प्राथमिकता के आधार पर नियमित सुनवाई करते हुए निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होने उपखण्ड कार्यालय के राजस्व, स्थापना, न्यायालय, सम्पर्क प्रकरण, भूमि आवंटन प्रकरण पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने मुआवजे के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने उपखण्ड कार्यालय के विभिन्न दस्तावेजों की जांच और रखरखाव की व्यवस्था की जांच की। उन्होंने सभी राजकीय कार्यालयों में ई-फाइलिंग पर जोर देते हुए कहा कि अब सभी कार्यालय में सभी प्रकार की फाइलें ई-फाइलिंग के माध्यम से ही स्वीकार की जाए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतीं जाए।



धोनी अभी कुछ और साल आईपीएल खेल सकते हैं। धोनी बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह कैंप में भी बहुत जल्दी आ जाते हैं और अभ्यास के दौरान भी गेंदों को काफी अच्छे से हिट कर रहे हैं। - माइकल हसी

सीएसके के बल्लेबाजी कोच, धोनी के बारे में कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — परवेज खान



**परवेज खान** ने अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने अमेरिका में कॉलेजिएट एथलेटिक्स चैंपियनशिप एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में 1500 मीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया है। परवेज हरियाणा के नूंह जिले चाहल्का गांव के रहने वाले हैं, जो इन स्कॉलरशिप पर अमेरिका गए हुए हैं। उनकी दौड़ देखकर हर कोई हैरान है। जिसमें वह बहुत ही आसानी के साथ इस दौड़ में बाकी प्रतिभागियों से बड़ा अंतर बना चुके थे। उनकी इस दौड़ का वीडियो देखकर आनंद महिंद्रा भी हैरान रह गए हैं। इस दौड़ की जीत का वीडियो खूब वायरल हुआ है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

# सनराइजर्स पर बारिश मेहरबान, प्लेऑफ में क्वालीफाई किया



## गुजरात-हैदराबाद मैच बारिश के कारण रद्द

हैदराबाद, 16 मई। आईपीएल-2024 में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। हैदराबाद में गुरुवार शाम से रात तक बारिश होती रही। ऐसे में अंपायर्स ने दोनों कप्तानों से चर्चा कर मैच रद्द करने का फैसला किया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। इसी के साथ सनराइजर्स की टीम मौजूदा सीजन के प्लेऑफ में पहुंच गई है। हैदराबाद प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी। अब टीम 19 मई को पहले मैच में पंजाब को हराकर 17 अंक तक ही पहुंच सकती है। दूसरी ओर, गुजरात का लगातार दूसरा मैच बारिश में धुला है। गुजरात 14 मैचों के बाद 12 अंक तक ही पहुंच सकी है। पिछली बार टीम प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई थी, जबकि कोलकाता को प्लेऑफ का टिकट मिला था।

# सुनील छेत्री 6 जून को विश्वकप 'क्वालीफाइंग मैच' के बाद लेंगे संन्यास

नई दिल्ली, 16 मई। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने छह जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

छेत्री (39) फुटबॉल के दो दशक लंबे अपने शानदार करियर को अलविदा कहेंगे। भारतीय कप्तान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा, "कुवैत के



खिलाफ मैच आखिरी होगा।" भारत वर्तमान में चार अंकों के साथ ग्रुप 'ए' में शीर्ष पर चल रहे कतर के बाद दूसरे स्थान पर है।

छेत्री ने मार्च में भारत के लिए गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ अपना 150वां मैच खेला था। उस मैच में उन्होंने गोल भी दागा था। हालांकि, भारत वह मैच 1-2 से हार गया था। छेत्री ने 2005 में अपने करियर की शुरुआत की थी। देश के लिए अभी तक उन्होंने 94 गोल किए हैं।


# जीत के साथ विदा लेना चाहेंगे मुंबई और लखनऊ

मुंबई, 16 मई। आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रनरेट भी खराब हो गया। केकेआर से 98 रन से हार के बाद उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने दस विकेट से और दिल्ली कैपिटल्स ने 19 रन से हराया।

सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0. 787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का रनरेट 0. 387 है। पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा।

बल्लेबाजों ने पूरी तरह निराश किया तो गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह (13 मैचों में 20 विकेट)दूसरे गेंदबाजों को अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रेरित नहीं कर सके। इस मैच में फोकस विश्व कप टीम में शामिल पंड्या, रोहित , बुमराह और सूर्यकुमार यादव पर रहेगा। रोहित पिछली छह पारियों में नाकाम रहे हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 19 रन रहा। वहीं पंड्या भी हरफनमौला की भूमिका बखूबी नहीं निभा सके। सूर्यकुमार यादव ने तीन अर्धशतक और एक शतक जमाकर आत्मविश्वास हासिल किया है। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136 . 36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाये। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा।

## ओलंपिक संघ ट्रॉयल की तारीख, समय, स्थल, प्रारूप की घोषणा करें : विनेश



नई दिल्ली, 16 मई। पेरिस ओलंपिक के लिए केवल तीन महीने बचे हैं तो स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से ट्रायल का स्थान और प्रारूप, इसका समय, तारीख की घोषणा करने का आग्रह किया है। महिला पहलवानों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध प्रदर्शन में अहम रहीं विनेश ने पिछले महीने बिश्केक में 50 किग्रा ओलंपिक कोटा जीता था, लेकिन नियमों के अनुसार अंतिम टीम की घोषणा से पहले उन्हें ट्रायल से गुजरना होगा। अब तक पांच भारतीय महिलाओं ने पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया है और केवल एक पुरुष पहलवान अमन सहरावत को ही वैश्विक प्रतियोगिता का टिकट मिला है। विनेश ने एक्स पर लिखा, "पेरिस ओलंपिक में केवल तीन महीने रह गये हैं, इसके बावजूद भारतीय कुश्ती महासंघ ने अभी तक आधिकारिक ट्रायल की तारीख, समय और स्थान सहित प्रारूप की घोषणा नहीं की है। " उन्होंने कहा, "यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सभी महासंघों ने दिसंबर 2023 में या जनवरी 2024 में क्वालीफिकेशन और स्पष्ट प्रारूप की घोषणा कर दी थी। " उन्होंने कहा, "मैं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, आईओए, भारतीय कुश्ती महासंघ से अनुरोध करती हूं कि वे इस मामले को प्राथमिकता दें और तुरंत आधिकारिक तौर पर ट्रायल की तारीख, समय, स्थान और सटीक प्रारूप की घोषणा करें।

## श्रीलंका में मैच फिक्सिंग के आरोपों को लेकर भारतीय नागरिकों का पासपोर्ट जब्त करने के आदेश

कोलंबो, 16 मई। श्रीलंका की एक अदालत ने अमान्य लीजैंड्स क्रिकेट लीग के दौरान मैच फिक्सिंग को लेकर भारतीय नागरिकों योनी पटेल और पी आकाश के पासपोर्ट जब्त करने के आदेश दिये हैं। दोनों इस समय जमानत पर हैं। इन पर आठ से 19 मार्च तक कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम पर खेली गई लीग में मैच फिक्स करने की कोशिश का आरोप है। राजस्थान किंग्स ने फाइनल में न्यूयॉर्क सुपर स्ट्राइकर्स को हराया था। पटेल कैंडी स्वैंप आर्मी टीम के मालिक हैं। श्रीलंका के पूर्व वनडे कप्तान और राष्ट्रीय चयन समिति के मौजूदा अध्यक्ष उपुल थरंगा और न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर नील ब्रूम ने श्रीलंका के खेल मंत्रालय की विशेष जांच ईकाई से कहा कि इन दोनों ने लीग में खराब प्रदर्शन के जरिये मैच फिक्स करने के लिये उनसे संपर्क किया था। पटेल और आकाश जांच पूरी होने तक श्रीलंका छोड़कर नहीं जा सकते। इस लीग को आईसीसी का श्रीलंका क्रिकेट से मान्यता नहीं मिली है।

## निखत, मीनाक्षी, अनामिका व मनीषा फाइनल में

कजाकिस्तान, 16 मई। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने गुरुवार को यहां एलोर्डा कप 2024 में कजाकिस्तान की टोमिरिस मिर्ज़ाकुल पर 5-0 से सनसनीखेज जीत दर्ज कर महिलाओं के 52 किग्रा फाइनल में प्रवेश कर लिया। निखत के अलावा मीनाक्षी (48 किग्रा), अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) ने भी आसान जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। मीनाक्षी और मनीषा ने अपने सेमीफाइनल में समान दबदबे वाला प्रदर्शन करते हुए क्रमश: कजाख मुक्केबाज गुलनाज बुरीबायेवा और तंगतर असेम के खिलाफ 5-0 से सर्वसम्मति से जीत हासिल की। दूसरी ओर, अनामिका को विजयी घोषित किया गया क्योंकि उनकी प्रतिद्वंद्वी कजाकिस्तान की गुलनार तुरापबे को तीन चेतावनियों के बाद अत्यधिक होल्डिंग के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इस बीच, सोनू (63 किग्रा) और मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा) ने अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में विपरीत हार के बाद कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया। सोनू ने उज्बेकिस्तान की ज़ीदा याराशेवा के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी, लेकिन 2-3 के स्कोर के साथ हार गई, जबकि मंजू बम्बोरिया को चीन की लियू यांग के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

# देश के लिए एक दिन ओलिंपिक का स्वर्ण पदक जीतूंगा : प्रिंस दीप सिंह

नयी दिल्ली, 16 मई। इस महीने आखिर में अपने यूरोप दौरे की तैयारी कर रही भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने कहा कि उनका सपना भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का है।

रोहित के नेतृत्व में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। प्रिंस दीप सिंह बीस खिलाड़ियों की भारतीय टीम का हिस्सा है। पंजाब के पठानकोट जिले की एक साधारण परिवार से आने वाले प्रिंस दीप सिंह ने वर्ष 2016 में पहली बार हॉकी स्टिक उठाई थी।

प्रिंस दीप ने कहा, "फिलहाल, मैं जूनियर स्तर पर देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं और जब भी मौका मिले टूर्नामेंट जीतने के लिये जी जान लगाना चाहता हूं और फिर सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं। मैं एक दिन भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं। यही मेरा सपना



है।" उन्होंने कहा, "मैंने टीवी पर भारतीय टीम को खेलते हुए देखा और विशेष रूप से मैं पीआर श्रीजेश के खेल का मुरीद थे। इससे मुझे इस खेल के प्रति ललक लगी। जैसे ही मैंने अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए इसका आनंद लेना शुरू किया, उसके बाद मैं इस खेल की गहराई तक पहुचने के लिए एक अकादमी में चला गया।"

प्रिंस दीप सिंह धीरे-धीरे रैंक में आगे बढ़े और ग्वालियर में हुए पांचवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने से पहले दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी नेशनल चैंपियनशिप 2022 में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी का प्रतिनिधित्व किया। जहां मध्य प्रदेश उनकी टीम ने कांस्य पदक जीता।

उन्होंने ओडिशा के राउरकेला में जून 2023 में हुई 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हॉकी पंजाब का भी प्रतिनिधित्व किया। टीम हालाँकि पांचवें स्थान पर रही। प्रिंस दीप ने टूर्नामेंट के दौरान और साल भर अन्य घरेलू टूर्नामेंटों में अपने गोलकीपिंग कौशल से चयनकर्ताओं पर अपनी छाप छोड़ी, इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में प्रिंस दीप को 40 सदस्यीय जूनियर पुरुष टीम का हिस्सा बनाया गया। शिविर के दौरान अपने अनुभव पर उन्होंने कहा, "मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। देश के सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ियों में शामिल होने से आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। मैंने प्रत्येक अभ्यास सत्र के साथ बेहतर होने पर काम किया और इससे शिविर में शामिल सभी लोगों को मुझे प्रेरित करने में मदद मिली।"

## बंगदर्शन ने शक्ति को 2-1 से हराया

नयी दिल्ली, 16 मई। डीएसए ए डिवीजन लीग में गुरुवार को बंगदर्शन फुटबाल एसोसिएशन ने शक्ति फुटबाल क्लब को 2-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। नेहरू स्टेडियम में खेले गए संघर्षपूर्ण मुकाबले में विजेता टीम के लिए अनुज चौघरी और कुशाग्र रस्तोगी ने गोल किए, जबकि पराजित टीम का गोल बदलू खिलाड़ी तोषिक सिंह के नाम रहा। बंगदर्शन ने अधिकांश समय खेल पर पकड़ बनाए रखी लेकिन अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों ने आसान मौकों पर गलत निशाने लगाए। शक्ति के गोल कीपर तुषार चोपड़ा ने कुछ अच्छे बचाव कर हार का अंतर बढ़ने नहीं दिया। महेंद्र, हिमांशु और कप्तान आशु नैथानी के प्रयासों पर उसने दूरदर्शिता दिलाई। प्रतिद्वंद्वी टीम के गोली आयुष राय को बहुत अधिक मशक्त नहीं करनी पड़ी। मजबूत रक्षापंक्ति ने अपना काम बखूबी निभाया।

### बेंगलुरू और चेन्नई के बीच 18 तारीख का महत्व

## सीएसके के नाम जीत का रिकॉर्ड तो आग उगलता है कोहली का बल्ला

चेन्नई, 16 मई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के समाप्त होने में अब बस कुछ ही दिन शेष हैं। लेकिन उससे पहले प्लेऑफ की जंग अभी भी जारी है। 18 मई यानी शनिवार को आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला होगा, ये मुकाबला दोनों के बीच प्लेऑफ के टिकट के लिए होगा। सबसे दिलचस्प बात इस मुकाबले की ये है कि ये 18 मई को खेला जाएगा। ये तारीख आईपीएल इतिहास में आरसीबी के लिए बेहद खास रही है। इस तारीख में आरसीबी ने कोई भी मैच नहीं गंवाया है।

दरअसल, 18 मई को इससे पहले आरसीबी ने चार आईपीएल मैच खेले हैं और चारों में उसे जीत हासिल हुई है। 18 मई को आरसीबी ने दो बार को सीएसके को ही मात दी है, जबकि एक बार पंजाब किंग्स को हराया है और एक बार सनराइजर्स हैदराबाद को।

इसके अलावा ये तारीख विराट कोहली के लिए भी बेहद अहम है। इन चारों मैचों में कोहली का प्रदर्शन ऐसा रहा है जिसे सुनकर आपको हैरानी होगी। विराट कोहली ने इन चार मैचों में एक पचासा लगाया है, जबकि दो शतक भी ठोके हैं। 18 मई 2016 को जब आरसीबी ने पंजाब किंग्स को डकवर्थ लुइस मेथड से 82 रनों से हराया था तो उस समय विराट कोहली ही मैन ऑफ द मैच बने थे। इसके बाद आईपीएल 2023 में 18 मई को आरसीबी ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराया था, तब विराट ने शतक जड़ा था।

वहीं आईपीएल 2013 में इसी दिन पर आरसीबी ने सीएसके को 24 रनों से हराया था। तब भी मैन ऑफ द मैच विराट कोहली ही बने थे, जिन्होंने 29 गेंदों पर नॉटआउट 56 रन बनाए थे। बारिश के कारण तब मैच आठ-आठ ओवर का हुआ था। इसके बाद 2014 में भी आरसीबी ने एक गेंद शेष रहते करीबी मैच में चेन्नई को पांच विकेट से हराया था।

## श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ वनडे और टी-20 खेलेगी

कोलंबो, 16 मई। श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ 15 से 28 जून तक तीन एकदिवीसय और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगी। 20 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले टी-20 एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर इस श्रृंखला को महत्वपूर्ण माना जा रहा। मार्च और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के उनके सफल दौरे के बाद इस वर्ष यह श्रीलंका की महिला टीम की दूसरी द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला होगी। श्रीलंका की टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरे पर जायेगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने हाल ही में पाकिस्तान का एक महीने का दौरा पूरा किया जहां उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 2017 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली गई थीं, जहां वेस्टइंडीज ने टी-20 और एकदिवसीय दोनों में श्रीलंका का सूपड़ा साफ कर दिया था। एकदिवसीय श्रृंखला 15 से 21 जून तक गॉले में खेली जाएगी और यह आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है। जो 2025 एकदिवसीय विश्व कप के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। वेस्टइंडीज इस समय महिला चैम्पियनशिप अंक तालिका में सातवें और श्रीलंका आठवें स्थान पर है।

# चिराग-सात्विक की जोड़ी थाईलैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल में



बैंकॉक, 16 मई। भारतीय शटलर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की शीर्ष वरीयता प्राप्त युगल जोड़ी ने गुरुवार को थाईलैंड ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के जी-जेंग की जोड़ी को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

आज यहां खेले जा रहे इस सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने 38 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जी-जेंग की जोड़ी को 21-16, 21-11 से हराया। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पहले गेम में जबरदस्त शुरुआत की और जी-जेंग की जोड़ी पर 6-1 की बढ़ त बना ली। चीन की जोड़ी ने वापसी का प्रयास किया लेकिन भारतीय जोड़ी ने अपनी बढ़त को बढ़ ाकर 11-4 कर दिया। इसके बाद जी-जेंग ने अच्छी वापसी की लेकिन भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 21-16 से जीत लिया।

दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी हावी रहीं और जी-जेग की जोड़ी पर 21-11 से आसान जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में जगह बना ली। क्वार्टरफाइनल में भारतीय बैडमिंटन जोड़ी मलेशिया के आरिफ जुनैदी और याप रॉय किंग से मुकाबला करेंगे।

वहीं, दिन की शुरुआत में भारत के युवा शटलर मीराबा मैसनाम ने पुरुष एकल के राउंड ऑफ 16 में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफर्सन को 50 मिनट तक चले मैच में 21-14, 22-20 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज मैसनाम ने पहले राउंड में हमवतन शटलर और इस प्रतियोगिता के पांचवी वरीयता प्राप्त एचएस प्रणॉय को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। अश्मिता चालिहा के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद महिला एकल में भारत का अभियान समाप्त हो गया। हालांकि, 51वीं रैंकिंग वाली भारतीय शटलर ने विश्व नंबर 7 हान यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन 48 मिनट तक चले मैच में उन्हें 15-21, 21-12, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

पेरिस 2024 ओलंपिक में जगह बना चुकी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने भी अगले राउंड में जगह बना ली। उन्होंने चीनी ताइपे की एन-ज़ू और लिन यू-पी को 21-19, 21-17 से हराया। भारतीय जोड़ी को इस टूर्नामेंट में चौथी वरीयता प्राप्त है और उन्हें पहले राउंड में बाई मिला था।


मिश्रित युगल में सतीश कुमार करुणाकर और आद्या वरियाथ की जोड़ी को इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पिठा हनिंगट्ययास मेंटारी से 19-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ भारतीय जोड़ी का इस प्रतियोगिता में सफर समाप्त हो गया।

महिला युगल के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी को जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त रिन इवांगा और काई नाकानिशी की जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 16-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# मनिका बत्रा, शरत ओलंपिक टीम डेब्यू में भारत का करेंगे नेतृत्व

नई दिल्ली, 16 मई। शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमश: भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया।

इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में 'वैकल्पिक खिलाड़ी' जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के



आधार पर लिया गया है। वर्ष 2004 में ओलंपिक पदार्पण करने वाले 41 वर्षीय शरत का यहां पांचवां और अंतिम ओलंपिक होगा। टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन टीटीएफआई के पहले से निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया था। तीन खिलाड़ियों का चयन पिछले कुछ समय में उनके प्रदर्शन की निरंतरता और विश्व रैंकिंग के अनुसार 'स्वत:' हुआ। हालांकि महिला टीम की तीसरी खिलाड़ी को लेकर बहस चल रही थी।

मनिका और श्रीजा अकुला अपनी उच्च विश्व रैंकिंग (शीर्ष 50 के अंदर) के आधार पर टीम का हिस्सा बनीं जबकि अर्चना (103) ने तीसरे खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह बनाई। बेंगलुरू की अर्चना ने अपनी रैंकिंग सहित कई मामलों में आयहिका (133) को पीछे छोड़ दिया। पुरुष टीम में 40वीं विश्व रैंकिंग के साथ शरत का चयन शीर्ष भारतीय खिलाड़ी के रूप में स्वत: हुआ जबकि हरमीत (63) और मानव (62) की विश्व रैंकिंग में सिर्फ एक नंबर का अंतर है।

## पीजीडीएवी कॉलेज ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

नयी दिल्ली, 16 मई। अमित रावत के शानदार खेल से पीजीडीएवी कॉलेज ने मोतीलाल नेहरू कॉलेज सांध्य को 2-1 से हरा कर प्रथम मोतीलाल नेहरू मेमोरियल इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। आज यहां मुख्य अतिथि प्रो- बलराम पाणि ने सिक्का उछाल फाइनल मैच की शुरुआत की। पीजीडीएवी कॉलेज ने पहले हाफ में शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए 2 गोल से बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में मोतीलाल नेहरू कॉलेज ने मैच शुरू होते ही गोल दागकर मैच को रोमांचक बना दिया लेकिन पीजीडीएवी कॉलेज के डिफेंडरों ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच 2-1 से जीत लिया। अमित रावत और निशांत ने पीजीडीएवी की ओर से एक-एक गोल मारा तो मोतीलाल नेहरू कॉलेज सांध्य की तरफ़ से चेतन्य आहूजा ने एक गोल मारा। अमित रावत को इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

## नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में लेंगे भाग



भुवनेश्वर, 16 मई। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 28 मई को चेकिया में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट 63वें संस्करण में प्रतिस्पर्धा करेंगे। ओस्ट्रावा में नीरज चोपड़ा को पुरुषों के जैवलिन थ्रो में कठिन चुनौती है। इसमें घरेलू पसंदीदा वाडलेज्च और ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी शामिल हैं। पीटर्स दोहा में वाडलेज्च्च और नीरज के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। नीरज के पिछले साल भी 62वें ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद थी, लेकिन मांसपेशियों में चोट की वजह से उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। वाडलेज्च ने वर्ष 2023 में 81.93 मीटर के थ्रो के साथ गोल्डन स्पाइक पुरुषों का भाला फेंक खिताब जीता था। नीरज, वाडलेज्च और पीटर्स को छोड़कर, कई वैश्विक एथलीट भी इस साल के ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में एक्शन में होंगे। इस सूची में इटली के मार्सेल जैकब्स, मौजूदा 100 मीटर पुरुष ओलंपिक चैंपियन, जियानमार्को ताम्बरी, पुरुषों की हाई जंप में मौजूदा ओलंपिक सह-चैंपियन और स्वीडिश पोल वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस, एक विश्व रिकॉर्ड धारक और टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं। ओस्ट्रावा के बाद नीरज चोपड़ा के यूरोप में 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नीरज पेरिस में होने वाले ओलंपिक में खिताब को डिफेंड करने की राह पर है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को स्व. डॉ. कमला बेनीवाल के मालवीय नगर स्थित निवास पर जाकर उनकी पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 97 वर्षीय डॉ. कमला बेनीवाल का बुधवार को जयपुर में निधन हो गया था। मु.मंत्री ने स्व. डॉ. बेनीवाल के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।

# बीकानेर के 30 हजार बीघा जमीन घोटाले की गहन जांच हो-असोपा

जयपुर/बीकानेर, 16 मई। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं पी.सी.सी. सदस्य सुशील असोपा ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि, पिछले डेढ़ महीने से, बीकानेर जिले में वन विभाग की, सीमावर्ती तहसीलों की 30 हजार बीघा से ज्यादा और अन्य सरकारी जमीन को आराजी राज बनाकर बंदरबांट करने की खबरें बड़े अखबारों में छप रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, बीकानेर जिले से खाद्य मंत्री या बीकानेर के किसी भी भाजपा विधायक का इस मामले में यह बयान नहीं आया कि "हम जांच को जल्दी अंजाम तक पहुंचाएंगे।"

- "इतनी बड़ी जमीन का बंदरबांट राजनीतिक व प्रशासनिक गठजोड़ के बिना नहीं हो सकता।"
- "यह स्कैम बज्जू, पूगल, खाजूवाला, छत्तरगढ़ और लूणकरणसर तक फैला हुआ है, इसकी व्यापक जांच होनी चाहिये।"

असोपा ने कहा कि, "इतना बड़ा जमीन घोटाला बिना राजनैतिक और प्रशासनिक गठजोड़ के हो नहीं सकता और गाज गिराई जा रही है उन पटवारियों पर जो बिना अफसरों के संरक्षण के एक लाइन नहीं लिखते। हो सकता है ये जमीन बड़े लोगों ने बेनामी हड़पी हो जिसमें बड़े अधिकारी और प्रभावशाली लोग शामिल रहे हों।"

असोपा ने मांग की है कि, बज्जू, पूगल, खाजूवाला, छत्तरगढ़ और लूणकरणसर तक फैले हुए इस स्कैम को केवल पूगल, छत्तरगढ़ तक सीमित करने के षड्यंत्र को भी उजागर किया जाना चाहिए और सभी आवंटन रद्द कर बड़े चेहरों को बेनकाब किया जाना चाहिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए कहा है कि, वे भाजपा के प्रचार में इतने मगन हो गए हैं कि, इनको प्रदेश में क्या हो रहा है, वह दिख ही नहीं रहा।

## कुछ ठीक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निष्क्रिय हैं। जिनमें पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक और कुलपति अशोक कुमार मित्तल, प्रख्यात पर्यावरणविद्, बलबीर सिंह सीचवाल, टैक्स्टाइल निर्यातक संजीव अरोड़ा, और "सन ग्रुप" के मालिक विक्रमजीत सिंह सैनी शामिल हैं। अधिकतर सांसदों, जिनमें क्रिकेटर हरभजन सिंह भी शामिल हैं, ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर, या तो मामला न्यायालय के अधीन होने के आधार पर, या फिर इसलिए कि, वो राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेना चाहते, कोई टिप्पणी नहीं की है। मालीवाल विवाद के साथ मिलकर इस स्थिति ने इन अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है कि "आप" उतनी एकजुट और एकरूप पार्टी नहीं है जितनी वह प्रतीत होती है।

## 'ई.डी. किसी भी आरोपी को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में लेने का आदेश देगी, जब ई.डी. कोर्ट को संतुष्ट कर दे कि आरोपी से हिरासत में पूछताछ करना जरूरी है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि, आपराधिक दण्ड संहिता की धारा 70 के अंतर्गत उसी सूरत में गिरफ्तारी का कोई वारंट जारी किया जा सकता है, जबकि, आरोपी ने अदालती सम्मनों का जवाब नहीं दिया हो और पहली बार तो यह वारंट जमानती होना चाहिए।

अपने महत्वपूर्ण फैसले में शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि, जो आरोपी कोर्ट के सम्मनों का उत्तर दिए जाने से पहले गिरफ्तार नहीं किए जाते हैं ऐसे आपोरियों को अपनी जमानत के लिए पी.एम.एल.ए. में वर्णित कठोर "ट्विन टैस्ट" में खरा उतरना होगा।

ट्विन टैस्ट के अनुसार, मनी लॉन्डरिंग के आरोपी की जमानत तभी स्वीकार की जा सकेगी, जबकि कोर्ट को यह संतुष्टि हो जाए कि, कथित आरोपी दोषी नहीं है और उसके द्वारा इसी तरह का या अन्य अपराध करने की आशंका नहीं है।

इस फैसले की विशेष पृष्ठभूमि में मनी लॉन्डरिंग का एक केस है, जिसमें आरोपी को एक विशेष अदालत के समक्ष तलब किया गया था। उस समय प्रश्न यह था कि, यदि विशेष अदालत ने कथित अपराध का संज्ञान लिया है तो क्या उस स्थिति में भी आरोपी को अपनी जमानत के लिए "ट्विन टैस्ट" से गुजरना होगा?

शीर्ष अदालत ने इस मामले में गत 30 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

शीर्ष अदालत द्वारा एक याचिका को खारिज किए जाने के दो महीने बाद आज यह ऐतिहासिक फैसला दिया गया है।

उक्त याचिका में पूर्व के उस फैसले पर "रिव्यू" का अनुरोध किया गया था, जिसमें कहा गया था कि, "बिना अपवाद के" ई.डी. को आरोपी को गिरफ्तार करने का आधार लिखित में बताना होगा। पहले के फैसले में यह भी कहा गया था कि, निर्णय में ऐसी कोई त्रुटि नहीं है जिस पर पुनर्विचार करना हो।

फिर, कोर्ट ने यह टिप्पणी की थी कि, "धारा-50 के अंतर्गत जारी सम्मनों पर किसी गवाह का असहयोग ही धारा-19 के तहत उसकी गिरफ्तारी का पर्याप्त आधार नहीं है।

## '80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में भी, टी.डी.पी. सुप्रीमो चन्द्रबाबू नायडू को भरोसा है कि, वो जगन मोहन रेड्डी से सत्ता छीन लेंगे। तथापि, सत्ताधारी मुख्यमंत्री रेड्डी ने भी पूर्ण भरोसा जताया कि, वाय.एस.आर.सी.पी. पुनः चुनाव जीतने वाली है और पुनः सरकार का गठन करेगी।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को चुनाव प्रबंधन एजेन्सी के कार्यकर्ताओं की टीम से मुलाकात की, और उन्हें शानदार कार्य करने क लिए धन्यवाद दिया और कहा, उनके योगदान के फलस्वरूप शीघ्र बड़ी जीत प्राप्त होगी।

विजयवाड़ा में मुख्यमंत्री स्वयं चुनाव प्रबंधन कंपनी के कार्यालय गए और उन्होंने अधिकारिक विजय से पूर्व ही अग्रिम रूप से जीत का "जश्न" मनाया।

उन्होंने कहा, जब हम कह रहे थे कि, वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में हम 150 सीटों पर जीत प्राप्त करेंगे, तो हम पर कोई विश्वास नहीं कर रहा था, परन्तु जब चुनावों का परिणाम आया तो मेरी बात बिल्कुल सही साबित हुई, और कुल 175 विधानसभा सीटों में से 151 पर पार्टी ने जीत दर्ज की। टी.डी.पी. को उस चुनाव में मात्र 23 विधानसभा सीटें प्राप्त हुई थीं।

जगन मोहन रेड्डी ने अपनी पार्टी के लिए कार्य करने वाली टीम के कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए कहा, "इस बार लोक सभा चुनावों में हम पहले से अधिक सीटें जीतेंगे।"

रेड्डी ने कहा कि, "इस बार के चुनावों में हम हमारी पिछली 2019 की जीत का रिकॉर्ड तोड़ने वाले हैं और 4 जून को जब चुनावों के परिणाम घोषित किए जाएंगे, सारा देश आंध्र प्रदेश के चुनाव परिणामों को देखेगा"। रेड्डी ने उनकी पार्टी के लिए काम करने वाली आई.पी.ए.सी. के सदस्यों को उनके कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

परन्तु इस उत्साह से भी ज्यादा, तेलुगू देशम पार्टी के खेमे में उत्सव जैसा माहौल था। भाजपा के महासचिव अरूण सिंह, जो आंध्र प्रदेश में पार्टी के चुनाव प्रभारी भी हैं, ने कहा कि, इस बार नायडू जीतकर वापस आएंगे क्योंकि जनता ने जगन मोहन रेड्डी के कुशासन के खिलाफ वोट दिया है।

अरूण सिंह ने कहा कि "टी.डी.पी.-भाजपा-जन सेना पार्टी के गठबंधन ने जमीनी पकड़ बनाई और प्रधानमंत्री ने अपने प्रभाव से चुनाव को गठबंधन के पक्ष में कर दिया। सिंह ने यह भी कहा कि, जब 4 जून को वोटों की गणना की जाएगी तो हमारा गठबंधन विधानसभा चुनावों के साथ ही लोकसभा के चुनावों में एकतरफा बड़ी जीत दर्ज करेगा। मुझे नहीं लगता कि, वाय.एस.आर. कांग्रेस संसदीय चुनावों में एक या दो सीटों से अधिक जीत पाएगी।"

सिंह ने कहा कि, इसका कारण सरकार विरोधी लहर है तथा जनता ने सत्ताधारी पार्टी के विरूद्ध अपने गुस्से का इज़हार मतदान बूथ में किया है, इसके बावजूद कि, चुनावों में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया है।

## बीसलपुर बांध में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पालन किया जा रहा है और किसी भी नियम के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही की जाये।

एन.जी.टी. ने अपने आदेश में यह भी कहा कि, जब तक ई.आर.सी. पी.सी.एल. उक्त क्षेत्र में तब तक डीसिल्टिंग की अनुमति नहीं दे सकती, जब तक निविदाधारक पर्यावरणीय नियम 2006 के अन्तर्गत पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्राप्त नहीं कर लेते।

उल्लेखनीय है कि एन.जी.टी. के आदेश को मै.एन.जी.गढिया ने 24 नवंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और वहीं ई.आर.सी. पी.सी.एल. ने भी 11 दिसम्बर, यानी मुख्यमंत्री के शपथ लेने से एक दिन पूर्व, उक्त मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। परंतु सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत ना मिलने के कारण राजस्थान स्टेट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एन.जी.टी. के आदेश पर कार्यवाही करते हुए निविदाधारक कंपनी के टैंडर के कार्य शुरू करने के आवेदन को अस्वीकार कर दिया।

## चुनाव आयोग ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वस्तुओं के अलावा कुछ भी नहीं मिला।

कुछ ही दिन पहले, राउत ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिंदे कई बैग लेकर आए थे और उनमें चुनाव के दौरान वितरित करने के लिये पैसे भरे थे। उन्होंने शिंदे के बैगों की जांच नहीं करने के लिये पुलिस और चुनाव अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया, जबकि मुख्यमंत्री सिर्फ एक दिन के दौरे पर थे। राउत के आरोपों पर पलटवार करते हुये शिवसेना (शिंदे) विधायक संजय शिरसाट ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया।

## स्लोवाकिया के प्र.मंत्री को...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गया। पुलिस ने हैंडलोवा में कल्चर हाउस के सामने के इलाके को सील कर दिया है।

फिको को गोली लगने के बाद हेलीकॉप्टर से बंस्का बायस्ट्रिका के एक अस्पताल ले जाया गया। गोलीबारी के बाद स्लोवाकिया और विदेशों के राजनेताओं ने हमले की निंदा की।

स्लोवाकिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने गोलीबारी को स्लोवाक लोकतंत्र के लिए एक अभूतपूर्व खतरा बताया। पेलेग्रिनी जून में पदभार ग्रहण करेंगे।

पेलेग्रिनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं इस बात से भयभीत हूं कि एक अलग राजनीतिक राय के प्रति नफरत का परिणाम क्या हो सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्लोवाकिया में लोकतांत्रिक और कानूनी रूप से असहमति व्यक्त करने के कई तरीके हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदान केंद्रों का उपयोग करने के बजाय हिंसा का सहारा लेने से पिछले 31 वर्षों में हुई प्रगति को खतरा है। संसदीय उपाध्यक्ष पीटर ज़िगा ने संसद में एक प्रेस वार्ता में कहा, मैं सशस्त्र हमले को स्लोवाक लोकतंत्र के सिद्धांतों पर हमले के रूप में देखता हूं।

## 'ममता ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इंडिया गठबंधन की ओर बढ़ रहे हैं। किस बात ने उन्हें गठबंधन छोड़ने के लिए प्रेरित किया? यह आज तक उन्होंने स्पष्ट नहीं किया? अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के पक्ष में बनते माहौल और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इसका समर्थन कर रही हैं। चौधरी की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब एक दिन पहले बनर्जी ने कहा था कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए बाहर से 'इंडिया' गठबंधन का समर्थन करेगी।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908